e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 10, अंक 337

बुधवार

13.12.2023

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

अपने जीवन में चमत्कार होने का इंतजार मत करो, प्रयास करो और खुद एक चमत्कार बन जाओ।

## क्विक न्यूज

### पलामू के डाकघरों में लटके ताले



**मेदिनीनगर :** अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ की अनिश्चितकालीन हड़ताल मंगलवार से शुरू हो गई। केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर 9 सूत्री मांगों को लेकर पलामू के 1200 ग्रामीण डाक सेवक काम बंद कर हड़ताल पर चले गए हैं, जिसके चलते जिले के सभी ग्रामीण डाकघर में ताले लटक रहे हैं। ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। रुपए के लेनदेन, चिट्ठी, आधार कार्ड, वोटर पहचान पत्र, इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक आदि डाक कार्य बाधित है। प्रधान डाकघर में मुख्य रूप से अध्यक्ष विनोद पांडे, सचिव अजय कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष सोहन गुप्ता सहित अन्य कर्मी अपनी मांगों के समर्थन में धरना देते नजर आए। छतरपुर में भी ग्रामीण डाक सेवकों ने अपनी मांगों के समर्थन में धरना दिया और जल्द पूरी करने का आग्रह किया। धरना के माध्यम से ग्रामीण डाक सेवकों ने नौ सूत्री मांगों ग्रामीण डाक सेवकों को आठ घंटे का काम और पेंशन सहित सभी लाभ प्रदान करने, नियमित कर्मचारियों के समान 12-24 एवं 36 वर्ष का लाभ अविलम्ब लागू करने, ग्रुप बीमा कवरेज को पांच लाख रुपये तक बढ़ाने, प्रिंटर और नेटवर्क एवं अन्य आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराने आदि शामिल है।

### प्रधानमंत्री ने एआई के उपयोग के लिए वैश्विक फ्रेमवर्क तैयार करने पर दिया जोर

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के सकारात्मक और नकारात्मक प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए विश्व से आग्रह किया कि जल्द ही इसके उचित उपयोग के लिए एक फ्रेमवर्क तैयार किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री आज नई दिल्ली में भारत मंडपम में ग्लोबल पार्टनरशिप ऑन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (जीपीएआई) शिखर सम्मेलन का उद्घाटन किया। जीपीएआई 29 सदस्य देशों की पहल है। भारत 2024 के लिए जीपीएआई का अध्यक्ष है। इसका उद्देश्य एआई से जुड़ी प्राथमिकताओं पर अत्याधुनिक अनुसंधान और व्यावहारिक गतिविधियों में मदद करके एआई पर सिद्धांत और व्यवहार के अंतर को कम करना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि एआई में बदलाव लाने की क्षमता है, लेकिन हमें इसे ज्यादा से ज्यादा पारदर्शी बनाना होगा। इसकी शुरुआत डेटा और एल्गोरिदम को पारदर्शी और पक्षपात मुक्त बना कर कर सकते हैं। डीप फेक की चुनौती आज पूरी दुनिया के सामने है। इसके अलावा सायबर सुरक्षा, डेटा चोरी और आतंकियों के हाथ में एआई टूल के आने का भी बहुत बड़ा खतरा है।

### पश्चिमी भारत-पाकिस्तान सीमा पर बनेगी एलसीए तेजस मार्क-1ए की पहली स्क्वाड्रन

**नई दिल्ली :** भारतीय वायुसेना भारत-पाकिस्तान की पश्चिमी सीमा पर राजस्थान के बीकानेर में नाल हवाई अड्डे पर स्वदेशी एलसीए तेजस मार्क-1ए लड़ाकू विमान की पहली स्क्वाड्रन बनाने के लिए तैयार है। भारतीय वायु सेना को 4.5 पीढ़ी का पहला लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) एमके-1ए फाइटर जेट अगले साल फरवरी-मार्च तक मिल जाएगा। इसी सौदे का पहला ट्रेनर विमान वायु सेना को सौंपा जा चुका है।

**रांची का तापमान**

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 22° |
| न्युनतम | 10° |

**सस्पेंस खत्म : विधायक दल की बैठक में हुआ सीएम का फैसला**

# भजन लाल शर्मा होंगे राजस्थान के नए सीएम

*** दीया कुमारी व प्रेमचंद बैरवा होंगे डिप्टी सीएम, वासुदेव देवनानी को स्पीकर बनाया गया**

एजेंसी

**जयपुर :** राजस्थान में नए सीएम को लेकर सस्पेंस खत्म हो गया. भजन लाल शर्मा राजस्थान के नए मुख्यमंत्री होंगे. दिल्ली से आए पर्यवेक्षकों ने विधायक दल की बैठक के बाद भजन लाल शर्मा का नाम तय किया. इसके अलावा राज्य में दो डिप्टी सीएम भी होंगे. दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा को डिप्टी सीएम बनाया गया है. इसके अलावा अजमेर नॉर्थ से विधायक वासुदेव देवनानी को राजस्थान विधानसभा का स्पीकर बनाया गया है. वे 2003 से लगातार पांचवीं बार विधायक बने हैं.



#### पहली बार चुनाव लड़े व सीएम बने

भरतपुर के रहने वाले भजन लाल शर्मा संगठन में लंबे समय से कार्यरत हैं. वे प्रदेश महामंत्री के तौर पर कार्य करते रहे हैं. बीजेपी ने उन्हें पहली बार जयपुर की सांगानेर जैसी सुरक्षित सीट से चुनाव लड़ाया और पहली बार में ही वे सीएम बने. मौजूदा विधायक अशोक लाहोटी का टिकट काटकर भजन लाल शर्मा को प्रत्याशी बनाया गया था. वे 4 बार पार्टी के प्रदेश महामंत्री रहे हैं. आरएसएस और एबीवीपी से जुड़े रहे हैं.सांगानेर सीट भाजपा का गढ़ है. ऐसे में भजन लाल शर्मा ने जीत दर्ज की. संगठन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए उन्हें मुख्यमंत्री पद की बड़ी जिम्मेदारी दी गई है.

#### सीएम को लेकर अंत तक था सस्पेंस

एमपी और छत्तीसगढ़ में बीजेपी आलाकमान ने जिस तरह से फैसला लेकर सबको चौंका दिया, उसे देखकर राजस्थान में बीजेपी के सभी 115 विधायकों की उम्मीद जग गई थी कि बंद लिफाफे में उनका नाम भी हो सकता है. हुआ भी कुछ ऐसा ही.



#### पर्यवेक्षकों संग बैठक में हुआ फैसला

भाजपा आलाकमान ने केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, विनोद तावड़े और सरोज पांडेय को राजस्थान का पर्यवेक्षक बनाया था. मंगलवार की दोपहर तीनों नेता जयपुर पहुंचे व विधायकों संग बैठक की. केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने वसुंधरा राजे से वन टू वन मीटिंग की. उधर, बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी राजनाथ सिंह से फोन पर बात की.

#### सीएम की रेस में थे कई दिग्गज

राजस्थान का रण जीतने के बाद भाजपा के सामने सबसे बड़ी चुनौती यही थी कि सीएम किसे चुना जाए. लेकिन सीएम पद की यह रेस थम गई. इस रेस में कई नाम चल रहे थे. इस लिस्ट में सबसे पहला नाम वसुंधरा राजे का चल रहा था. वो पहले भी राजस्थान की कमान संभाल चुकी हैं. इसके अलावा राजस्थान में हिंदुत्व के पोस्टर बॉय बन गए बाबा बालकनाथ के नाम पर भी चर्चा थी. वहीं गजेंद्र शेखावत, सीपी जोशी, दीया कुमारी और राजवर्धन राठौड़ जैसे नाम भी रेस में थे.

**सीएम ने दुमका वासियों को दिया 1035.10 करोड़ रुपए की 5358 योजनाओं का तोहफा**

# हर घर को सरकार की योजनाओं का मिल रहा लाभ : हेमंत सोरेन

**लाभुकों के बीच 53 करोड़ 23 लाख 10 हजार रुपए की बांटी परिसंपत्ति**




प्रभात मंत्र संवाददाता

**दुमका :** राज्य में कोई ऐसा घर नहीं होगा, जहां सरकार की कोई न कोई योजनाएं नहीं पहुंची हो। आज हर घर में योजनाओं का लाभ मिल रहा है। अबुआ सरकार आपके सुख दुःख में हमेशा आपके साथ है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन दुमका प्रखंड के गादी कोरैया पंचायत स्थित बड़ा ढाका में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यक्ति अबतक किन्हीं वजहों से सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित हैं तो वे इस 24 नवंबर से चल रहे इस कार्यक्रम के तहत पंचायतों में लग रहे शिविरों में जाएं और आवेदन दें। यहां अधिकारियों का पूरा दल आपकी समस्या के समाधान के लिए मौजूद है।

#### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता और श्री बादल,विधायक स्टीफन मरांडी,नलिन सोरेन,प्रदीप कुमार यादव, सीता सोरेन,बसंत सोरेन और दिनेश विलियम मरांडी, जिला परिषद अध्यक्षा जॉयस बेसरा, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, संताल परगना प्रमण्डल के आयुक्त लालचंद दादेल तथा जिले के उपायुक्त तथा पुलिस अधीक्षक समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

**राज्य को नई दिशा दे रहे हैं :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हम लोगों को आर्थिक-सामाजिक-शैक्षणिक रूप से सशक्त बना रहे हैं। राज्य के साथ पिछले दो दशकों से गरीबी और पिछड़ेपन का जो टैग लगा है, उससे निजात पाने के लिए सरकार पूरी ताकत के साथ काम कर रही है । आप सभी के सहयोग से राज्य को नई दिशा देने का काम काम कर रहे हैं।

#### शिविरों को लेकर लोगों का उत्साह चरम पर

मुख्यमंत्री ने कहा कि आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सभी पंचायतों में शिविर लगा रहे हैं। इन शिविरों को लेकर लोगों का उत्साह चरम पर है। गरीब, जरूरतमंद, आदिवासी, दलित, पिछड़ा, किसान-मजदूर, बुजुर्ग महिला और नौजवानों समेत हर वर्ग और तबके के लोग अपनी जरूरत की योजनाओं से जुड़ने के लिए शिविरों में आ रहे हैं। शिविर में उत्सव का माहौल है। यह दर्शाता है कि हमारी सरकार के प्रति आमजनों का कितना भरोसा है। मैं सभी को भरोसा दिलाता हूं कि अबुआ सरकार जन आकांक्षाओं और उम्मीदों हर हाल में पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

#### जीने का सहारा है पेंशन

मुख्यमंत्री ने कहा कि बुढ़ापा में पेंशन जीने का सहारा होता है।इस वजह से अबुआ सरकार हर बुजुर्ग, विधवा और दिव्यांग को सामाजिक सुरक्षा प्रदान कर रही है। कोई भी योग्य पात्र पेंशन से वंचित न रहे, इसके लिए यूनिवर्सल पेंशन स्कीम को हमने शुरू किया है। मैं आपको बताना चाहता हूं कि शिविरों में जो स्टॉल सबसे ज्यादा खाली नजर आ रहे हैं, वह यूनिवर्सल पेंशन स्कीम का स्टॉल है, क्योंकि आज हर बुजुर्ग इस योजना से आच्छादित हो चुके हैं।

#### लोगों के रोटी- कपड़ा-मकान जैसी मूलभूत जरूरत को पूरा करने के साथ विकास को दे रहे रफ्तार

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार लोगों के रोटी-कपड़ा और मकान जैसे मूलभूत जरूरत को पूरा करने के साथ विकास को रफ्तार दे रही है। अबुआ आवास योजना के 8 लाख गरीबों के अपने आशियाना के सपने को पूरा करने जा रहे हैं। 20 लाख अतिरिक्त हरा राशन कार्ड जारी कर उन्हें अनाज दे रहे है और अब चना दाल देने का भी सरकार ने निर्णय लिया है। सोना-सोबरन धोती-साड़ी योजना के तहत गरीबों को साल में दो बार 10 रुपए में धोती/लूंगी और साड़ी दिया जा रहा है।

## भारत को विकसित राट्र बनाने के लिए लक्ष्य के साथ कार्य करें युवा : राष्ट्रपति



एजेंसी

**लखनऊ :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने उत्तर प्रदेश के दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन मंगलवार को लखनऊ में इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी लखनऊ के दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं। राष्ट्रपति ने मेधावियों को मेडल प्रदान की। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित संस्थान के दूसरे दीक्षांत समारोह में उनके साथ उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मैंने अभी देखा है कि आपके संस्थान के लोगों में विद्या ददाति विनयम को उल्लेखित किया है। जिसका अर्थ है विद्या विनय देती है और विनय से पात्रता आती है। पात्रता से धन आता है और धन से धर्म आता है। धर्म से सुख प्राप्त होता है। मुझे आशा है कि आप सब अपने संस्थान के ध्येय के अनुकूल आचरण करते हुए भविष्य का निर्माण करेंगे। उन्होंने कहा कि मुझे बताया गया है कि आईआईटी लखनऊ को विशेष दर्जा दिया गया है। यह दर्जा आपकी क्षमता का परिचायक है। मुझे यह कहने में कोई संकोच नहीं की इंजीनियरिंग और बिजनेस जैसे क्षेत्र में शिक्षा प्रधान करने वाले आईआईटी जैसे संस्थान शिखर पर खड़े हैं।

#### एक बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है भारत : योगी आदित्यनाथ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमारा देश आज दुनिया के अंदर एक बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। हम सब नए भारत को देख रहे हैं। जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में भारत ने अपने युवा ऊर्जा के लिए रास्ते खोले हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने देश की 5 ट्रिलियन डॉलर इकोनामी का लक्ष्य रखा है। वहीं उत्तर प्रदेश एक ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी की ओर आगे कदम बढ़ा रहा है। मुख्यमंत्री ने युवाओं को देश के प्रति ईमानदारी और निष्ठा के साथ कार्य करने की सीख दी। उन्होंने बताया कि फरवरी में हुए ग्लोबल इन्वेस्टर समिति के तहत अब तक 40 हजार करोड़ के निवेश के प्रस्ताव उत्तर प्रदेश को मिले हैं। युवा इस दिशा में भी अपना कॅरियर चुन सकते हैं।

## हाई कोर्ट ने गृह सचिव व डीजीपी को किया तलब

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** झारखंड हाई कोर्ट में 1984 के सिख दंगों के पीड़ितों को मुआवजा दिलाने एवं इससे संबंधित क्रिमिनल केस की मॉनिटरिंग की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई।

चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र और जस्टिस आनंद सेन की बेंच ने गृह सचिव और डीजीपी को अगली सुनवाई के दौरान सशरीर हाजिर होने का निर्देश दिया है। अब अदालत इस जनहित याचिका पर 19 दिसंबर को सुनवाई करेगा। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता दिवाकर उपाध्याय ने कोर्ट में पक्ष रखा। उन्होंने अदालत को बताया कि अब तक कई जिलों में पीड़ितों को मुआवजा नहीं दिया गया है।

वहीं राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता आशुतोष आनंद ने बताया कि रांची, रामगढ़, पलामू और हजारीबाग में पीड़ितों को मुआवजा दिया गया है। बोकारो में मुआवजा देने के लिए फंड प्रशासन के द्वारा जारी कर दिया गया है।

**अब अदालत इस जनहित याचिका पर 19 दिसंबर को सुनवाई करेगा**




#### शूटर अमन सिंह हत्याकांड मामले में एसआईटी पर दो सप्ताह में सरकार से मांगा जवाब

धनबाद : झारखंड हाई कोर्ट में धनबाद मंडल कारा में कुख्यात शूटर अमन सिंह की गोली मारकर हत्या कर देने के मामले की सुनवाई मंगलवार को हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि राज्य सरकार ने इस मामले में एसआईटी बनाने का निर्णय लिया है। इस पर कोर्ट ने सरकार को दो सप्ताह में एसआईटी के संबंध में विस्तृत जानकारी देने का निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई की तिथि निर्धारित की है।

#### चारा घोटाला के दोषी के पेंशन मामले में सरकार से मांगा जवाब

झारखंड हाई कोर्ट में चाईबासा में चारा घोटाला के दोषी धनंजय शर्मा की सिविल रिव्यू याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की बेंच ने की। इस दौरान याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अजीत कुमार ने अदालत को बताया कि चारा घोटाला मामले में उनके याचिकाकर्ता को दोषी करार दिया गया था, लेकिन वर्ष 2002 में ही वे रिटायर हो चुके थे। ऐसे में बिहार पेंशन रूल के प्रावधान के मुताबिक अंतिम आदेश पारित नहीं किये जाने की परिस्थिति में उनकी पेंशन रोकना अनुचित है। ऐसी परिस्थिति में एलपीए में पारित आदेश पर पुनर्विचार की जरूरत है। इसके बाद हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को दो सप्ताह में शपथ पत्र के माध्यम से जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।

# सीएम चयन के केंद्र बिंदु में मिशन 2024

रविन्द्र उपाध्याय
प्रभात मंत्र

राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा को पूर्ण बहुमत मिला। इन तीनों राज्यों में सीएम को लेकर कई तरह की चर्चाएं रही। सीएम को लेकर सभी राजनीतिक पंडितों का भविष्यवाणी बालू का दीवार साबित हुआ। भाजपा आलाकमान ने ऐसा मास्टर स्ट्रोक चला कि हर कोई अचंभित रह गया। तीनों राज्यों में सीएम के नाम का एलान होते ही सभी अचरज में पड़ गए। इन राज्यों में सीएम चयन के पीछे भाजपा का बहुत बड़ा राज और रणनीति छिपा हुआ है। भाजपा हर काम मिशन 2024 को ध्यान में रखकर कर रही है। आगामी लोकसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत कैसे मिले, सीएम चयन के केंद्र बिंदु में यही बात निहित है। छत्तीसगढ़ सीएम के रूप में विष्णु देव सोय के नाम का एलान हुआ। ये आदिवासी हैं। छत्तीसगढ़-झारखंड सहित अन्य आदिवासी राज्यों में सोय की महती भूमिका होगी। मप्र में मोहन यादव ओबीसी तबके से आते हैं। वे यादव समाज से हैं। बिहार और यूपी तो यादवों का गढ़ है। ऐसे में मोहन यादव को सीएम बनाकर एमपी, यूपी और बिहार को साधने की कोशिश की गई है। राजस्थान में ब्राह्मण सीएम बनाकर पूरे देश में ब्राह्मण मतदाताओं को साधने की कोशिश की गई है। लोकसभा चुनाव के नजरिये से सभी प्रमुख तबकों को साधा गया है। अन्य जातियों के डिप्टी सीएम व स्पीकर बनाकर राजपूत दलित,ओबीसी व महिला वर्ग को साफ मैसेज दिया गया कि पार्टी सभी तबकों को साध लेकर चलने में विश्वास करती है। मप्र में नए सीएम मोहन यादव, राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा व छत्तीसगढ़ में सीएम का चयन कर कार्यकर्ताओं को मैसेज देने की कोशिश की गई कि भाजपा में परिवारवाद की जगह काम करने वाले आम कार्यकर्ता का सम्मान है। राजस्थान में जयपुर राजघराने की दीया कुमारी को डिप्टी सीएम बनाकर राजपूतों को साधने की कोशिश की गई है। वहीं,दूसरे डिप्टी सीएम प्रेमचंद्र बैरवा दलित वर्ग से आते हैं। बैरवा की आबादी प्रदेश की कई सीटों पर अच्छी खासी संख्या में है। तीन प्रमुख पदों पर तीन जातियों को स्थान देकर राजस्थान के बड़े तबकों के बीच संतुलन बनाने की कोशिश की गई है। विधानसभा स्पीकर के पद पर वासुदेव देवनानी को बैठाकर सिंधी वर्ग को भी पाले में लाने का प्रयास किया गया है। ब्राह्मण देश की राजनीति में हाशिए पर थे। राजस्थान में ब्राह्मण को मुख्यमंत्री बनाकर बीजेपी ने यह संदेश दे दिया कि बीजेपी उनकी पार्टी है। एक समय था जब पूरे देश में कांग्रेस के कोर वोटर्स ब्राह्मण रहे हैं। ब्राह्मण कभी देश की राजनीतिक दिशा तय करते थे। भाजपा ने ब्राह्मणों पर भरोसा जताया है, तो इसका सबसे ब?ा कारण यही है कि कांग्रेस के कमजोर होने के बाद ब्राह्मण वर्ग भाजपा का कोर वोटर बनकर उभरा है। राम मंदिर आंदोलन से लेकर अब तक वह पूरी मजबूती के साथ भाजपा का समर्पित मतदाता बना हुआ है। राजस्थान में ब्राह्मण सीएम के चयन से पूरे राज्य में फैले लगभग 18 फीसदी ब्राह्मण वर्ग को भी मैसेज देने की कोशिश की गई है। शर्मा के साथ यह वर्ग और मजबूती के साथ भाजपा के साथ जुड़ेगा। इसका असर राजस्थान सहित पूरे देश पर पड़ेगा। लोकसभा चुनाव में ब्राह्मण कार्ड से कई सीटें इधर से उधर हो सकती है। तीनों ही राज्यों में पार्टी ने सभी जाति-वर्गों का संतुलन बनाते हुए चेहरों को फाइनल किया है। बीजेपी ने सभी सियासी समीकरण को साधने का प्रयास किया है। राजस्थान में महिला सुरक्षा बेहद अहम मुद्दा था। इसे ध्यान में रखते हुए दीया कुमारी को डिप्टी सीएम बनाया गया। बीजेपी ने इन चेहरों को चुनकर परिवारवाद वाली पार्टियों को भी सीधा संदेश दे दिया।साथ ही 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए यह मैसेज दे दिया कि सभी जातियों पर पार्टी का ध्यान है। स्पष्ट है कि बीजेपी ने सीएम के चयन में यानी एक तीर से कई निशान लगाया है। यह निशान मिशन 2024 में सचमुच अचूक साबित होगा। यह पीएम मोदी, अमित शाह और जेपी नड्डा का मास्टर स्ट्रोक है।

### सीबीएसई ने 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के लिए जारी की डेटशीट, 15 फरवरी से शुरू होंगी परीक्षाएं

**नई दिल्ली(एजेंसी) :** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने मंगलवार को 10वीं और 12वीं की परीक्षा के लिए डेट शीट की घोषणा कर दी है। कक्षा 10वीं की परीक्षा 19 फरवरी से और 12वीं की परीक्षाएं 15 फरवरी 2023 से शुरू होंगी। दोनों परीक्षाएं 10 अप्रैल, 2024 तक समाप्त होंगी।

असर्फी कैंसर संस्थान, धनबाद
असर्फी हॉस्पीटल
वही तरीका वही ईलाज
संभव है, कैंसर को हराना, सही समय पर जाँच कराना
मुँह और गले का कैंसर
अंडाशय का कैंसर
पित्ताशय का कैंसर
स्तन कैंसर
फेफड़ा का कैंसर
हड्डी का कैंसर
गर्भाशय के मुँह का कैंसर
पेट का कैंसर
मलाशय का कैंसर
9297970030
Asarfi Health Educity,Ranguni Road,Bhuli,Dhanbad-828105

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



**संक्षिप्त खबरें**

## आगामी 14 दिसम्बर को जिला स्तरीय बालक व बालिकाओं के लिये कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** गढ़वा जिला कबड्डी संघ के तत्वावधान में आगामी 14 दिसम्बर को अधौरा ग्राम स्थित टीडीएम कॉलेज के मैदान में प्रातः 8 बजे से जिला स्तरीय बालक व बालिकाओं के लिये कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा. उक्त आशय की जानकारी देते हुये गढवा जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष विकास स्वदेशी ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी आगामी 19 दिसम्बर से 21 दिसम्बर तक जामताड़ा में आयोजित होने वाले 18वीं जूनियर बालक व बालिका राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में शामिल होगें। उन्होंने कहा कि जिलास्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में बीस प्रखंडों के खिलाड़ी शामिल होंगे। प्रतियोगिता में वैसे खिलाड़ी ही शामिल होंगे बालक वर्ग में जिनका उम्र 20 वर्ष से कम तथा वजन 70 किलोग्राम से कम तथा बालिका वर्ग में 20 वर्ष से कम उम्र तथा वजन 65 किलोग्राम कम होगा।

# सरकार आपके द्वार कार्यक्रम अंतर्गत लगाया गया शिविर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद :** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम अंतर्गत मंगलवार को हुसैनाबाद प्रखंड के पंथरा पंचायत में शिविर लगाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी रौशन कुमार, मुखिया नरेश कुमार पासवान पंचायत समिति सदस्य कलावती देवी आदि ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर में लोगों को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी रौशन कुमार ने कहा कि एक ही स्थल से सभी योजनाओं से आम जनों को उनके घर में ही लाभान्वित करना शिविर का मुख्य उद्देश्य है। वहीं मुखिया नरेश कुमार पासवान ने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार प्रखंड प्रशासन के द्वारा इस तरह का शिविर सभी पंचायतों में आयोजित किया जा रहा है ताकि आपकी समस्याओं का समाधान आपके घरों में ही किया जा सके। मौके पर आपूर्ति पदाधिकारी मनोज कुमार अविनाश कुमार सिंह मनरेगा बीपीओ बिष्णु प्रताप मिश्रा, जेएसएलपीएस के बीपीएम अंजनी कुमार, प्रखंड के बड़ा बाबू मोहम्मद शमीम, राजस्व कर्मचारी प्रशांत कुमार, पंचायत सेवक वशिष्ठ कुमार तिवारी, शमीम, प्रखंड कॉर्डिनेटर राजू रंजन विनोद कुमार अशोक कुमार दुबे, समेत प्रखंड व अंचल समेत कई विभाग के कर्मी मौजूद थे।

## कठौतिया माइंस ने किया गुरूकुल में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन




प्रभात मंत्र संवाददाता

**पंडवा (पलामू) :** हिन्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कठौतिया ओपन कास्ट कोल माइंस प्रबंधन द्वारा मानवाधिकार सप्ताह मनाया जा रहा है। इसके तहत मंगलवार को पाटन मोड़ स्थित गुरूकुल स्कूल में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पड़वा प्रखण्ड के बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने भाग लिया। समारोह की अध्यक्षता व संचालन सीएसआर हेड शोभा रानी मोहंती ने किया। मौके पर बीडीओ चंदद्रेव प्रसाद ने कहा कि पुरस्कार मिलने से और बेहतर करने की प्रेरणा जागृत होती है। उन्होंने कहा कि बच्चों द्वारा प्रस्तुत भाषण यह साबित कर रहा है कि गुरूकुल स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिका बच्चों को पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ उन्हें संवारने में जुटे हुए हैं। उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि बच्चों को रटंत नहीं बच्चों में समझ विकसित हो इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। बीडीओ चंदद्रेव प्रसाद ने कहा कि कभी भी भेदभाव की दृष्टिकोण से किसी को न देखें। अमीर गरीब सभी जाति धर्म के लोगों को जीने का समान अधिकार है। बीडीओ चंदद्रेव प्रसाद ने बच्चों को के मानवाधिकार विषय पर प्रतियोगिता आयोजित करने की सराहना की। सीएसआर हेड शोभा रानी मोहंती ने कहा कि कंपनी अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों के प्रति निरंतर संवेदनशील होकर काम करतीं हैं। बच्चों की प्रतिभा विकसित हो इसी उद्देश्य को लेकर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। भाषण प्रतियोगिता में प्रशांत कुमार को प्रथम, लक्ष्मी कुमारी को द्वितीय व शिवम कुमार मिश्रा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

## करणी सेना ने निकाला आक्रोश रैली व कैंडल मार्च




**छतरपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** करणी सेना ने राजस्थान में हुए करनी सेना के अध्यक्ष सुखदेव गोगामड़ी की 5 दिसम्बर को गोली मार कर हत्या कर दी गई थी जिसके विरोध में जन आक्रोश व कैंडल मार्च रैली निकल गई छतरपुर करणी सेवा के नेतृत्व में यह रैली छतरपुर बस स्टेन से बाजार होते हुए सरईडिह मोड तक निकाला गया। लोगो ने सुखदेव सिह के हत्यारा को जल्द से जल्द फाँसी की सजा देने का नारे लगा रहे थे इस रैली में अखिल क्षेत्रीय महासभा के प्रदेश सचिव रणजीत सिंह ने कहां की सुखदेव सिंह के हत्यारे को सरकार फांसी दे जिससे उनके परिवार वालों को न्याय मिल सके इस रैली में कामाख्या सिंह, अनिल सिंह, बैजनाथ सिंह, प्रमोद सिंह, सिंटू सिंह, मित्तल सिंह, योगेंद्र सिंह, चिंटू सिंह, विकास सिंह सहित सैकड़ो की संख्या में करणी सेना के लोग शामिल थे।

## दर्जनों लोगों के बीच किया कंबल का वितरण



**हुसैनाबाद (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद प्रखंड के महूदंड पंचायत के पूर्व मुखिया सह पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष विजय प्रसाद यादव ने कड़कती ठंड में हुसैनाबाद के जेपी चौक पर दर्जनों जरूरतमंद लोग के बीच कंबल का वितरण किया, साथ ही उन्होंने मध्य प्रदेश के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री डा मोहन यादव और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को बधाई दिया। इस कंबल वितरण के मौके पर निर्मल यादव, बरूण कुमार सिंह, विजय कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह, मनोज गुप्ता, रविरंजन सिंह, योगेंद्र कुमार, सुरेश प्रसाद यादव, मनीष यादव समाजसेवी ताज राइन सुल्तान राइन किसान मोर्चा अध्यक्ष घुरा प्रसाद पाल आदि लोग उपस्थित थे।

# ब्लॉक कोर्डिनेटर ने सभी पंचायतों के मुखिया, पंचायत सचिव व रोजगार सेवकों के साथ किया बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को प्रखंड समन्वयक पंचायती राज कौशल कुमार ने सभी पंचायतों के मुखिया, पंचायत सचिव व रोजगार सेवकों के साथ बैठक किया.बैठक में उन्होंने कहा कि जीपीडीपी 2024-25 के लिये कार्य योजना तैयार किया जाना है। इसके लिये सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन कर एल एस डी जी अंतर्गत विषय का चयन किया जा चुका है। जीपीडीपी 2024-25 के लिये ग्राम पंचायत सहज कर्ता दल गठित किया जा रहा है। आगामी 27 से 29 दिसम्बर तक सभी सहज कर्ता दल के सदस्यों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। आगामी एक जनवरी से 7 जनवरी तक सभी ग्रामों में महिला सभा, उसके बाद15 जनवरी तक बालसभा आयोजित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि आगामी 20 जनवरी तक सभी ग्रामों में ग्रामसभा आयोजित कर योजनाओं का अनुमोदन किया जायेगा। 25 जनवरी तक सभी ग्राम पंचायत में विशेष ग्रामसभा आयोजित कर बजट के अनुरूप कार्य योजना तैयार किया जायेगा। बैठक में मुखिया सनिधा सोनी, कुमारी रेखा, सुशीला देवी, उषा देवी, मनोज कुमार ठाकुर, शिविष्टयानी केरकट्टा, सुनीता देवी, फिरदौस अंसारी, पंचायत सचिव बिरेन्द्र कुमार सिंह, नंदकुमार मेहता, रोजगार सेवक बिरेन्द्र प्रसाद यादव, संजीत कुमार, आलोक राज, आनन्द विश्वकर्मा सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# मोदी सरकार गांव व गरीब के कल्याण के प्रति समर्पित : बबलू सिंह



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद :** भारत सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने और उन्हें जागरूक करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत हुसैनाबाद प्रखंड के डंडिला पंचायत में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत की मुखिया मंजू देवी ने किया। कार्यक्रम में नोडल पदाधिकारी अखिलेश शर्मा ने देश को विकसित भारत बनाने के लिए युवाओं व ग्रामीणों को संकल्प दिलाया। मौके पर भाजपा नेता बबलू सिंह ने छात्र-छात्राओं सहित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार गांव व गरीब के प्रति समर्पित है। पिछले दशकों में जाति, धर्म, भाषा एवं क्षेत्र के आधार पर राजनीति होती थी, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बदलकर विकसित व समृद्धि राष्ट्र बनाने की राजनीति शुरू कर दी है। मोदी सरकार ने किसान सम्मान निधि, उज्जवला गैस योजना, आदि कई जन कल्याणकारी योजनाएं चलाकर आम लोगों का उत्थान करने के साथ-साथ राष्ट्र को विकास की सीढ़ियों पर चढ़ा दी है।शिविर में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, एपीवाई, प्रधानमंत्री जन धन योजना बैंक खाता खोलने आदि से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गयी। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह, उरद्वार मंडल अध्यक्ष रामराज मेहता, नरेंद्र बैठा समेत, योगेश्वर रजवार समेत काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद थे।

## झारखंड राज्य ओपन कराटे चैंपियनशिप में तोलरा की आस्था को मिला मेडल




**विश्रामपुर, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चौथा झारखंड ओपन कराटे चैंपियनशिप में विश्रामपुर प्रखंड के तोलरा गांव निवासी पुलिस मुख्यालय राँची में कार्यरत दिपक तिवारी की पुत्री आस्था को एक ब्रोंज और एक गोल्ड मिला है।आस्था के पिता दिपक तिवारी ने बताया आस्था की लग्न शुरु से हीं कराटे में थी और काफी मेहनत करती है आज भारत के विभिन्न शहर तमिलनाडू बैंगलोर हैदराबाद सहित अन्य राज्यों में अपना कराटे का बेहतर प्रदर्शन दिखाकर मेडल प्राप्त की है। दिपक तिवारी ग्रामीण क्षेत्र तोलरा से निकलकर राज्य के पुलिस मुख्यालय में अच्छा पहचान बनाए हैं।बेटी के इस उपलब्धि पर काफी गदगद हैं। वहीं बधाई देने का तांता लगा है इस प्रदर्शन पर तोलरा के ग्रामीण ने उज्जवल भविष्य की शुभकामना दिया।

## पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने गरीब परिवार को किया आर्थिक सहयोग



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हरिहरगंज :** हुसैनाबाद के पूर्व विधायक सह आजसू के केंद्रीय उपाध्यक्ष कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने आर्थिक रूप से कमजोर, लाचार एक परिवार को मंगलवार को हरिहरगंज आवास पर आर्थिक रूप से सहयोग किया है एवं अनाज, कपड़ा, बर्तन भी दिया है। शहर के न्यू सब्जी बाजार के पास दूसरे के मकान में रहकर गुजर बसर करने वाली किरण देवी पति हरिओम साव के घर में चार दिन पहले अचानक आग लग गया था जिसके कारण घर में रखे अनाज, बर्तन, कपड़ा सहित कई सामान जलकर राख हो गए थे, तन ढकने के लिए भी कपड़ा नहीं बचा था। पूर्व विधायक ने बताया कि किरण देवी सब्जी बेचकर अपने परिवार का भरण पोषण करती है घर में आग लगने के कारण सारा सामान जल कर राख हो गया था। किरण देवी की एक लड़की है जिसकी जल्द शादी करना है, उन्होंने कहा कि लड़की की शादी का खर्चा भी उठाने का काम करेंगे, साथ ही आगे भी हर संभव मदद करेंगे। मकान मालिक मुन्ना मेहता ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर किरण देवी से किराया कभी नहीं लिया है, कमरा में आग लगने के बाद कमरा का मरम्मत भी करा दिया है। मौके पर रंजीत मेहता सहित आजसू के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भूमि अधिग्रहण को लेकर रैयतों के साथ की गई महत्वपूर्ण बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विश्रामपुर :** बिश्रामपुर प्रखंड क्षेत्र स्थित भंडार पंचायत में, रैयतों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की गई, इस बैठक में मुख्य रूप से अंचला अधिकारी विक्रम आनंद कार्यपालक पदाधिकारी सेवाराम साहू उपस्थित थे। भोगू से शंख तक ऐन ऐच आई के द्वारा फोरलेन रोड निर्माण कार्य तेजी से चल रही है। पर लोगों की समस्या भूमि अधिग्रहण को लेकर बनी हुई है, मौके पर उपस्थित अंचला अधिकारी ने उपस्थित सभी लोगों का समस्या बारी-बारी से सुना, और जल्द से जल्द निष्पादन करने की बात कही। उन्होंने कहा किसी भी तरह का रैयत को परेशानी नहीं होने दुगा, हर संभव मदद किया जाएगा। मौके पर उपस्थित रैयत अरविंद पांडे ने बताया, रोड मे हो रहे निर्माण कार्य में, 60 प्रतिशत लोगो की जमीन को गैर मजरूआ जमीन कर दी है! जिसे कागजात देखकर रैयती जमीन की जाए। वहीं उन्होंने बताया झूठी केस कर बेवजह रैयत, सुनील पांडे को कंपनी के द्वारा फसाने का कार्य कीया गया। यथाशीघ्र कंपनी कैस वापस ले, और रैयत के साथ हो रहे कठिनाई की निष्पादन करें।

## 31 बच्चों के बीच स्कूल ड्रेस का किया गया वितरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बिशुनपुरा :** प्रखन्ड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय ओढ़ेया में सोमवार को 31 बच्चों के बीच स्कूल ड्रेस का वितरण किया गया द्य इस दौरान वर्ग प्रथम मे 11 एव वर्ग दूतीय में 20 बच्चों के बीच स्कूल ड्रेस का वितरण किया गया द्य ड्रेस वितरण प्रखन्ड प्रमुख दीपा कुमारी के द्वारा किया गया। मौके पर प्रखन्ड प्रमुख दीपा कुमारी ने कहा कि सरकार द्वारा बच्चों को स्कूल मे पढ़ने से लेकर खाने पिने, पहने के लिए सारी व्यवस्था स्कूल मे करती है। फिर भी अभिभावक अपने बच्चो को पढ़ने के लिए अभिभावक स्कूल नहीं भेजते हैं द्य यह अभिभावक कि गलती है द्य उन्होने कहा कि स्कूल मे बच्चे प्रति दिन आयेंगे तो उनकी पढ़ाई में किसी तरह की कोई समस्या नहीं होगी। उन्होने बच्चों के बीच बैठ कर अन्डा करी व चावल खाया। इस मौके पर चन्दन मेहता, सुनिल कुमार, स्कूल के प्रधानाध्यापक अजय प्रसाद यादव, शिक्षक अनिल कुमार गुप्ता, अनवर हुसैन आदि उपस्थित थे।

## मुस्लिम समाज में जागरूकता को लेकर हुई बैठक



**हुसैनाबाद (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुस्लिम समाज को सरकार से अपना हक अधिकार लेने व समाज में दहेज रूपी कुरीतियों के प्रति जागरूकता लाने को लेकर एडारा ए शरिया तहरीक ए बेदारी इसलाह ए मुआसरा कांफ्रेंस की पलामू जिला इकाई ने हैदरनगर की राजा मस्जिद भाई बिगहा ने स्थानीय मुसलमानो के साथ बैठक की। सदारत मौलाना अहमद अली खान रजवी ने की। बैठक में मुसलमानों की विभिन्न समस्याओं के अलावा पीछड़ेपन के कारणों पर चर्चा हुई। मौलाना महताब आलम ने कहा कि सरकार राज्य में उर्दू को उसका हक नहीं दे रही है। स्कूलों में उर्दू शिक्षक नहीं हैं। कार्यालयों में ट्रांसलेटर नहीं हैं। राज्य में उर्दू यूनिवर्सिटी की स्थापना होनी चाहिए, आज तक वक्फ बोर्ड का गठन नहीं हुआ। इसके अलावा हर जगह मुसलमानो को पीटा जाता है, दुर्व्यवहार होता है। इसके लिए हरिजन आदिवासी की तरह सुरक्षा के लिए एक्ट बनना जरूरी है। उन्होंने मुसलमानो से दहेज समेत अन्य कुरीतियों को खत्म करने की शपथ लेने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हक लेने के लिए एकजुटता और जागरूकता दोनो जरूरी है।बैठक में मौलाना मुफ्ती मोजीबुल्लाह रजवी, मौलाना एजाज नूरी , मौलाना कारी जसीमुद्दीन, मौलाना नसीम मरकजी, मौलाना मुफ्ती सज्जाद आलम, हाफिज सलाहुद्दीन खान,अरशद राजा बनारसी, हाजी इद्रीस खान, हाजी नुरुल्लाह खान के अलावा प्रखंड के सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## कुशदण्ड की टीम ने 4-0 से विजेता कप पर किया कब्जा



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखड़ के चितविश्राम ग्राम स्थित उच्च विद्यालय के मैदान में सोमवार को खेलकूद युवा कार्य निदेशालय के निर्देश पर मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल (बालक बालिका) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. प्रखंड स्तरीय फुटबॉल मैच में बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे,थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह,प्रमुख उर्मिला देवी व जिपस बाला रानी ने विजेता व उपविजेता टीम को ट्राफी कप प्रदान किया.पहले चक्र के मैच जीतने के बाद सेमीफाइनल में नरही, चित्तविश्रम,कुशदंड तथा गरबांध पंचायत की टीम पहुंची. पहला सेमीफाइनल नरही पंचायत और कुशडंड के बीच खेला गया,जिसमे कुशडंड की टीम ने नरही को 4 -1से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया. दूसरा सेमीफाइनल गरबाँध व चितविश्रम के बीच खेला गया,जिसमे गरबाँध पंचायत ने 1-0 से विजय प्राप्त कर फाइनल में अपना जगह बनाया.फाइनल मैच कुशडंड व गरबाँध के बीच खेला गया. जिसमे कुशदण्ड की टीम ने4-0 से गरबान्ध की टीम को मात देते हुये विजेता कप पर कब्जा जमाया.इस अवसर पर बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे ने कहा कि कुशडंड टीम भले ही जीत हासिल किया हो लेकिन गरबाँध की टीम छोटा भाई के रुप में है. छोटा भाई अगर हारा है तभी बड़े की जीत हुई है. उन्होंने कहा कि छोटे भाई गरबान्ध की टीम को निराश होने की जरूरत नहीं है,लगातार परिश्रम करते रहना है परिश्रम करके उन्हें ऊंचाइयों को छूने की जरूरत है.उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के द्वारा मुख्यमंत्री फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है ताकि गांव में छुपी प्रतिभा को निखार कर बाहर लाया जा सके।

# पूर्व मंत्री ने एसडीओ को आवेदन देकर ग्रामीणों का पैसा सगमा प्रमुख से दिलाने का किया मांग

- सात ग्रामीणों का 98000 रुपये पूर्व मंत्री ने सगमा प्रमुख से दिलाया वापस
- 11 ग्रामीणों का 1,54,000 रुपये मंगलवार को देने का दिया था प्रमुख ने लिखित आश्वासन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी ने मंगलवार को अनुमंडल पदाधिकारी रतन कुमार सिंह को आवेदन देकर सगमा प्रखंड प्रमुख अजय साव से पशु शेड के नाम पर ग्रामीणों से वसूले गये तेरह-तेरह हजार रुपये वापस कराने की मांग किया है.एसडीओ को दिये गये आवेदन में पूर्व मंत्री ने कहा है कि 11 दिसंबर 23 को सगमा प्रखंड के चैनपुर ग्राम स्थित चौपाल में सात ग्रामीणों का 14000-14000 रुपये (13000-13000 रुपये मूल राशि तथा 1000-1000 रुपये ब्याज राशि) वापस किया गया था। शेष 11 ग्रामीणों का पैसा 12 दिसंबर 23 को नगर उंटारी में चेचरिया स्थित मेरे आवास पर आ कर देने की बात लिखित रूप में दिया था। ग्रामीण पैसा लेने के लिए मेरे आवास पर घंटो सगमा प्रमुख का इंतजार करते रहे लेकिन प्रमुख द्वारा न ही कोई सूचना दिया गया, नही वे आये। उन्होंने ग्रामीणों का पैसा वापस दिलाने तथा न्यायोचित कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। क्या था मामला जिस पर पूर्व मंत्री ने लिया था संज्ञान-सगमा प्रखंड प्रमुख अजय साव के द्वारा पशु शेड कराने के नाम पर दर्ज़नो ग्रामीणों से लाखो रुपये की राशि वसूली किया गया था। 18 ग्रामीणों द्वारा पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी को प्रमुख द्वारा 13000-13000 रुपये लेने का आवेदन दिया गया था। पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी के प्रयास से सोमवार को चैनपुर ग्राम के चौपाल पर सात ग्रामीणों का 98000 रुपये वापस कराया गया था। जब कि 11 ग्रामीणों का पैसा वापसी के लिए प्रमुख द्वारा 12 दिसंबर 23 को मंत्री के आवास पर बाकी के 1,54,000 रुपये देने का लिखित आश्वासन दिया गया था। सभी ग्रामीण जो इन पैसो को भूल चुके थे, वे अपने-अपने पैसे प्राप्त कर बहुत ही खुश थे.सभी ने पूर्व मंत्री की प्रशंसा करते हुये कहा कि पूर्व मंत्री के अथक प्रयास से ही पैसा वापसी संभव हो पाया है। ग्रामीणों ने बताया कि सगमा प्रखंड के प्रखंड प्रमुख अजय साव द्वारा हम ग्रामीणों से पशु शेड कराने के नाम पर 13000-13000 रुपये लिया गया था। बीडीओ के मिलीभगत से पशु शेड का कोडिंग के अलावा कोई कार्य नही हुआ। प्रमुख द्वारा राशि की वापसी से भी इंकार कर दिया गया था। वसूली गई राशि का खुलासा तब हुआ जब महीनों बाद भी ग्रामीणों के पशु शेड में कोई काम नही हुआ। सब तरफ से निराश होकर ग्रामीणों ने पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी के चेचरिया स्थित आवास पर जा कर उनसे मिल कर सारी स्थिति से अवगत कराते हुए आवेदन सौपा था। बाद में पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी ने उच्चाधिकारियों को इसकी सूचना देते हुए जांच करते हुए ग्रामीणों का पैसा वापस कराने तथा प्रखंड प्रमुख पर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग किया था। जिसके फलस्वरूप ग्रामीणों का पैसा वापस कराया गया। जिन ग्रामीणों का पैसा वापस कराया गया उनमे फुलवा देवी, तारा देवी, मीना देवी, सत्या देवी, महेंद्र साव, मुकेश यादव, विकेश यादव सहित कुल सात लोगो का 98000 रुपये वापस कराया गया.जिन ग्रामीणों का पैसा वापस देने का आश्वासन दिया गया था उनमे पुष्पा देवी, पुनीता देवी, संजू देवी, भगवान यादव, शशिकान्त चंद्रवंशी, किरण देवी, सेकेन्द्र बैठा, सोनम देवी, लीलावती देवी, पूनम देवी, राजू बैठा के नाम शामिल है। मौके पर सलीम अंसारी, मथुरा पासवान, सीता राम जायसवाल, सोबराती खान, महेंद्र साव, मुकेश कुमार यादव, दिनेश शर्मा, धीरज धीरज जायसवाल, राम कुमार कुशवाहा, मुकेश यादव, संतोष कुशवाहा, अखिलेश बैठा, कामेश्वर साव, बिनोद शर्मा, दीनदयाल कुशवाहा, शशिकान्त यादव, राम स्वरूप कुशवाहा, मीना देवी, विनय यादव, नागेंद्र कुशवाहा, राम गोविंद कुशवाहा, उपेंद्र कुशवाहा, सकेन्द्र बैठा, सतीश कुशवाहा, दिनेश चंद्रवंशी, जितेंद्र विश्वकर्मा, सुरेश प्रसाद यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह क्वालालमपुर रवाना

**रांची।** 08 दिसंबर से 16 दिसमंर तक क्वालालमपुर,मलेशिया में एफआईएच जूनियर पुरुष वर्ल्ड कप हॉकी 2023का आयोजन हो रहा है जिसमे जूनियर भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने आज निदरलैंड को 4=3से पराजित कर सेमीफाइनल में पहुंच गई। इस प्रतियोगिता में विश्व हॉकी महासंघ के आमंत्रण पर हॉकी इंडिया के महासचिव सह हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह क्वालालमपुर, मलेशिया के लिए रांची से रवाना हुए। हॉकी झारखंड के समस्त पदाधिकारियों ने उन्हे शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमलोग का पूर्ण विश्वास है कि सेमीफाइनल मैच में वहा आपकी उपस्थिति से भारतीय टीम मनोबल बढ़ेगा क्योंकि विगत कुछ वर्षों से देश के बाहर हो रहे सभी बड़े प्रतियोगिताओं ओलंपिक गेम्स,राष्ट्र मंडल खेल,एशियन गेम्स या एशिया कप हो जब जब आपकी उपस्थिति रही है भारतीय टीम अच्छा प्रदर्शन करती है और पदक प्राप्त की है।

### मुस्लिम लॉ में उत्तराधिकारी एवं परिवारिक विवाह पर सेमिनार आज

**रांची :** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के तत्वाधान में 13 दिसंबर 2023 को 5:30 बजे शाम से गोस्सनर कॉलेज थियोलॉजिकल हाल में एक सेमिनार का आयोजन किया गया है। जिसका विषय है ऊमुस्लिम लॉ में उत्तराधिकारी एवं परिवारिक विवाह। इस सेमिनार के मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश डॉक्टर एसएन पाठक होंगे। जिसकी अध्यक्षता ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के अध्यक्ष हजरत मौलाना खालिद सैफुल्लाह रहमानी करेंगे। एवं विशिष्ट अतिथि एक्स आई एस एस के निदेशक मरियानुस कुजूर होंगे। साथ ही वरीय के ए अल्लाम, को कनवीनर मुमताज अहमद खान, अधिवक्ता एके रसीदी, रियाज शरीफ सचिव, अज़हर खान, हाफीजुद्दीन, मजहरूल, अब्दुल रऊफ सहित कई गणमान्य लोग भी उपस्थित होंगे।

# दक्षिण कोरिया के विश्वविद्यालय से सीयूजे का शैक्षणिक करार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूजे) में दक्षिण कोरिया के यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स भी जल्द नजर आएंगे। कोरिया की तीन यूनिवर्सिटियों और सीयूजे के बीच मंगलवार को इस संबंध में शैक्षणिक एमओयू किया गया है। सीयूजे कुलपति प्रो. केबी दास बीते दिनों दक्षिण कोरिया के दस दिवसीय दौरे से भारत लौटे हैं।




कोरिया यात्रा के दौरान उन्होंने दक्षिण कोरिया के तीन विश्वविद्यालयों हंगुक विदेशी भाषा अध्ययन विश्वविद्यालय, केम्योंग विश्वविद्यालय एवं बुसान विदेशी भाषा अध्ययन विश्वविद्यालय का दौरा किया। साथ ही भारत की उभरती अर्थव्यवस्था, नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं कोरियाई छात्रों के लिए भारत का महत्व जैसे विषयों पर व्याख्यान देने के साथ समझौता ज्ञापन सौंपा। प्रो. केबी दास ने कहा कि यह दौरा सीयूजे के शैक्षणिक विकास के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है एवं इसके दूरगामी परिणाम से जल्द ही छात्र लाभान्वित होंगे। खासकर हंगुक भाषा अध्ययन विश्वविद्यालय एवं बुसान विदेशी भाषा अध्ययन विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों को यह आश्वस्त किया कि ऑनलाइन अध्यापन के साथ-साथ सीयूजे कोरियाई छात्रों को ऑफलाइन अध्यापन के लिए भी पूर्ण रूप से तैयार है। इस शैक्षणिक दौरे की सफलता के रूप में बहुत जल्द ही कोरियाई छात्र झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रांगण में अध्ययन करते नजर आएंगे। प्रो दास के साथ गए हुए सुदूर पूर्व भाषा के प्राध्यापक शशि मिश्रा ने कहा कि हंगुक विश्वविद्यालय के साथ अनेक तरह के शैक्षणिक कार्य साथ में किए जा रहे हैं। खास तौर पर टैंडम कक्षा, जिसमें 12 कोरियाई छात्र एवं 12 सीयूजे के छात्र विगत तीन सेमेस्टर से भाषा आदान-प्रदान करते चले आ रहे हैं। शिक्षा जगत में यह अनूठी पहल है। इस कक्षा के माध्यम से दोनों विश्वविद्यालयों के छात्र भाषा अदान-प्रदान के साथ अनेक विषयों पर अपना विचार अदान-प्रदान करते हैं, जिससे छात्रों को काफी शैक्षणिक लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि समझौता ज्ञापन के तहत झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय प्रतिवर्ष हंगुक विश्वविद्यालय के छात्रों को हिन्दी भाषा की पढ़ाई भी करवा रहा है। कोरियाई छात्रों के बीच में यह पाठ्यक्रम खासा लोकप्रिय है। क्योंकि, रोजगार प्राप्ति की दिशा में यह बहुत ही कारगर साबित हो रहा है। बुसान एवं सीयूजे ने समझौता ज्ञापन के तहत ग्लोबल को-ऑपरेशन सेंटर की भी स्थापना की गई है।

## झारखंड आंदोलनकारियों को पूर्ण सम्मान दिया जाना चाहिए : सीपीआई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची ।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा कटावधान 16 एवं 17 दिसंबर को आहूत आर्थिक नाकेबंदी का सी पी आई एवं जय आदिवासी केंद्रीय परिषद ने समर्थन देने का ऐलान किया। झारखंड को बेहतर राज्य बनाने , अबुआ दिसुम-अबुआ राइज की परिकल्पना को सरकार करने के लिए सभी राजनीतिक दलों सामाजिक संगठनों, छात्रों एवं नौजवानों, बुद्धिजीवियों, किसानों, मजदूरों से समर्थन, सहायता व संघर्ष का साथ देने की अपील की है। अरबर्ट एक्का चोक स्थित सी पी आई कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में आज राज्य सचिव महेन्द्र पाठक , कार्यालय सचिव अजय सिंह , राष्ट्रीय परिषद के सदस्य पी के पांडेय,जय आदिवासी केंद्रीय परिषद की अध्यक्ष निरंजना हेरेंज ने उक्त घोषणा की। मौके पर झारखंड आंदोलकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक एवं प्रधान सचिव पुष्कर महतो, उपाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह




सयोजक सरोजनी कच्छप, सीताराम उरांव व मो अलीम अंसारी उपस्थित थे। 16 एवं 17 दिसंबर के आर्थिक नाकेबंदी कार्यक्रम को समर्थन करते हुए राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी की मांगे जायज है उनकी मांगों को सरकार नज़रंदाज ना करें । झारखंड बना है तो उनके मूल्यों की रक्षा होनी चाहिए। झारखंड आंदोलनकारी के मान - सम्मान पहचान नियोजन सीधी बहाली एवं 50-50 हजार रु. सम्मान राशि मिलनी चाहिए। झारखंड आंदोलनकारियों को चिकित्सा सुविधा परिवहन सुविधा, क्षैतिज आरक्षण का लाभ सीधा-सीधा मिलना चाहिए। भू - खंड व आवास भी सहज मिलना चाहिए। आज आंदोलनकारी की स्थिति हाशिए में है । इसलिए सभी आंदोलनकारी अपने स्वाभिमान की रक्षा की मांगों को लेकर आर्थिक नाकेबंदी आंदोलन करने के लिए बाध्य हुए है। जय आदिवासी केंद्रीय परिषद की अध्यक्ष निरंजन हेरेंज ने कहा कि झारखंड के जल जंगल जमीन की रक्षा एवं समता जजमेंट लागू करने की मांगों को लेकर 16 एवं 17 दिसंबर को आर्थिक नाकेबंदी कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाया जाएगा। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक एवं प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि आर्थिक नाकेबंदी राज्य के आंदोलनकारियों के स्वाभिमान की लड़ाई है।

## डालसा से गरीबो के लिए फ्री वकील दिया जाता हैं : स्वीकृति वर्मा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची ।** टाटीसिलवे ग्राउंड में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और नारी सकती सेना के संयुक्त तत्वाधान में शिविर का आयोजन किया गया। इस आयोजना में डालसा के प्रतिनिधि के द्वारा बताया गया की हमलोग सभी लोग को कानूनी सहायता देने और मध्यस्था करने का कार्य करती हैं। गरीब लोग के लिए वकील देना, जेल में कानूनी सहायता देने का काम करती हैं। वैसे बच्चे जिनके पीता नहीं हैं उनको स्कॉलरशिप देने का काम करती हैं जिसमे बच्चे को 4000 रुपया प्रति बच्चा दिया जाता हैं। डायन प्रथा के विरुद्ध जागरुकता आभियान चलाती हैं। डालसा से स्वीकृति वर्मा ने बताया की डालसा संपति संबंधी, चैक संबंधी, परिवारिक विवाद संबंधी, वैसा सभी वाद जो की मध्यस्था से सुलझाया जा सकता हैं वैसे सभी विवाद को समाप्त करने में मददत करती हैं।नारी शक्ति सेना की अध्यक्ष सुचिता तिवारी ने बताया की संस्था परिवारिक विवाद को समाप्त करने के सन्दर्भ में भी कार्य करती हैं। राजेश प्रसाद ने बताया की संस्था रोजगार देने का कार्य करती हैं। इस शिविर में डालसा से स्वीकृति वर्मा, अनुष्का जैस्मिता टोप्पो,युधिष्ठिर महतो,लता कुमारी,तारा मिंज, शिला देवी, राजा जी और नारी शक्ति सेना सुचिता तिवारी, प्रकाश रंजन, राजेश प्रसाद, लक्ष्मी बहन, आरती देवी, धनजय वर्मा, किरण पाहन पूर्व मुखिया, सुलोचना देवी पूर्व पंचायत समिति एवं अन्य लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## आर्मी पब्लिक स्कूल में लगा कला और शिल्प प्रदर्शनी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** आर्मी पब्लिक स्कूल, राँची के प्राथमिक विंग में 12 दिसंबर 2023 (मंगलवार) को कला और शिल्प प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में कक्षा प्रथम से लेकर कक्षा पाँचवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया । इस दौरान प्रदर्शित किए गए विभिन्न विषयों पर आधारित मॉडल एवं वस्तु आधारित प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र रही । विद्यार्थियों ने दैनिक जीवन पर आधारित मॉडल पेश किए। विद्यार्थियों ने अलग- अलग तरह की कलाकृतियाँ बनाकर अपनी सोच और प्रतिभा को सबके सामने प्रस्तुत किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अभय कुमार सिंह ने कहा कि विद्यालय पढ़ाई के साथ उनकी प्रतिभा निखारने के लिए सबसे उपयुक्त स्थान होता है।




विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ - साथ कला और शिल्प में भी नई सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए । उन्होंने कला और शिल्प प्रदर्शनी की सराहना की। इस प्रदर्शनी को देखने आए अभिभावक तथा अन्य लोगों ने कार्यक्रम की प्रशंसा की। इस अवसर पर विद्यालय की उप-प्रधानाचार्या कविता वर्मा, प्राथमिक विंग की प्रधान अध्यापिका निशा राय एवं विद्यालय के सभी सदस्यगण उपस्थित थे। इस प्रदर्शन में क्लास 1 से 5 तक के बच्चों के लिए था, कक्षा 1 क्लास वन के बच्चों ने कार्टून कैरेक्टर टेलीविजन का क्लास 2 के बच्चों के लिए समुद्री जीवन क्लास 4 के बच्चों के लिए जल तथा उनके जीव जंतुओं पर आधारित था क्लास 3क्रिसमस तथा क्लास 5 जादुई पेड़ पर आधारित यह प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

## मोनालिसा लकड़ा बनी भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** हजारीबाग से अधिवक्ता एवं हजारीबाग लोकसभा मीडिया सांसद प्रतिनिधि मोनालीसा लकड़ा को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा का प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदेश नियुक्त किया गया। प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक भाजपा अनवर हयात एवं प्रदेश मंत्री डॉक्टर आरिफ नसीर बट्ट द्वारा उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपा गया।दरअसल मोनालिसा लकड़ा अधिवक्ता होने के साथ साथ हजारीबाग से भाजपा सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री जयंत सिन्हा के मीडिया सांसद प्रतिनिधि भी है और साथ ही साथ भाजपा महिला मोर्चा की हजारीबाग जिला मीडिया प्रभारी भी हैं। पार्टी ने उनके कामों को देखते हुए उन्हें प्रोन्नति दी है। मीडिया को संबोधित करते हुए मोनालिसा लकड़ा ने कहा के ÷पार्टी




ने जो मुझे जिम्मेवारी सौंपी है में उसमें मैं खरा उतरने का कोशिश करूंगी साथ ही साथ हजारीबाग के इलावा झारखंड प्रदेश के अल्पसंख्यकों की आवाज बनके उनके साथ सेवा में हमेशा तत्पर रहूंगी। मैं प्रदेश अध्यक्ष अनवर हयात एवं प्रदेश मंत्री डाक्टर आरिफ नसीर बट्ट जी का तहे दिल से शुक्रिया अदा करती हूं जिन्होंने मुझे इतनी बड़ी जिम्मेवारी सौंपी है और मुझ पर अपना भरोसा जताया है। मैं अपना सत प्रतिशत देने की पूरी कोशिश करूंगी।

## डीसी ने एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय के भवन निर्माण के लिए की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने मंगलवार को समाहरणालय में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (जिला निर्माण प्रबंधन समिति) की बैठक की। बैठक में परियोजना निदेशक समेकित जनजाति विकास अभिकरण सुधीर बाड़ा, जिला कल्याण पदाधिकारी संगीता शरण, अंचलाधिकारी- लापुंग, नामकुम, नगड़ी, मांडर, बेड़ो, सम्बंधित डीएसपी और संबंधित पदाधिकारी मौजूद थे। डीसी ने एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय की बैठक करते



हुए संबंधित सभी अधिकारियों को एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय के भवन निर्माण के लिए भूमि के संबंध में आ रही कठिनाइयों एवं इसके निराकरण के लिए कई निर्देश दिये। एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस) का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और दूर-दराज के क्षेत्रों में रहने वाले अनुसूचित जनजाति के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है।

उन्हें बेहतर रोजगार के अवसरों को सुरक्षित करने में मदद करने के लिए उच्च और व्यावसायिक शिक्षा और डिग्री लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत वार्ड 30 में शिविर लगा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत् 12.12.2023 को रांची नगर निगम द्वारा निगम क्षेत्रांतर्गत वार्ड नं 29 तथा वार्ड नं 30 में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे निगम द्वारा प्रदत्त सेवाओं के लिए आवेदन लिया गया तथा शिकायतों का ऑन स्पॉट निबटारा किया गया।

आज निगम स्तर से दोनो शिविर में कुल मिलाकर 44 आवेदनों का निबटारा ऑन स्पॉट किया गया।



इसके अलावा दोनो वार्ड में जरूरतमंदों के बीच कुल 283 कंबल का वितरण भी किया गया।इस मौके पर निगम की सहायक लोक चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर किरण सहित कई पदाधिकारी गण शामिल थे।बता दे 13.12.2023 को वार्ड नंबर 31 तथा वार्ड नंबर 32(पंचायत भवन, पंडरा)में शिविर का अयोजन किया जाएगा।

रांची नगर निगम सभी सम्मानित नागरिकों से अपील करता है कि अपने नजदीकी वार्ड में आयोजित शिविर में आएं और योजनाओं का लाभ लें।

## इलियास मजिद कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता मनोनीत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची ।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी ने डॉ0 इलियास मजीद को प्रदेश कमिटी का प्रवक्ता मनोनीत किया है। डॉ मजीद को मनोनयन पत्र देकर मंजूर अंसारी ने बधाई देते हुए आशा व्यक्त किया है कि डॉ इलियास मजीद कांग्रेस की नीतियों एवं कार्यक्रमों को बेहतर ढंग से रखेंगे और पार्टी को मजबूती प्रदान करते हुए सोनिया गाँधी, राहुल गाँधी और मलिल्कार्जुन खरगे अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी के हाथों को मजबूत करेंगे। डॉ इलियास मजीद को प्रदेश कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रवक्ता बनाए जाने पर , प्रदेश कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक विभाग के उपाध्यक्ष जे0डी0 तिग्गा, महासचिव सह कार्यालय प्रभारी अख्तर अली, रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो, अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य वारिस कुरैशी रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमिटी के सचिव अब्दुल सलाम अंसारी सहित अनेक कांग्रेसजनों ने बधाई दिया है ।

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रवक्ता डॉ इलियास मजीद ने सबों के प्रति आभार व्यक्त किया है उक्त जानकारी प्रदेश कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक विभाग के महासचिव अख्तर अली ने दी है।

## रांची के लाह कोठी के पास कारोबारी को मारी गोली, रिम्स में भर्ती

**रांची** : सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के लाह कोठी के पास सोमवार की रात अपराधियों ने गोपाल श्रीवास्तव ति को गोली मारकर घायल कर दिया। घायल को रिम्स में भर्ती कराया गया है। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर जांच में जुटी गई। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि गोली किसने और क्यों चलाई है। बताया जाता है कि गोपाल श्रीवास्तव का कोतवाली थाना के नजदीक हेलमेट और टायर का दुकान है। वह लाहकोठी, रातू रोड में अपोलो फार्मा में दवा लेने गया था।

## सुपर मॉडल डिजाइनर सर्च सीजन 5 के मेगा ऑडिशन का पोस्टर हुआ लॉन्च

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** अमृतनीर हर्बल प्रोडक्ट और मेराकी फैशन हाउस के संयुक्त तत्वावधान में सुपर मॉडल डिजाइनर सर्च सीजन-5 का मेगा ऑडिशन रांची के एव्रीटाइम फिटनेस में आयोजित किया जाएगा।

जिसके लिए आयोजकों ने हरमू स्थित ऑफिस में पोस्टर लॉन्च किया। आयोजक मंडली के डॉ आरिफ बट्ट ने शो के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि रांची के पहले ऑडिशन के बाद लोगों की सकारात्मक प्रक्रिया आई जिसे देखते हुए इसका मेगा ऑडिशन लिया जा रहा है। इस बार जूरी की भूमिका में झारखण्ड के मशहूर फैशन डिजाइनर सुमंगल नाग, चर्चित मॉडल विकास सिंह और रांची विमेंस कॉलेज की फैशन डिजाइनर डिपार्टमेंट की रत्ना सिंह मौजूद रहेंगी।

चार्ली और मेहुल ने बताया कि हमारी टीम ने पिछले 2 महीनो में पुरे ईस्ट इंडिया के कुल 12 जिलों में 500 से ज्यादा मॉडल्स का ऑडिशन लिया है ! रांची ऑडिशन में भी छोटे बड़े हर वर्ग में मॉडल्स बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं ! मेगा ऑडिशन को लेकर भी लोगों में काफी उत्सुकता है।

टास्कमैन इवेंट्स के निदेशक शशिकांत गुप्ता ने बताया कि इस बार शो का सेटअप इंटरनेशनल लेवल का होगा ! हमारे टीम के द्वारा शो को एक क्लासिक टच देने का प्रयास




किया जा रहा है ताकि झारखण्ड फैशन जगत से जुड़े लोग फैशन के प्रति ज्यादा जागरूक और अनुभवी बन सकें।

अमृतनीर हर्बल प्रोडक्ट के चेयरमैन पंकज कुमार ने बताया कि इस बार शो के फाइनल इवेंट में निर्णायक मंडली मुंबई और दिल्ली से बुलाये जायेंगे! ग्रूमिंग सेशन में एक से बढ़कर एक अनुभवी मॉडल्स और कोरियोग्राफर की टीम नए मॉडल्स को गाइड करने का काम करेंगे।

मौके पर लूकस, निखिल, विपिन, प्रियांजलि, अंजलि, गुलशन, अंशु तिवारी, बनी,संदीपिका रॉय आदि उपस्थित थे।

## वाईबीएनयू वार्षिक खेल प्रतियोगिता 2023 अभिनंदन का हुआ समापन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : वाईबीएन यूनिवर्सिटी रांची के तहत वाईबीएनयू वार्षिक खेल प्रतियोगिता 2023 अभिनंदन का समापन हो गया। बताते चले कि यह खेल प्रतियोगिता 6 दिसंबर को शुरू हुआ था और 4 दिनों तक होना था। मगर साइक्लोन मिचौंग के कारण आउटडोर गेम्स को स्थगित कर दिया गया था। फिर मौसम साफ होने के बाद इससे कराया गया। इस प्रतियोगिता में स्कूल ऑफ फार्मेसी ने ओवरआल विनर का किताब जीता। साथ ही सभी विजयी प्रतिभागियों को जैसे वॉलीबॉल (लड़के), कबड्डी (लड़कियां/लड़के),गोला फेंक (लड़कियां/लड़के),डिस्कस थ्रो




(लड़कियां/लड़के), शतरंज/कैरम (लड़के/लड़कियां), रस्साकशी (लड़कियां/लड़के), 100 मीटर दौड़ (लड़कियां/लड़के), में भाग लिए थे उनको प्रथम , दूसरे और तीसरे को पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार वितरण पर बोलते हुए वाईबीएन विश्वविद्यालय के प्रो चांसलर रामजी यादव ने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग है हमारे जीवन में पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी जरूरी है साथ ही साथ उन्होंने सभी प्रतिभागियों को उज्वल भविष्य की कामना के साथ बधाई एवं शुभकामनाएं दी। पुरस्कार वितरण के मौके पर वाईबीएन विश्वविद्यालय प्रशासन समिति की उपस्थिति के साथ साथ विश्वविद्यालय के सभी अधिकारी, डीएसडब्लू डॉ. अर्पणा शर्मा, युनिवर्सिटी स्पोर्ट्स अकादमी के सदस्य रजनीश कुमार महतो, मिस प्रेमी, और शिक्षक एवं छात्र-छात्राए मुख्य रुप से उपस्थित थे द्यडॉ अर्पणा शर्मा डीएसडब्ल्यू द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

## जेएससीसी की परीक्षा समय पर नहीं करवा पाना राज्य सरकार की विफलता : अभिषेक शुक्ला

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू)के रांची विश्वविद्यालय अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि अगर पिछले 4 सालों का लेखा-जोखा देखा जाए तो इस राज्य में अगर सबसे ज्यादा किसकी वर्ग को छला गया है तो वह है युवा वर्ग वर्तमान राज्य सरकार का वादा था की सत्ता में आते ही हर साल 5 लाख रोजगार देंगे, यूजी और पीजी करने वाले छात्र-छात्राओं को बेरोजगारी भत्ता 5000 और 7000 देने का वादा था लेकिन रोजगार और बेरोजगारी भत्ता तो दूर की बात जेएसएससी की परीक्षा करवाने में वर्तमान राज्य सरकार असमर्थ दिख रही है यह उनकी करनी और कथनी में फर्क को साफ दर्शाता है, अभी भी लगभग पूरे राज्य में 60 त्नसे 70त्न तक सरकारी पद रिक्त है , राज्य सरकार द्वारा जो भी वैकेंसी निकाली जाती है वह वैकेंसी का नोटिफिकेशन जारी होते ही वह वैकेंसी विवादों में फंस जाती है, राज्य सरकार का युवा वर्ग और छात्र छात्राओं पर कोई ध्यान नहीं है, राज्य का युवा वर्ग पिछले 4 वर्षों से अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहा है एवं हताश और परेशान है वही दूसरी ओर होर्डिंग एडवर्टाइजमेंट कर के राज्य सरकार अपना और अपने लोगो का चेहरा चमकने में लगी हुई हैं, लेकिन अगर जमीनी अस्तर पर ध्यान से देखा जाए तो यह सरकार युवा और छात्र छात्राओं के नजरिए से फिसड्डी साबित होती हुई दिखती है।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

झारखण्ड

रांची, बुधवार, 13 दिसंबर 2023 | पेज 4


## शैलवी राज बड़ाईक ने जीता कांस्य पदक



**कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: डीएवी कॉलेज मैनेजिंग कमिटी द्वारा आयोजित डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स में खूंटी के कर्रा प्रखंड की नवी क्लास छात्रा शैलवी राज बड़ाइक ने बैडमिंटन प्रतियोगिता म कांस्य पदक अपने नाम करके बैडमिंटन के क्षेत्र में एक बार फिर अपनी पहचान बनायी है. कर्रा के पत्रकार दुर्गा बड़ाइक की पुत्री की शैलवी राज बड़ाइक उर्फ अंकिता ने डीएवी समूह के अंतर जिला बैडमिंटन खेल प्रतियोगिता में भाग लेने के बाद अंतर्राज्यीय डीएवी खेल प्रतिस्पर्धा में भाग लेने धनबाद गयी है. जहां कई राज्यों के बैडमिंटन खिलाड़ियों से सीधा मुकाबला में आगे बढ़ती गयी और फिर कहीं कमी के बावजूद कांस्य पदक जीतकर अभिभावकों और विद्यालय का सिर ऊंचा की है. वहीं शैलवी की मां शिक्षिका उषा कुमारी ने बताया कि पढ़ाई करने के अलावे घर में ही केवल मनोरंजन के लिए कभी कभी अभ्यास करती रही है. शैलवी कभी किसी के द्वारा न तो प्रशिक्षण दिया गया न ही शैलवी को विद्यालय में अतिरिक्त बैडमिंटन क्लास करना पड़ा. इसके बावजूद शैलवी के द्वारा दूसरे राज्यों की खिलाड़ियों को हरा पाना बड़ी बात है. इससे हम सभी गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं. शैलवी जीत पर खुंटी, कर्रा, बेडो, लापुंग, रांची के पत्रकारों के अलावे, खुंटी जिला संसद प्रतिनिधि मनोज कुमार, कर्रा बीडीओ स्मिता नगेसिया,सीओ वंदना भारती के बुद्धिजीवी वर्ग और बड़ाइक समाज के लोगों का बधाई देने का तांता लगा हुआ है।

## खूँटी जिले में खुलेगा तीरंदाजी प्रशिक्षण केन्द्र

**कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: पटेल बी एड कॉलेज लोधमा के डायरेक्टर चंद्रमणी प्रसाद ने खूंटी जिला में तीरंदाजी के विकास के लिए पूर्व उपमुख्यमंत्री सह सिल्ली विधायक सुदेश महतो से मंगलवार को मुलाकात की इस दौरान खिलाड़ियों के साथ खेल के विकास पर विशेष चर्चा हुयी. बता दें कि चंद्रमणी कॉलेज के डायरेक्टर सहित यांत्रिक अभियंता और तीरंदाजी से जुड़े हुए हैं इसलिए लोधमा में उनके कॉलेज में उन्होंने अपने परिसर में तीरंदाजी प्रशिक्षण केन्द्र खोलने का प्रयास कर रहे हैं सुदेश महतो ने मुलाकात के दौरान खिलाड़ियों के लिए भरपूर सहयोग का आश्वासन दिया है और जल्द ही वे कॉलेज में तीरंदाजी केन्द्र का विधिवत रूप से शुभारंभ करेंगे. इसके लिए उन्होंने दो अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षक प्रकाश राम और शिशिर महतो के निर्देशन में प्रशिक्षक अंकिता तिवारी को पूरी तैयारी करने का निर्देश दिया है. आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में केन्द्र खुलने की सूचना से खिलाड़ियों और ज़िले में हर्ष का माहौल है।



## कर्रा में जैवविविधता प्रबंधन समिति का एक दिवसीय प्रशिक्षण

**कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: प्रखंड कार्यालय स्थित पंचायत भवन कर्रा में मंगलवार को जैव विविधता परिषद रांची के तहत जैव विविधता प्रबंधन समिति सदस्यों का एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं क्षमतावर्धन कार्यक्रम मेहा पंचायत मुखिया अजय खलखो द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया. प्रशिक्षण पर मुख्य रूप से कर्रा प्रक्षेत्र वनपाल राकेश कुमार उपस्थित हुए बीएमसी प्रशिक्षण में पीबीआर अपग्रेडेशन के बारे ,जैव विविधता संरक्षण, सतत उपयोग, बीएमसी के कार्य अधिकार के बारे में ,जैवविविधता के वास स्थल जैसे जल, जंगल, जमीन, जानवर, जलवायु एवं खेतों में पाए जाने वाले जैविक संसाधनों की जानकारी दी गयी. बीएमसी सदस्यों का खाता खोलना अपडेट करने तथा प्रोजेक्टर के माध्यम से फिल्म दिखाकर जैविक संसाधनों संपदाओं से जुड़ी ज्ञान एवं बीएमसी दस्तावेजीकरण और अपग्रेडेशन के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी. प्रशिक्षण में बतौर प्रशिक्षक जन जागरण केन्द्र के प्रतिनिधि मोहन राम लोहरा एवं निर्मल कुमार महतो ने प्रशिक्षण दिया. कार्यक्रम में कर्रा , मेहा, जुरदाग, लरता व बमरजा पंचायत के जैवविविधता प्रबंधन समिति सदस्य ने भाग लिया।

## चान्हो प्रखंड परिसर में प्रखंड कांग्रेस कमेटी का बैठक सम्पन्न

**चान्हो (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: मंगलवार को चान्हो प्रखंड मुख्यालय में प्रखंड कांग्रेस कमेटी का बैठक प्रखंड अध्यक्ष इश्तियाक अंसारी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में रांची जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष सह चान्हो प्रभारी जमील मलिक उपस्थित हुए। जमील मलिक ने उपस्थित पंचायत अध्यक्ष और प्रभारी से बूथ कमेटी पंचायत कमेटी टोला कमेटी और बीएलए गठन पर जानकारी लिया और उन्होंने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा की कांग्रेस पार्टी सेकुलर पार्टी है और इस पार्टी में सभी जाति समुदाय के लोगो को भरोसा है इसलिए सभी कोई इस पार्टी से जुड़ना चाहते है इसलिए सभी पंचायत अध्यक्ष पंचायत के प्रभारी मिलकर पार्टी ने जो टास्क दिया है उसे 20 दिसम्बर तक पूरा करें। जब आप पुर्ण रुप से टोला,बुथ, और पंचायत कमेटी का गठन कर लेंगे तो आपका पंचायत में पंचायत सम्मेलन किया जाएगा और जब पुरे पंचायत सम्मेलन कर पुरे प्रखंड का सम्मेलन होगा ताकि आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में यही कमेटी काम करने लगेगा तो आपको कहीं दिक्कत नहीं होगी इसलिए हम सभी प्रखंड के अग्रणीये नेता चुने हुए पंचायत से प्रखंड के पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दना होगा।अंत में उन्होंने आह्वान किया कि दिनांक 17.12.2023 दिन रविवार समय 11 बजे पुर्व मंत्री बंधु तिर्की और माननीय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के सौजन्य से विशाल हेल्थ शिविर का आयोजन बजरा स्कूल मैदान में किया जा रहा है उसमे आप सभी अपने-अपने पंचायत में इसका प्रचार प्रसार करे इस अवसर पर शिव उरांव मंगलेश्वर उरांव अजीत सिंह इरशाद खान अब्दुल्ला अंसारी के अलावा सभी पंचायत अध्यक्ष प्रभारी मंच मोर्चा मंडल के अध्यक्ष प्रखंड के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### डीएवी पब्लिक स्कूल सिल्ली के छात्राओं ने स्वर्ण व कांस्य पदक जीत स्कूल का नाम किया रोशन

**सिल्ली** : डी. ए.वी.नेशनल स्पोर्ट्स क्लस्टर लेवल झारखंड जोन - ई डी.ए.वी.बिस्टुपुर जमशेदपुर द्वारा 2 दिसंबर एवं 3 दिसंबर 2023 की असिस्टेंट रीजनल ऑफिसर श्रीमती प्रज्ञा सिंह द्वारा मशाल जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । जिनमें डी. ए. वी. महात्मा आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल सिल्लीके प्रतिभागियों ने बहुत ही अच्छा प्रदर्शन कर 8 स्वर्ण 15 रजत एवं चार कांस्य पदक, एवं दो ट्रॉफी जीता । रुद्र कुमार दुबे को बेस्ट एथलिट अंडर -14 एवं अयान अली एवं प्रेम महतो अंडर -14 रनर अप रहे । मल्लिका साय वुशु में गोल्ड, रिनिक मिस्त्री कराटे में गोल्ड , इभ्या मिश्रा शॉट पुट में गोल्ड ,जीशान रजा कराटे में गोल्ड ,लक्की सिंह कराटे में गोल्ड , अंकिता स्वर्णकार रजत, आर्या रानी रजत, श्रेया चंद रजत, तुषार सिंह मुरा रजत ,प्रेम कुमार महतो रजत ,अनिकेत सिंह रजत ,विकास कुमार महतो रजत, तरुण सागर रजत, अरनेश खां कांस्य, जिज्ञासा कांस्य। स्कूल की प्राचार्या सुश्री बी.शरण एवं खेल शिक्षक मधुरेंद्र कुमार सिंह तथा सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने सभी बच्चों को एवं स्टेट लेवल पर चुने गए सभी प्रतिभागियों को बहुत सारी शुभकामनाएं दी ।

# जरूरतमंदों को योजनाओं से जोड़ना कार्यक्रम का उद्देश्य : बीडीओ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो** : हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम के तहत मंगलवार को बेड़ो प्रखंड के केशा पुरिया और खुखरा के पंचायत भवन में कार्यक्रम आयोजित कर केंद्र सरकार द्वारा चलाई जाने वाली विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। आयोजन के संबंध में अपने विचार व्यक्त करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मु ने कहा कि कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों के बीच केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करना है साथ हीजरूरतमंदों को योजनाओं से जोड़ना कार्यक्रम का उद्देश्यह है। उन्होंने केंद्र से संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि केंद्र सरकार का हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम केंद्र सरकार की ओर से समाज की अंतिम व्यक्तित्व तक पहुंचाने का प्रयास है। मौके पर पूर्व 20 सूत्री अध्यक्ष राजीव रंजन अधिकारी ने कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए कार्यक्रम के के उद्देश्य के संबंध में लोगों को बताया। इनकी अलावा कृषि विज्ञान केंद्र के निदेशक , बलराम सहित अन्य ने कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए लोगों से इस कार्यक्रम का लाभ उठाने का आह्वान किया। प्रोग्राम के दौरान एलसीडी टीवी के माध्यम से प्रधानमंत्री का हमारा संकल्प विकसित भारत÷ कार्यक्रम से संबंधित विडीयो दिखाया गया। वीडियो के माध्यम से लोगों को कार्यक्रम से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों में से जो केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त कर चुके हैं उन्होंने भी अपने व्यक्तिगत विचार से लोगों को अवगत कराया। साथ ही इस कार्यक्रम को आकर्षक बनाने के लिए उपस्थित ग्रामीणों के बीच कई अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इससे पूर्व अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित किया कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संजय तिर्की, पुरुषोत्तम भाई पटेल, पंचायत के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य के अतिरिक्त जनप्रतिनिधि और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# योजनाओं की सही जानकारी ही आपके विकास की पहली सीढ़ी है : धनंजय राय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो** : झारखंड सरकार का महत्वपूर्ण कार्यक्रम आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वारा का आयोजन हरिहरपुर जमटोली पंचायत में मंगलवार को किया गया। जहां पंचायत के सभी गांव के ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित होकर शिविर का लाभ लेते देखे गए। मौके पर सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय ने सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि जानकारी के अभाव में आमतौर पर ग्रामीण अपनी आवश्यकता से जुड़ी हुई योजनाओं का लाभ नहीं ले पाते हैं। आपके लिए जरूरी है की योजनाओं के बारे में आपको सही और पूरी जानकारी हो। आपको योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ आप तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए है आपकी अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन विभिन्न पंचायत में किया जा रहा है। ताकि आप इसका आयोजन का सही लाभ ले सकें। उन्होंने कहा कि योजनाओं की सही जानकारी ही आपके विकास की पहली सीढ़ी है। मौके पर अंचल निरीक्षक विक्रम कुमार ने आंचल से संबंधित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। जबकि प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी डॉ राकेश रंजन ने पशुपालन विभाग और आपूर्ति विभाग से संबंधित कई योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। इनके अलावा पंचायत समिति सदस्य फुलमनी उरांव, पूर्व मुखिया सुनील कश्यप और मोहम्मद राशिद मीर ने लोगों से शिविर का लाभ लेने का आह्वान किया। इससे पूर्व पंचायत की मुखिया लक्ष्मी कोया ने अतिथियों का एवं ग्रामीणों का स्वागत करते हुए विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और लोगों से शिविर का लाभ उठाने की बात कही। मौके पर वन विभाग द्वारा 20 पौधों का वितरण किया गया। वहीं किशोरी समृद्धि योजना के तहत सांकेतिक रूप से साथ बच्चियों के बीच स्वीकृति पत्र वितरण किया गया। पशुधन विकास योजना के तहत सात लाभों के बीच योजना का स्वीकृति प्रमाण पत्र बांटा गया। इसी शिविर में धोती साड़ी योजना का लाभ 20 जरूरतमंदों को दिया गया। आए हुए आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए 10 बच्चों को जाति प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया गया। जेएसएलपीएस की विभिन्न महिला ग्रुप के बीच जेएसएलपीएस की ओर से 25 महिलाओं को इसी शिविर में अतिथियों के हाथों से आई कार्ड प्रदान किया गया। सांकेतिक रूप से 15 जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। आयोजन के दौरान पंचायत की मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, अंचल निरीक्षक और प्रधान लिपिक फारुख नदीम के द्वारा दो बच्चों की मुजुटठी और दो महिलाओं के गोद भराई की रसमदा की गई। कार्यक्रम में ग्रामीणों की सुविधा के लिए विभिन्न विभागों के 25 इस्टॉल लगाए गए थे जहां लोग आवश्यकता के अनुसार आवेदन विभिन्न योजनाओं के लिए समर्पित किए। कार्यक्रम के दौरान सुबह से ही ग्रामीणों के आने का सिलसिला शुरू हुआ जो शाम तक जारी रहा। प्रखंड परिवार की ओर से सभी विभागों के लगाए गए 25 इंस्टॉलो में ग्रामीण अपनी जरूरत के मुताबिक उपस्थित होकर शिविर का लाभ लेते नजर आए। मौके पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुनील केशरी, समाजसेवी जगन्नाथ भगत, राजेश कुमार, लीला मुंडा, सरवर खान के अतिरिक्त पंचायत के वार्ड सदस्य, जनप्रतिनिधि एवं सभी विभाग के कर्मी पदाधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# बैडमिंटन प्रतियोगिता में चैंपियन बनकर लौटी टीम का डीएवी बचरा में हुआ जोरदार स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार** : डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा की बैडमिंटन टीम धनबाद में संपन्न हुई राज्यस्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में विजेता बनी है।मंगलवार को चैंपियन बनने के बाद लौटी टीम का डीएवी बचरा में जोरदार स्वागत किया गया।जानकारी के अनुसार डीएवी बचरा की टीम ने पहले क्लस्टर स्तरीय प्रतियोगिता में चैंपियन बनने के बाद राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में भी चैंपियन बनकर पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र का नाम रोशन किया है।फाईनल मुकाबले मे डीएवी बचरा ने निरजा सहाय डीएवी को 2-0 से हराकर खिताब पर जमाया कब्जा है।डीएवी बचरा टीम की ओर से स्कूल के छात्र प्रियांशु तिवारी, अनीश कुमार,पीयूष कुमार तिवारी और आसिफ असलम ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया।राज्यस्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में चैंपियन बनी डीएवी बचरा की टीम अब दिल्ली में होने वाले राष्ट्रीय स्तर के बैडमिंटन प्रतियोगिता में झारखण्ड टीम का प्रतिनिधित्व करेगी।

## 100 किसानों के बीच उन्नत नस्ल के सरसो बीज का वितरण

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: प्रखंड के करॉंजी पंचायत में मंगलवार को कृषि विभाग की ओर से 100 किसानों के बीच 2-2 केजी उन्नत नस्ल के सरसो बीज का वितरण किया गया। वितरण प्रखंड कृषि पदाधिकारी अनवर अंसारी के देखरेख में मुखिया प्रतिनिधि बबलु खान ने किया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि बबलु खान ने कहा कि कि खेती कार्यो को बढ़ावा व किसानों को सहयोग के लिए सरकार हर साल बीज मुहैया कराती है। सरसों का खेती किसान के लिए लाभदायक है। धान कटनी के बाद क्षेत्र के किसान सरसों की खेती करते है। सरसों की खेती में सिंचाई की ज्यादा जरुरत नहीं होती है।

# आरटीसी स्कूल अनगड़ा में वार्षिक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अनगड़ा** : आरटीसी पब्लिक स्कूल अनगड़ा में मंगलवार को वार्षिक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। इसका उद्घाटन स्कूल के निदेशक डॉ. रुद्रनारायण महतो एवं स्कूल के प्राचार्य नरेन्द्र नाथ महतो और आरटीसी स्कूल फुरहुराटोला केदल के प्राचार्य सुरेश प्रसाद ने संयुक्त रूप से किया। इस विज्ञान प्रदर्शनी में स्कूल के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न विषयों पर अपना मॉडल बनाकर उसे प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया। इस वार्षिक आयोजन में स्कूल के सौ से अधिक विद्यार्थियों ने अपने मॉडल प्रदर्शित किया। इसमें सड़क सुरक्षा, सौर मंडल, पर्यावरण सुरक्षा, स्मार्ट सिटी व सौर ऊर्जा सहित अलग-अलग विषयों को प्रदर्शित किया। साथ ही विभिन्न विषयों पर पेंटिंग्स बनाकर प्रदर्शनी लगायी।

# बचरा बिशुझापा मे दुर्धटना को आमांत्रित कर रहा है लोहे का एंगल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार** : सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा बिशुझापा मुख्य मार्ग में लगा हुआ लोहे का एंगल इन दिनो दुर्घटना को आमंत्रित कर रहा है।जानकारी ऐ अनुसार उक्त मार्ग के दोनो ओर लगे बैरियर युक्त लोहे का एंगल से टकराने से कई वाहन दुर्धटनाग्रस्त होकर क्षतिग्रस्त हो रहा है।इस संबंध में बिशुझापा के स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि भारी और बड़े वाहनों के रोकथाम को लेकर कई वर्ष पूर्व यहां लोहे के एंगल का बैरियर लगाया गया था,लेकिन समय बीतने के साथ-साथ उक्त एंगल को काटकर छोटा कर दिया गया है और अब स्थिति यह है कि सड़क के दोनो ओर यह एंगल काफी छोटा हो गया है,जिसके कारण आवागमन करने वाले वाहन इससे टकरा कर क्षतिग्रस्त हो रहे हैं।वर्तमान मे बचरा सब्जी मंडी से झूला पुल के बीच पुल निर्माण कार्य के कारण उक्त मार्ग बंद कर दिया गया है,जिसके बाद सभी वाहनों का आवागमन बचरा बिशुझापा के रास्ते हो रही है। इस बीच वाहनों को रास्ते में वह एंगल दिखाई नहीं देता है जिसके कारण वाहन एंगल से टकरा कर क्षतिग्रस्त हो रहा है।मंगलवार को एक सीसीएल कर्मचारी का वाहन एंगल से टकरा गया,जिसके कारण कार ब्रेकडाउन हो गई।इस बीच घंटो उक्त मार्ग पर जाम की समस्या बनी रही।स्थानीय ग्रामीणों ने प्रबंधन से उक्त लोहे के एंगल को हटाने या एंगल की ऊंचाई कर उसमें रेडियम लगाने की मांग की है।


## उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गुमला
## (परिवहन शाखा)

### आम–सूचना

एतद् सूचना द्वारा गुमला जिलान्तर्गत सभी इच्छुक व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि राज्य के सुदूर क्षेत्रों में परिवहन सेवा को बेहतर बनाने एवं ग्रामीण क्षेत्रों को प्रखण्ड, अनुमण्डल एवं जिला मुख्यालय से जोड़ने के लिये राज्य सरकार द्वारा झारखण्ड मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना की शुरुआत की गई है। इस योजना के तहत् वरिष्ठ नागरिक, विधवा, विद्यालय/महाविद्यालय के विद्यार्थी, एच0आई0वी0 पोजिटिव व झारखण्ड आंदोलनकारियों को यात्रा में पूर्ण रियायत दी गई है, इसके अतिरिक्त यात्रा करने वाले व्यक्तियों से निर्धारित वाहन भाड़ा लिया जा सकेगा। इस परिप्रेक्ष्य में उप परिवहन आयुक्त–सह–सचिव, द0छो0 प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार, रांची द्वारा दिनांक 29.11.2023 को सम्पन्न बैठक में जिला स्तरीय समिति, गुमला द्वारा अनुशंसित कुल 21 ग्रामीण मार्गो को अनुमोदित किया गया है। योजनान्तर्गत वाहन मालिको को खास रियायत दी गई है । जो वाहन मालिक योजना में शामिल होते हैं, उन्हें नये वाहन के क्रय पर सब्सिडी एवं रोड टैक्स में पूर्ण छूट के साथ वाहन का निबंधन एवं परमिट सिर्फ 1 रुपये के भुगतान पर जारी किया जायेगा। योजनान्तर्गत परिचालित किये जाने वाले विभिन्न श्रेणी के लिये विशेष वित्तीय सहायता निम्नवत प्रदान किया जायेगा:–

| वाहन की श्रेणी बैठान क्षमता के आधार पर | 33 से 42 सीट तक के वाहन पर | 25 से 32 सीट तक के वाहन पर | 12 से 24 सीट तक के वाहन पर | 07 से 12 सीट तक के वाहन पर |
|---|---|---|---|---|
| देय विशेष वित्तीय सहायता | 18 रुपये प्रति किलोमीटर | 14.50 रुपये प्रति किलोमीटर | 10.50 रुपये प्रति किलोमीटर | 7.50 रुपये प्रति किलोमीटर |

अतः निम्नअंकित अनुशंसित मार्ग के लिये इच्छुक व्यक्ति इच्छा की अभिव्यक्ति के आधार पर निर्धारित विभागीय संकल्पानुरुप जिला परिवहन कार्यालय, गुमला में नये वाहन क्रय कर वाहन के संचालन हेतु आवेदन कर सकते हैं:–

| क्र0 | मार्ग का नाम (भाया सहित) | प्रस्तावित मार्ग का नाम: मूल प्रस्थान स्थन | प्रस्तावित मार्ग का नाम: मूल प्रस्थान स्थन | प्रस्तावित मार्ग का नाम | परिचालन किये जाने वाले वाहन का प्रकार (बैठान क्षमता) के अनुसार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कमलपुर से गुमला भाया चैनपुर, कुरुमगढ़ कोटाम, खरका, टोटो | कमलपुर | गुमला | 80 | 42 सीटर |
| 2 | लुपुंगपाठ से गुमला भाया घुंघरुपाठ, लोराम्बा, डोकापाठ | लुपुंगपाठ (चैनपुर) | गुमला | 80 | 42 सीटर |
| 3 | गुमला से जैरागी भाया गुमला, करमटोली, चैनपुर, डुमरी, जैरागी | गुमला | जैरागी | 88 | 42 सीटर |
| 4 | डोकापाठ से गुमला भाया लोराम्बा, चैनपुर, कुरुमगढ़, कोटाम, खरका | जनावल पंचायत | गुमला | 88 | 42 सीटर |
| 5 | गुमला से जैरागी भाया घाघरा, कोटाम, कुरुमगढ़, चैनपुर, डुमरी | गुमला | जैरागी | 110 | 42 सीटर |
| 6 | गुमला से डुमरी भाया घाघरा, कोटाम, कुरुमगढ़, चैनपुर | गुमला | डुमरी | 95 | 42 सीटर |
| 7 | गुमला से चैनपुर भाया घाघरा, कोटाम, कुरुमगढ़ | गुमला | चैनपुर | 80 | 42 सीटर |
| 8 | बसिया से कटकाही भाया नाथपूर, टेंगरिया, बघिमा, गुमला करमटोली, चैनपुर | बसिया | चैनपुर | 120 | 42 सीटर |
| 9 | तुसगांच से गुमला भाया जोरी, जरागी, कोटाम, घाघरा, खरका, टोटो | तुसगांव | गुमला | 70 | 42 सीटर |
| 10 | रामपुर से चैनपुर भाया हाफु, कुम्हारी, मुरकुण्डा, गुमला, कोटाम, कुरुमगढ़ | रामपुर | चैनपुर | 124 | 42 सीटर |
| 11 | गुमला से तुसगांव भाया घाघरा, रुकी, सलामी, हेदमी | गुमला | तुसगांव | 70 | 42 सीटर |
| 12 | सिसई से बनारी (विषुनपुर) भाया पुटो, घोड़ाटांगर, घाघरा | सिसई | विशुनपुर | 65 | 42 सीटर |
| 13 | सिसई से बनारी (विशुनपुर) भाया पुसो, कोराम्बे, घाघरा | सिसई | विशुनपुर | 75 | 42 सीटर |
| 14 | पोकला से लोहरदगा भाया करंज, कुम्हारी, पुटो, घोड़ाटांगर | पोकला | लोहरदगा | 115 | 42 सीटर |
| 15 | पोकला से गुमला भाया हाफु, कुम्हारी, मुरकुण्डा | पोकला | गुमला | 65 | 42 सीटर |
| 16 | गुमला से धुर्वा (रांची) भाया कुम्हारी, कामडारा कर्रा, लोदमा | गुमला | धुर्वा (रांची) | 120 | 42 सीटर |
| 17 | कोंसा (कामडारा) से गुमला भाया कामडारा, हाफु, कुम्हारी, कुम्हारी, जोलो | कोंसा (कामडारा) | गुमला | 70 | 42 सीटर |
| 18 | गुमला से बसिया भाया नगर (सिसई) | गुमला | बसिया | 70 | 42 सीटर |
| 19 | गुमला से बसिया भाया करंज, कुम्हारी, बसिया | गुमला | बसिया | 75 | 42 सीटर |
| 20 | पोकला से घाघरा भाया सिसई | पोकला | घाघरा | 90 | 42 सीटर |
| 21 | गुमला से बनाबीरा (सिमडेगा) भाया मांझाटोली, कोंडरा, रामरेखा | गुमला | बनाबीरा (सिमडेगा) | 85 | 42 सीटर |

आवेदन की प्रकिया व योजना के संबंध में विशेष जानकारी जिला परिवहन कार्यालय, गुमला में कार्यालय कार्यदिवस के बीच प्राप्त की जा सकती है।

PR.NO.313232 Transport(23-24):D

जिला परिवहन पदाधिकारी, गुमला।



## पलामू समाहरणालय
## प्रपत्र VII
## राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग (जिला भू-अर्जन शाखा)

अधिघोषणा (अधिनियम–30/2013 की धारा–19 (1) के अधीन)

ब्रहमोरिया मोड (N.H-75 पर) रेहला से भाया लालगढ़ पथ (कुल लम्बाई 16.873 कि0मी0) में चौड़ीकरण एवं मज़बूतीकरण।

अधिघोषणा संख्या :–829B/भू0अ0, पलामू, दिनांक :–11.12.2023

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना ब्रहमोरिया मोड (N.H-75) पर रेहला से भाया लालगढ़ पथ (कुल लम्बाई 16.873 कि0मी0) में चौड़ीकरण एवं मज़बूतीकरण कार्य हेतु, ग्राम–सेमरी खूर्द, थाना–विश्रामपुर, थाना सं0–75, अंचल–विश्रामपुर जिला–पलामू में कुल 0.1100 एकड़ यानि 0.0445 हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश 0.1100 एकड़ यानी 0.0445 हेक्टेयर है और जो ग्राम– सेमरी खूर्द, थाना–विश्रामपुर, थाना सं0–75, अंचल–विश्रामपुर जिला–पलामू में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है :–

ग्राम–सेमरी खूर्द, थाना सं0–75, कुल रकबा–0.1100 एकड़

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे प्लॉट सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 12 | 174 | रैयती | टांड़ 1 | 0.046 | देवंती कुवंर पति स्व0 नन्दकिशोर राम | रास्ता | 286 | रास्ता | निज |
| 2 | 12 | 174 | रैयती | मकान | 0.014 | नवल कुम्हार पिता बौध कुम्हार वो शिव प्रजापति पिता चुटुर प्रजापति | रास्ता | 286 | रास्ता | निज |
| 3 | 44 | 314 | रैयती | धान 2 | 0.006 | कृष्णा मुरारी ओझा पिता आशिष ओझा, मंदोदर कुवंर पति वृज किशोर ओझा, असर्फी ओझा, बिरेन्द्र ओझा पिता अनिरूद्ध ओझा | 498 | रास्ता | 500 | रास्ता |
| 4 | 06 | 50 | रैयती | टांड़ 3 | 0.026 | अशोक सिंह वगै0 पिता बच्चु सिंह वो उतयोग सिंह पिता स्व0 शीतल सिंह | – | – | – | – |
| 5 | 10 | 180 | रैयती | धान 2 मकान | 0.0120 | परिखन प्रजापति पिता जोधन प्रजापति | रास्ता | 296 | रास्ता | 294 |
| 6 | 59 | 330 | बकास्त | धान 2 | 0.006 | सुरेश ओझा पिता स्व0 देवन ओझा | – | – | – | – |
| कुल :– | | | | | 0.1100 ए0 | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30/2013 की धारा–15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए हैं, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है :–

ग्राम..............×.............. थाना..............×.............. थाना सं0..............×.............. अंचल..............×..............जिला..............×.............. क्षेत्रफल ..............×..... ....... एकड़..............×.............. यानि..............×.......... हे0 जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, पलामू के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

कानूनगो जिला भू–अर्जन कार्या0, पलामू। जिला भू–अर्जन पदाधिकारी पलामू। अपर समाहर्त्ता पलामू। उपायुक्त पलामू।

PR.NO.313239 Palamu(23-24):D



प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## सीएसआर पुरस्कार समारोह इंडिया फर्स्ट में सभी क्षेत्र के लोगों की रही भगीदारी



**जमशेदपुर/धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** देश का सबसे प्रतिष्ठित सीएसआर अवार्ड समारोह दी सीएसआर जर्नल एक्सीलेंस अवॉर्ड्स 2023 (छठा संस्करण) संपन्न हुआ। जिसमें देश के कोने-कोने से ब्यूरोक्रेट, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, युवा, कलाकारों व छात्रों सहित 600 से अधिक लोग शामिल हुए। इस आयोजन में राजनीतिक, सामाजिक और कॉरपोरेट जगत का अनूठा संगम देखने को मिला। दी सीएसआर जर्नल द्वारा आयोजित इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे मौजूद रहें। फिल्म सुपरस्टार आमिर खान ने विशेष अतिथि के रूप में दी सीएसआर जर्नल एक्सीलेंस अवार्ड्स 2023 में भाग लिया, जबकि उनकी बेटी आयरा खान को अगात्सू फाउंडेशन के माध्यम से मेन्टल हेल्थ के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम के लिए सीएसआर जर्नल एक्सीलेंस अवार्ड्स से सम्मानित किया गया। द सीएसआर जर्नल एक्सीलेंस अवॉर्ड्स 2023 कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी अवॉर्ड समारोह मुंबई के आइकोनिक सेंटर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में आयोजित किया गया। इस साल भी पुरस्कारों का विषय युवा सशक्तिकरण पर ध्यान केंद्रित करते हुए इंडिया फर्स्ट था। इस समारोह में डॉ. रविंद्र एवं स्मिता कोल्हे, कुमार विश्वास, युवराज सिंह, मिताली राज, भूमि पेडनेकर, आयरा खान जैसे प्रतिष्ठित लोगों को सम्मानित किया गया।

## केवी मेघाहातुबुरु के 8 बच्चे नये संसद भवन की कार्यवाही में होंगे शामिल



**जगन्नाथपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** केन्द्रीय विद्यालय मेघाहातुबुरु के 8 छात्र-छात्रायें जल्द ही नयी दिल्ली स्थित नया संसद भवन का भ्रमण कर संसद के अंदर चलने वाली कार्यवाही को देखेंगे. इन छात्र-छात्राओं में खुशी कुमारी एवं निष्ठा (बारहवीं), अशिका कुमारी एवं स्वप्निल पानी (ग्यारहवीं), आयुष राज, सुष्मिता साहू, एलीशा जोजो एवं शाश्वत झा (सभी नवम वर्ग) शामिल हैं. उक्त जानकारी केन्द्रीय विद्यालय मेघाहातुबुरु के प्राचार्य डा आशीष कुमार ने देते हुये कहा कि आने वाले दिनों में केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा संसद भवन जाने संबंधित तिथि की जानकारी दी जायेगी, जिसके बाद सभी बच्चों को वहां भेजा जायेगा. उल्लेखनीय है कि संसदीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार की मार्गदर्शिका व रूपरेखा अनुसार केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा 34वीं अंचल स्तरीय बाल संसद प्रतियोगिता जयपुर के केन्द्रीय विद्यालय-1 स्कूल में 5 एवं 6 दिसम्बर को आयोजित किया गया था. केन्द्रीय विद्यालय रांची संभाग की विभिन्न स्कूलों के बीच पिछले दिनों हुए मुकाबले में केन्द्रीय विद्यालय मेघाहातुबुरु की टीम विजेता हुई थी.

## कटंगा पंचायत शिविर में 651 आवेदन ऑन द स्पॉट निष्पादित




**राजनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के कटंगा पंचायत अंतर्गत उलीडीह फुटबॉल मैदान में मंगलवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनु कुमार मिश्र, प्रखंड विकास पदाधिकारी डांगुर कोड़ाह, अंचलाधिकारी हरिश चन्द्र मुंडा, प्रखंड उपप्रमुख सुमना देवी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रामजीत उर्फ लालू हांसदा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया.शिविर में विभिन्न विभागों के 21 स्टॉल लगाए गए थे. स्टॉल में सबसे अधिक अबुआ आवास पर भीड़ देखने को मिला। कार्यक्रम में प्रखंड अध्यक्ष रामजीत उर्फ लालू हांसदा ने कहा कि युवा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सोच है कि गांव के लोग योजना का लाभ लेने, जिला मुख्यालय तक आने में असमर्थ हैं। ऐसे में सरकार खुद उनके पास चलकर आ रही है और योजनाओं का लाभ दिला रही है। शिविर में कुल 1206 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 651 का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया।

## प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर के नई कमेटी की हुई बैठक, सम्मान सह मिलन समारोह 17 को



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर की नई कमेटी के पदाधिकारियों की एक बैठक सर्किट हाउस में अध्यक्ष संजीव भारद्वाज की अध्यक्षता में हुई। बैठक में तय किया गया कि 17 दिसंबर को एक सम्मान सह मिलन समारोह का आयोजन किया जायेगा। इसमें नई कमेटी का क्लब के सदस्यों से औपचारिक परिचय के साथ चुनाव संचालन समिति और चुनाव कार्य में सहयोग किये क्लब के सदस्यों का सम्मान किया जायेगा। बैठक में कार्यकारणी के विस्तार पर भी चर्चा की गई। बैठक में अध्यक्ष संजीव भारद्वाज, महासचिव विकास श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष राकेश सिंह, सुमित झा, सहायक सचिव वेद प्रकाश गुप्ता और कोषाध्यक्ष मनमान पांडेय उपस्थित थे। बैठक में आगामी 18 दिसंबर से होने वाले क्रिकेट मैच को लेकर पूर्व से तय क्रिकेट कमेटी के सदस्य भी शामिल हुए। क्रिकेट मैच की तैयारी और उसकी रुपरेखा तैयार की गई। क्रिकेट मैच टीम से अनवर शरीफ, राहुल सिंह तोमर, मनमान पांडेय, सुमित झा शामिल हुए।

### पुलिस अधीक्षक के अध्यक्षता में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन

# पिकनिक स्पॉट में हुड़दंगियों पर पुलिस की रहेगी पैनी नजर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** जिला पुलिस कार्यालय के सभागार में मंगलवार को पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार के अध्यक्षता में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के सभी थाना प्रभारियों को अपराध नियंत्रण, सभी पिकनिक स्थल में सुरक्षा की व्यवस्था, लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन, विभिन्न प्रकार के आपराधिक गतिविधियों पर कड़ी निगरानी, वारंटी एवं फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी, सड़क सुरक्षा को लेकर यातायात नियंत्रण तथा आने वाले नव वर्ष को लेकर विधि-व्यवस्था संधारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार ने पत्रकारों को बताया कि नव वर्ष के मौके पर जिले के विभिन्न पर्यटन स्थल एवं अन्य प्रमाणिक स्थल पर पिकनिक मनाया जाता है। उन्होंने कहा सभी थाना प्रभारी को अपने-अपने क्षेत्र में पिकनिक स्थल चयनित कर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। पिकनिक स्थल पर हुड़दंग मचाने वाले हुड़दंगियों पर निगरानी रखने तथा उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले के सभी थाना प्रभारी को अपराध नियंत्रण को लेकर नियमित रूप से क्राइम चेकिंग, जेल से छूटे हुए अपराधी एवं पुराने अपराधियों की गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है। आपराधिक छवि एवं अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों की सूची जिला मुख्यालय में सौंपने का निर्देश दिया गया। जिला पुलिस सरायकेला खरसावां जिले को नशा उन्मूलन अभियान चलाकर ड्रग्स जीरो जिला बनाने का अभियान चला रहा है। मासिक अपराध गोष्ठी में चांडिल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजय कुमार सिंह, पुलिस उपाधीक्षक पूजा कुमारी समेत जिले के सभी थाना प्रभारी, ओपी प्रभारी एवं बढ़िया पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

## नक्सलियों ने पूर्व उप मुखिया की गोली मारकर की हत्या



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** पश्चिमी सिंहभूम जिले के अत्यंत नक्सल प्रभावित गुदड़ी थाना क्षेत्र के रायगढ़ा में नक्सलियों ने पूर्व उप मुखिया कमल पूर्ति की गोली मारकर हत्या कर दी है। बताया जा रहा है कि नक्सलियों ने पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाते हुए उप मुखिया की हत्या की है। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने खबर की पुष्टि की है। पुलिस ने गुदड़ी थाना क्षेत्र के रायगढ़ा मुख्य सड़क से कमल पूर्ति का शव बरामद किया है। घटना सोमवार देर शाम की है। शव के पास नक्सलियों ने पोस्टर भी फेंका है। घटना जिस जगह हुई है वह इलाका घोर नक्सल प्रभावित जंगल क्षेत्र है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। बता दें कि पूर्व उप मुखिया पीएलएफआई के साथ संलिप्त होने के मामले में जेल भी जा चुका है। जेल से छूटने के बाद नक्सलियों ने इसे टारगेट कर रखा था। कहा जा रहा है कि पहले भी पूर्व उप मुखिया कमलपूर्ति के ऊपर दो बार हमले हो चुके हैं। नक्सली मौके की तलाश में थे और इसकी हत्या कर दी।

## सड़क हादसे में साइकिल सवार की मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** सोमवार की देर शाम एनएच 33 रामगढ़ समीप पिकअप वैन ने साइकिल सवार को कुचल दिया, जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। मृतक की पहचान कान्द्रबेड़ा निवासी गणेश सोरेन (30) के रूप में की गई है। वह आसनबनी स्थिति कोरियर कम्पनी डेलीवेली में काम करता था। प्राप्त जानकारी के अनुसार वह सोमवार को छुट्टी के बाद अपने घर लौटने के क्रम में उसे एक पिकअप वैन ने पीछे से धक्का मार दिया था। सिर पर गम्भीर चोट होने के कारण उनकी मौत हो गई। मंगलवार को

**लोगों ने कंपनी गेट जाम किया**

स्थानीय लोगों ने मुआवजे की मांग को लेकर आसनबनी मोड़ के पास डेलीबेली कम्पनी के अंदर शव को रखकर गेट जाम कर दिया। आसनबनी पंचायत के मुखिया मुर्मू, पूर्व जिला पार्षद ओम प्रकाश लायेक, दिलीप महतो, समेत कई जनप्रतिनिधियों का कम्पनी के पदाधिकारियों बीच वार्तालाप चला लेकिन कोई हल नही निकला । सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाया पर वे नहीं माने। खबर लिखे जाने तक समझौता नही हो पाया था।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अनुकंपा समिति की बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त रविशंकर शुक्ला के अध्यक्षता में जिला अनुकंपा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान समिति के समक्ष 05 मामलों को रखा गया। उपायुक्त द्वारा जिला अनुकंपा समिति के आधार पर नियुक्तियों हेतु आवेदनो पर विचार विमर्श किया गया। उपायुक्त द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को नियुक्ति प्रक्रिया में पारदर्शिता रखते हुए चयन प्रक्रिया करने को कहा गया।



अनुकंपा कर्मियों को नियुक्ति नियमावली अनुसार कागजात जांच के आधार पर चयनित किया गया। उपायुक्त द्वारा बताया गया कि अनुकंपा नियुक्ति हेतु पूर्व से लंबित मामलों पर गहन जांच कर उन्हें निष्पादित किए जाए। बैठक में उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार गागराई, अपर उपायुक्त सुबोध कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सरायकेला पारुल सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी चांडिल गिरजा शंकर महतो तथा जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा उपस्थित रहे।

## डीएमएफटी फंड से निर्माण होने वाली पीसीसी सड़क की हुई मापी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विधायक सुखराम उरॉव द्वारा अनुशंसित योजनाओं का प्राक्कलन तैयार करने हेतु ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल के कनीय अभियंता प्रकाश उरांव द्वारा प्रस्तावित योजना- पंचायत लाण्डुपदा के ग्राम मटकमबेड़ा में हीरालाल बोदरा के घर से पूजा शाल तक पीसीसी सड़क निर्माण के लिए योजना स्थल पर जाकर मापी किया गया। इस सड़क निर्माण की मांग को लेकर मटकमबेड़ा के ग्रामीणों द्वारा विधायक सुखराम उरॉव को मांग पत्र सौंपा गया था। ज्ञात हो कि उक्त सड़क के निर्माण हेतु विधायक द्वारा जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) मद से स्वीकृति के लिए अनुशंसा किया गया था। मापी प्रक्रिया में मुख्य रूप से बन्दगॉव विधायक प्रतिनिधि मिथुन गागराई, बन्दगॉव प्रखण्ड 20 सूत्री अध्यक्ष दोड़ाय जोंको, मार्टिन हेम्ब्रम, मंगल बोदरा, राजेन्द्र बोदरा, गुरुवारी कारमा, आशा कारमा आदि मौजूद रहे।

## सूर्य मंदिर परिसर में हो रहे बास्केटबॉल व वॉलीबॉल कोर्ट निर्माण कार्य का समिति ने किया विरोध

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर के सिदगोड़ा स्थित सूर्य मंदिर परिसर के आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक स्थल शंख मैदान में बास्केटबॉल व वॉलीबॉल कोर्ट निर्माण कार्य को लेकर सूर्य मंदिर समिति आक्रोशित है। मंगलवार को मंदिर परिसर में बास्केटबॉल एवं वॉलीबॉल कोर्ट निर्माण की जानकारी मिलने पर सूर्य मंदिर समिति के संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह, अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, रामबाबू तिवारी, दिनेश कुमार, अमरजीत सिंह राजा, शैलेश गुप्ता, कंचन दत्ता समेत काफी संख्या में मंदिर समिति के सदस्यों व आमजनों ने इसका कड़ा विरोध किया। इस दौरान जमशेदपुर अक्षेस के विशेष पदाधिकारी को इसकी जानकारी दी गयी और शंख मैदान एवं मंदिर परिसर में किसी भी तरह के निर्माण कार्य ना करने का आग्रह किया गया। जिसके बाद काम करने आये लोग चले गए। इस घटना को लेकर एक ओर जहां स्थानीय निवासियों एवं सूर्य मंदिर समिति के सदस्यों में रोष है तो वहीं, सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने इसे विधायक सरयू राय की धर्मविरोधी मानसिकता का परिचायक बताया।

## इंस्पायर अवार्ड के लिए उत्क्रमित उच्च विद्यालय चिलगु के 3 छात्र का चयन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** प्रखण्ड चांडिल अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय कल्याणपुर चिलगु के दसवीं कक्षा के तीन विद्यार्थि सरस्वती महतो, गणेश सिंह तथा नेहा तंतुबाई ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया है। विज्ञान शिक्षक सोमनाथ मंडल के मार्गदर्शन में अब तीनों छात्र 15 दिसंबर को राज्य स्तरीय प्रदर्शन सह प्रॉजेक्ट प्रतियोगिता में भाग लेंगे। ये जिला विद्यालय, राँची में आयोजित होगी जिसमें राज्य भर से 132 विद्यार्थी भाग लेंगे। विद्यार्थियों के इस प्रदर्शन से विद्यालय के प्रधानाधापिका सहित सभी शिक्षक उत्साहित हैं। बता दें कि सरकारी व निजी स्कूलों से कक्षा 6वीं से 10वीं तक के विद्यार्थियों के लिए, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार की स्वायत्त राष्ट्रीय नवप्रवर्तन संस्था की ओर से इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के तहत् नवाचारों/प्रॉजेक्ट का राष्ट्रीय स्तर पर चयन किया जाता है।



## जैट ने आवेदकों की संख्या में तोड़े अब तक के सारे रिकार्ड 1.35 लाख ने भरा जैट का फॉर्म

### जैट देश के 79 शहरों में 7 जनवरी 2024 को एक साथ होगा आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** एक्सएलआरआइ समेत देश की करीब 160 बिजनेस स्कूलों में एडमिशन के लिए होने वाली जेवियर एप्टीट्यूड टेस्ट में इस वर्ष रिकार्ड छात्र-छात्राओंने आवेदन किया है. आवेदकों के रजिस्ट्रेशन की संख्या में 40 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई. जैट 2024 के लिए प्राप्त आवेदनों की संख्या 135,000 है. पिछले कुछ वर्षों में जैट के रजिस्ट्रेशन में संख्या के लिहाज से यह अभूतपूर्व वृद्धि है. जैट 2024 का रजिस्ट्रेशन 15 जुलाई को शुरू हुआ और 10 दिसंबर, 2023 को समाप्त हुआ. जैट के संयोजक प्रोफेसर राहुल शुक्ला ने कहा कि जैट हमेशा विविधता का समर्थक रहा है, और हमारे परीक्षण का डिजाइन इसे दर्शाता है. हमने अपने उम्मीदवारों को इस संदेश पर जोर दिया है, जो रजिस्ट्रेशन में इस ऐतिहासिक उछाल के पीछे प्रेरक कारकों में से एक हो सकता है. जैट 2024 देश के 79 शहरों में कंप्यूटर आधारित परीक्षण मोड में 7 जनवरी 2024 को आयोजित होगा.



## साहित्य हमें गौर-व-फिक्र की देता है दावत : डॉ जमशेद

### करीम सिटी कॉलेज में उर्दू विभाग ने किया गेस्ट लेक्चर का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**


**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज, साकची, जमशेदपुर के उर्दू स्नातकोत्तर विभाग के तत्वाधान में एक गेस्ट लेक्चर आयोजित हुआ जिसमें अतिथि वक्ता के रूप में रांची विश्वविद्यालय से सेवानिवृत प्राध्यापक डॉ जमशेद कमर ने उपस्थित होकर सभा के समक्ष अपने विचार रखें। लेक्चर का विषय था अदब को हम कैसे समझें। डॉ कमर ने निर्धारित विषय पर बात करते हुए कहा कि साहित्य को हमें ऐसे पढ़ना चाहिए कि वह हमारे चरित्र में भी सम्मिलित हो सके और उसे हम अगली पीढ़ियां तक पहुंचने में भी सफल हो सकें। उन्होंने कहा कि साहित्य हमें स्वयं पढ़ना चाहिए और उस पर गहन विचार करना चाहिए क्योंकि साहित्य हमें गौर-व-फिक्र की दावत देता है। मुख्य अतिथि से पहले विभागाध्यक्ष डॉ अफसर काजमी ने अतिथि वक्ता का स्वागत किया। सभा की अध्यक्षता प्राचार्ज डा मोहम्मद रेयाज ने की। परीक्षा नियंत्रक डॉ बी एन त्रिपाठी तथा प्रो मोहम्मद ईसा ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को सम्मानित किया। अन्त में डॉ शाहबाज अंसारी ने धन्यवाद ज्ञापन किया।



## अनियंत्रित बाइक की टक्कर से युवक की मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**घाटशिला :** घाटशिला थाना क्षेत्र के काशिदा स्थित नेशनल हाईवे के सर्विस रोड पर मंगलवार की सुबह टहल रहे युवक संजय दंडपाठ को अनियंत्रित बाइक सवार ने जोरदार धक्का मार दिया जिससे दुर्घटना में दोनों घायल हो गए। एंबुलेंस की मदद से बाइक सवार को अनुमंडल अस्पताल लाया गया। वहीं संजय को स्थानीय लोगों ने निजी नर्सिंग होम पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान संजय की मौत हो गई। जबकी बाइक सवार टीके मिश्रा की गंभीर स्थिति को देखते हुए एमजीएम अस्पताल रेफर कर दिया गया है। घटना के संबंध में धालभूमगढ़ थाना क्षेत्र के नरसिंहगढ़ गांव निवासी घायल टीके मिश्रा ने बताया कि जमशेदपुर से वे अपनी बाइक से अपने घर नरसिंहगढ़ जा रहे थे। कसीदा के समीप सर्विस रोड पर एक व्यक्ति टहल रहे थे. अचानक उसे देखकर बाइक अनियंत्रित हो गई सीधे जाकर टक्कर मार दिया। टीके मिश्रा को गंभीर चोट लगी है। जानकारी के अनुसार काशीदा गांव निवासी संजय दंडपाठ जमशेदपुर प्रखंड में पंचायत सेवक के पद पर कार्यरत है।



## संक्षिप्त खबरें

### आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन विभिन्न क्षेत्रों के पंचायतों में किया जा रहा है। पंचायतों में लगने वाले शिविर को लेकर युवाओं खासकर छात्राओं में उत्साह देखा जा रहा है। छात्राएं स्टालों में जाकर योजनाओं की जानकारी लेकर इसका लाभ उठा रही है। टाटीझरिया प्रखण्ड की बेड़म पंचायत की रहनेवाली एवं उत्क्रमित उच्च विद्यालय की 12वीं की छात्राएं सुनीता कुमारी, नेहा कुमारी तथा पूजा कुमारी को प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी के हाथों सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ दिया गया। अपने भविष्य को लेकर आशावान छात्राओं ने कहा कि वे इस योजना का लाभ लेकर अपनी शिक्षा जारी रख सकती है। उन्होंने इस योजना के लिए झारखंड सरकार का आभार व्यक्त किया है। छात्राओं ने कहा कि जनसंपर्क जागरूकता प्रचार रथ के माध्यम से शिविर की जानकारी मिली थी। उन्होंने सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना के लिए शिविर में अपना आवेदन समर्पित किया था। कागजात की जांच कर उनके नाम को स्वीकृति दे दिया गया और उनका नाम सूची में शामिल हो गया। इस मौके पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी और अंचलाधिकारी ने उन्हें स्वीकृति पत्र प्रदान किया।

### क्विज और वाद विवाद प्रतियोगिता छात्राओं के लिए एक ज्ञानवर्धक उपलब्धि है : शाहीन रिजवान

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुस्लिम गर्ल्स हाई स्कूल के प्रांगण में शिक्षिका शाहीन रिजवान द्वारा एक इंटर स्कूल इस्लामिक क्वीज और डिबेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें हजारीबाग के विभिन्न स्कूलों और विनोबा भावे विश्वविद्यालय की बच्चियों ने भाग लिया,यह कार्यक्रम आयोजन एक सामाजिक और इस्लामिक संस्थान परवाज ने किया था । इस कार्यक्रम में सभी स्कूल की बच्चियों से कई राउण्ड में लगभग दो सौ से अधिक इस्लामिक प्रश्न पूछे गए , इस सवाल जवाब का संचालन विनोबा भावे विश्वविद्यालय एम कॉम की छात्रा उमेरा महफूज ने किया। कई प्रश्न उपस्थितगण से भी पूछे गए और जिसमें सभी ऑडियंस ने बहुत आनन्द और उत्साह से जवाब दिया, क्वीज प्रतियोगिता में 3 राउण्ड प्रश्न पूछे गए , जिसमें अजीम मोडल स्कूल लाखे की बच्चियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर उर्दू मुस्लिम गर्ल्स हाई स्कूल और तीसरे स्थान को विजेता झारखण्ड पब्लिक स्कूल की बच्चियां हुई,सभी विजेताओं को शाहीन रिज़वान ने ट्रॉफी और मेमेन्टो देकर सम्मानित किया। उनके साथ उनके स्कूल की प्रधानाध्यापिका तबस्सुम सुल्ताना और शिक्षिका अंजुम आरा का पूरा सहयोग रहा। डिबेट प्रतियोगिता का शीर्षक जेन्डर इक्वालिटी था, इसमें पहली विजेता मिल्लत एकेडमी की आयशा तबस्सुम और विनोबा भावे की छात्रा उमेरा महफूज दूसरे स्थान पर रही, विनोवा भावे विश्वविद्यालय की अंग्रेजी डिपार्टमेंट से फलक नाज और तहनीत फातमा ने भी भाग लिया । प्रोग्राम में जज का रोल संजीदा नाजनीन, शगुफ्ता परवीन, हरीम कुदसी ने अदा किया। शाहीन रिजवान ने कहा कि कोई भी प्रतियोगिता दुसरो से नहीं होती बल्कि अपने अन्दर के डर और %झिझक से होती है। यदि डर को जीत गए तो हर क्षेत्र में जीत है।उन्होंने कहा कि हारने का मतलब केवल असफल हो जाना नहीं होता इसका मतलब है कि अब आपके पास फिर से एक नया कुछ करने का रीजन है।

### के बी महिला कॉलेज के राहुल की लिखी किताब 'मास्टरिंग बिज़नेस कम्युनिकेशन' का हुआ विमोचन

**हज़ारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** के बी महिला महाविद्यालय में अंग्रेजी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर पदस्थापित राहुल कुमार ने 'मास्टरिंग बिज़नेस कम्युनिकेशन- योर की टू सक्सेस ' नामक एक पुस्तक लिखी है। इस पुस्तक का विमोचन मंगलवार को के बी महिला महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ शारदा शर्मा, डॉ मुकुल कुमार, डॉ श्रवण सहाय, डॉ नंदा वर्मा,डॉ अनुपमा सिंह, डॉ प्रमिला गुप्ता, डॉ निकुंज नीलिमा के द्वारा किया गया । मौके पर प्राचार्या ने राहुल की इस उपलब्धी पर बधाई देते हुए पुस्तक की विशेषताएँ बताई तथा उन्होंने बताया कि इस पुस्तक से छात्रों को काफ़ी फ़ायदा मिलेगा साथ हीं उन्होंने राहुल की उज्ज्वल भविष्य की कामना की । वहीं डॉ प्रमिला गुप्ता ने राहुल को बधाई दी तथा उन्होंने कहा कि एक पुस्तक लिखने में सालों की मेहनत लगती है जो की इस पुस्तक में दिख रही है । इस पुस्तक के माध्यम से आने वाली कई पीढ़ी लाभान्वित होती रहेगी । सभी ने राहुल के इस किताब के लिए उनकी जमकर सरहाना की और भविष्य में ऐसी और भी पुस्तकों की रचना करने के लिए प्रोत्साहित भी किया। वहीं राहुल ने पुस्तक के बारे में विस्तृत जानकारी दिया और बताया कि यह पुस्तक विनोबा भावे यूनिवर्सिटी में चल रहे अलग अलग वोकेशनल कोर्सेज सहित बी कॉम, बीबीए और एमबीए की सिलेबस के आधार पर तैयार की गई है। इस पुस्तक से छात्रों को काफी फायदा मिलने वाला है। उन्होंने कहा कि इस विषय पर फिलहाल पुस्तक उपलब्ध नहीं है। लिहाजा वोकेशनल सहित बी कॉम ,बीबीए और एमबीए के विद्यार्थी काफी लाभांवित होने वाले हैं। उन्होंने बताया कि इस बुक को तैयार करने में पूरे एक साल का समय लगा और इसमें अपने सीनियर के साथ सहकर्मी का भी काफी सहयोग मिला है।

### भंडारों पंचायत में सरकार आपके द्वारा पहुंची, 750 अबुआ आवास का आया आवेदन

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड सरकार का महत्वाकांक्षी अभियान आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा को आम जनता का समर्थन मिल रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को बरही प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत भंडारो में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार में बतौर मुख्य अतिथि बरही विधायक उमाशंकर अकेला, कांग्रेस अनुसूचित जाति के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान, जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार,सीओ रामनारायण खलको, बीसीओ संजय यादव, प्रखंड अध्यक्ष अब्दूल मनान वारसी, ज़िलापाध्यक्ष मो असलम, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, शमसेर आलम, मुखिया रीना देवी, पुर्व मुखिया दसरथ यादव, पप्पू खान, बंधन यादव ने संयुक्त रूप दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत किया।मौके विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि राज्य के हेमंत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का लक्ष्य है,जिसको लेकर हर पंचायत में शिविर लगाया जा रहा है ताकि आम जनता को ब्लॉक का चक्कर नहीं लगाना पड़े। शिविर के माध्यम से कई योजनाओं का कार्य ऑन द स्पॉट हो रहा है। वहीं शिविर में मामले आए 1921,जिसका निस्पादन 974 हुए और लंबित 947 रहा। अबुआ आवास के लिए 750 आवेदन आए। वहीं कई जन कल्याणकारी योजनाओं का निष्पादन किया गया।

### विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर बाल मजदूरों को किया गया रेस्क्यू

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला के बड़ा बाजार थाना अंतर्गत नया बस स्टैंड के विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर बाल मजदूरों को रेस्क्यू किया गया। उक्त छापामारी हजारीबाग जिले के बाल कल्याण पदाधिकारी संजय प्रसाद एवं श्रम प्रवर्तक पदाधिकारी देव कुमार मिश्रा के अगुवाई में गठित धाबा दल द्वारा किया गया । जिसमें बड़ा बाजार थाना से सब इंस्पेक्टर मोतीलाल राम एवं कांस्टेबल अमित कुमार और जन सेवा परिषद हजारीबाग के कम्युनिटी सोशल वर्कर प्रमिला देवी स्वीटी कुमारी प्रमेश्व प्रसाद सुनील ठाकुर एवं कार्यक्रम संयोजक करुणा निधि पांडे काउंसलर ऋषभ सिंह शामिल थे। मुक्त करवाए गए बाल मजदूरों के पुनर्वास हेतु एवं उज्जवल भविष्य के लिए उन लोगों को जिला बाल कल्याण समिति में प्रस्तुत किया गया।

## विद्यार्थियों को दी गई साइबर फ्रॉड से बचने की जानकारी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** 26 में स्थापना दिवस पर सॉफ्टेक कंप्यूटर एजुकेशन की ओर से प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में साइबर फ्रॉड और उससे बचने की जानकारियां दी जा रही है. मंगलवार को केंद्र निदेशक जयदीप कुमार सिन्हा ने प्लस टू उच्च विद्यालय और परियोजना बालिका उच्च विद्यालय बरही में साइबर क्राइम के विभिन्न तरीकों से छात्र छात्राओं को जानकारी दिया. बताया गया कि खेल-खेल में या मनोरंजन के लिए अपने स्मार्टफोन पर किया गया एक क्लिक जिंदगी को तबाह कर सकता है. किसी भी परिस्थिति में अनजान लिंक पर क्लिक अथवा किसी के साथ अपना गोपनीय पिन या ओटीपी शेयर नही करने की बात कही गई.

यह भी बताया गया कि साइबर क्राइम करने वाले विभिन्न मार्ग अपना कर लोगों को फसाने का काम कर रहे हैं. उनके द्वारा कभी कस्टमर केयर तो कभी दोस्त बनकर अथवा सरकारी सुविधाओ का लालच देकर लोगो को चंगुल में फंसाने का काम किया जा रहा है. ऐसे फ्रॉड कॉल से सावधान रहने की बात कही गई. इसके साथ ही

## जनता दरबार में एक दर्जन से अधिक मामले आए, उपायुक्त ने निष्पादन करने का दिया निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** उपायुक्त नैंसी सहाय ने मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। साप्ताहिक आयोजित होने वाले जनता दरबार में जिले वासियों की समस्याओं के निवारण के लिए उपायुक्त के समक्ष लगभग एक दर्जन से अधिक मामलो के आवेदन आए। जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के समस्याओं से निष्पादन की आस लिए आए नागरिकों के फरियाद को सुन उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को जांचोपरांत न्याय संगत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। फरियादियों द्वारा आम गैर मजुरूआ रास्ता में जबरन मकान बनाने के संबंध में, एलपीसी निर्गत करने के संबंध में, पारिवारिक विवाद निपटारा के संबंध में,अधिग्रहित भूमि के मुआवजा भुगतान के संबंध



में,जीविकोपार्जन के लिए रोजगार उपलब्ध कराने के संबंध में,पीएम आवास योजना में अनिमियतता के संबंध में,खतियानी जमीं हड़पने के संबंध में,भू रैयतों का मुआवजा भुगतान करने के संबंध में एवं इस दौरान रोजगार, मनरेगा, भूमि, म्यूटेशन, पेंशन, भूमिअधिग्रहण, आवास, राशन आदि समस्याओं से संबंधित आवेदन आए तथा उन आवेदनों को मार्क कर संबंधित अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन के आदेश दिए।

## डीएवी हज़ारीबाग के चार छात्रों का वीवीएम के राष्ट्रीय स्तर के शिविर के लिए चयन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** डीएवी पब्लिक स्कूल हज़ारीबाग के छात्रों ने 10 दिसंबर 2023 को सीआईएमएफआर/सीएसआईआर, धनबाद में आयोजित विद्यार्थी विज्ञान मंथन 2023-24 के राज्य स्तरीय शिविर में शानदार सफलता हासिल कर एक बार फिर स्कूल का नाम रोशन किया है। ज्ञात हो कि स्कूल के 4 विद्यार्थी मई माह में भोपाल में आयोजित होने वाले वीवीएम के राष्ट्र- स्तरीय शिविर के लिए चयनित हुए थे। डीएवी हज़ारीबाग की विरासत को लगातार तीसरे वर्ष भी कायम रखते हुए विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय कैंप में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। आयुष कुमार कक्षा षष्ठी , सौम्यापलक कक्षा एकादश इन दोनों ने प्रथम रैंक हासिल किया और पूर्णिम राज, कक्षा दशमी और दीक्षिता सिंह, कक्षा एकादश ने अपनी श्रेणी में द्वितीय रैंक हासिल किया । वे वीवीएम के राष्ट्र स्तरीय कैंप में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे ।

## यूथ विंग के संरक्षक ने सदर अस्पताल परिसर में पार्किंग वसूली का किया विरोध

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** जिले के शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में हजारों मरीज तथा उनके परिजन का आवागमन प्रतिदिन अस्पताल परिसर में होता है। लोग दूसरे पर आश्रित होकर अपनों का इलाज करने के लिए अस्पताल परिसर पहुंचते हैं और ऐसी दृष्टिकोण में अस्पताल परिसर में पिछले कई दिनों से पार्किंग वसूली की जा रही है। हर लोगों से पार्किंग वसूली में दो पहिया वाहन के लिए रु 10 शुल्क निर्धारित किया गया है वही चार




पहिया वाहन वालों के लिए रु 20 शुल्क निर्धारित किया गया है। और यह महज 1 घंटे के लिए ही सीमित है। इस बात को लेकर हर कोई अपने-अपने हिसाब से विरोध तथा निंदा कर रहा है। हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन एवं सचिव संजय कुमार मंगलवार को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर पहुंचे। जहां पर हर व्यक्ति से पार्किंग शुल्क लिया जा रहा था। लोगों के द्वारा कहा जा रहा था कि बस हम तुरंत आ रहे हैं, इसके बावजूद लोगों से पार्किंग शुल्क लिया जा रहा था।

इस घटना को देखकर संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने अस्पताल परिसर में नगर निगम पार्किंग शुल्क की निंदा करते हुए कहा कि यह नगर निगम के द्वारा अमानवीय कदम है, मरीज को अपने इलाज से ज्यादा पैसा पार्किंग वाले को देना पड़ेगा।श्री जैन ने नगर निगम तथा जिला प्रशासन से अस्पताल परिसर से पार्किंग वसूली को तत्काल हटाने का आग्रह किया।

## मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने बच्चों के बीच किया पोशाक का वितरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** प्रखंड अंतर्गत धनवार पंचायत के मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने राजकीय उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय धनवार में 188 बच्चों के बीच पोशाक का वितरण किया गया। जिसमें कक्षा 3 से लेकर 8 तक के बच्चों शामिल थे। इस अवसर पर पंचायत के मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि बच्चे हमारे देश का भविष्य है। इन्हें सुरक्षित व बेहतर तरीके से शिक्षा मिलनी चाहिए। बच्चों के नियमित स्कूल आने



से ही वह अच्छी शिक्षा बेहतर भविष्य को जान पाएंगे, बच्चे प्रतिदिन स्कूल आवे और मन अच्छे से लगाकर पढ़े इस बीच पोशाक पाकर बच्चे बहुत खुश हुए। मौके पर स्थानीय मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, महिला समाजसेवी ममता देवी, पंचायत समिति सदस्या संतोषी देवी, प्रधानाध्यापिका तहमीजा तबस्सुम, सहायक शिक्षक मोहम्मद अल्ताफ हुसैन, मोहम्मद अफरोज आलम, उपेंद्र प्रसाद, सीताराम, अमरेंद्र राम, नजमा खातून, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नजमा खातून, उपाध्याय सइदा बानो, सदस्य रुबिया खातून ,सचिव तहमीजा तबस्सुम, वार्ड सदस्य हसमत अली, अभिभावक एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थें।

## विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन ने गौ परिवार संत प्रमुख को दिया कंबल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन बढ़ते हुए ठंड को देखते हुए कंबल वितरण अभियान को और भी ज्यादा गति दिया जा रहा है। इस कड़ी में आज मंगलवार को चौपारण प्रखंड के चैथी पंचायत अंतर्गत केंदुआ मोड स्थित गौ परिवार संत प्रमुख श्री श्री 1008 श्री प्रकाश गिरी फलाहारी बाबा को फाउंडेशन के चौपारण प्रखंड संयोजक आशीष सिंह के नेतृत्व में फाउंडेशन के सदस्यों ने कंबल सौंपते हुए अत्यंत जरूरतमंद परिवारों के बीच वितरण करने का आग्रह किया है।मौके पर संत प्रमुख फलाहारी बाबा ने इस



पुनीत कार्य के लिए विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि गुरुदेव दादी मां गौ सेवा ट्रस्ट के नेतृत्व में अत्यंत पिछड़े गरीब निर्धन परिवारों के बीच शीघ्र कंबल का वितरण होगा।

वहीं वरिष्ठ समाजसेवी अशोक सिंह ने कहा है कि फाउंडेशन के द्वारा जनहित में निस्वार्थ भाव से किए जा रहे सेवा को देखकर आम जनमानस को इससे प्रेरणा लेनी चाहिए द्य इस मौके पर विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन के अध्यक्ष मंजीत यादव, चौपारण प्रखंड संयोजक आशीष सिंह, प्रमोद सिंह, समाजसेवी अशोक सिंह, मनोहर यादव, शरीफुल हक, राज्यपाल दांगी, लक्ष्मी सिंह, आदि उपस्थित थे।

## चेपाकला पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में कुल 778 आवेदन में तत्काल 215 का हुआ निष्पादन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** प्रखंड के चेपाकला पंचायत भवन में आपकी योजना, आपकी सरकार,आपके द्वार शिविर का आयोजन मुखिया अनिकेत नायक की अध्यक्षता में की गई। शिविर का संचालन पंचायत समिति सदस्य कृष्णा राम के द्वारा किया गया। शिविर का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल, मुखिया अनिकेत नायक एवं पंचायत समिति सदस्य कृष्णा राम के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाएं गांव तक पहुंचाने के लिए इस प्रकार की शिविर आयोजित हो रही है। शिविर में अधिक से अधिक लोग उपस्थित होकर योजना का लाभ उठा रहे हैं। जो मामले तत्काल निष्पादन नहीं किया जा रहा है वह हर हाल में संबंधित विभाग द्वारा बहुत जल्द निष्पादन की जाएगी। इस पंचायत के कई गांव विस्थापित है बावजूद अधिक से अधिक योजनाएं क्रियान्वयन करने का प्रयास किया जाएगा। शिविर में कुल 778 आवेदन आए जिसमें तत्काल 215 आवेदन का निष्पादन किया गया। 563 मामले को संबंधित विभाग को अग्रसारित किया गया। 445 आवेदन अबुआ आवास योजना, 43 आवेदन सर्वजन पेंशन, 50 आवेदन पशु शेड, 5 आवेदन बिरसा सिंचाई कूप, धोती साड़ी योजना से 75 वितरण किया गया, वहीं कंबल वितरण 25, स्वास्थ जांच एवं दवा वितरण 55,नेत्र जांच 2, सावित्रीबाई फुलो योजना 9,आधार के लिए 4, 42 पशुपालकों के बीच दवा का वितरण, 6 जॉब कार्ड का वितरण, सावित्रीबाई फूलों समृद्धि योजना 9, जन्म प्रमाण पत्र के 2, मृत्यु प्रमाण पत्र का 9 सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुआ। मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी रवि रंजन, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी भास्कर राज, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी उमाशंकर प्रसाद, प्रखंड कोऑर्डिनेटर आशीष कुमार, बीपीओ अरुण पासवान, आंगनबाड़ी पर्यवेक्षिका पूजा राय, पवन कुमार, आनंद कुमार, विवेक कुमार, आनंद कुमार, सहिया साथी, सहिया दीदी, आंगनबाड़ी, सेविका, स्वास्थ्यकर्मी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

## आदर्श डीएवी पब्लिक स्कूल, विष्णुगढ़ में फिट इंडिया कार्यक्रम का शुभारंभ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड मुख्यालय चेडरा में सीबीएससी द्वारा मान्यता प्राप्त आदर्श डीएवी पब्लिक स्कूल में 11 दिसम्बर 2023 से फिट इंडिया सप्ताह का शुभारंभ किया गया। फिट इंडिया कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए आदर्श डीएवी पब्लिक स्कूल प्रबंध निदेशक सागर कुमार ने बताया कि इस उत्सव में विद्यालय के सभी कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लेकर अपने स्वस्थ होने का परिचय दिया।इस कार्यक्रम में पोस्टर मेकिंग,डिबेट,क्विज,निबंध लेखन,खो-खो,100 मीटर,200 मीटर दौड़,थ्री लेग रेस,फ्रॉग जम्प रेस, स्पून रेस,म्यूजिकल चेयर रेस, सुई-धागा रेस, कब्बडी, बालीबाल, लॉन्ग जम्प,हाई जम्प, ट्रिपल इत्यादि खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। विद्यालय के प्राचार्य दिग्विजय नारायण ने इस प्रतियोगिता पर काफी गहनता से रौशनी डालते कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता से बच्चों में झिझक और डर खत्म होता है,जिससे बच्चे निडर और साहसी बनते है।और जिन बच्चों में निडरता और साहस का संगम हो वे दुनियाँ की हर जंग लड़ सकते है,और उन्हें ही जीत और सफलता प्राप्त होती है। बताते है,कि छोटे-छोटे बच्चों एलकेजी,यूकेजी के छात्रों द्वारा खेल प्रतियोगिता का प्रारंभ किया गया।बच्चो ने खेल का आनंद पूरे मजे लेकर उठाया।

## सामुहिक विवाह की तैयारी में सपरिवार जुटे विधायक मनीष जायसवाल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** सदर विधायक मनीष जायसवाल द्वारा अपने दो जुड़वे छोटे भाई प्रशांत जायसवाल और निशांत जायसवाल की शादी की 25 वीं सालगिरह के मौके पर एक अनूठी पहल की शुरूआत करते हुए हजारीबाग के डीपीएस स्कूल मैदान में आगामी14 दिसंबर को निर्धन परिवार के 25 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्मेलन का विराट और पुनीत आयोजन किया जा रहा है। आयोजन की तैयारी में लगातार विधायक मनीष जायसवाल और उनके परिवार के अन्य सदस्य युद्धस्तर पर जुटे हुए हैं। इस सामूहिक विवाह में शामिल सभी 25 जोड़ों के शादी और शादी के बाद गृहस्थी बसाने एवं बेरोजगार दूल्हा के रोज़गार की भी चिंता की गई है। बेरोजगार दूल्हों को टोटो भेंटकर और गृहस्थ में उपयोग होने वाले



अन्य सामग्री भेंट करने की योजना है। इसके लिए सभी प्रकार के जरूरी सामान की उपलब्धता कर ली गई है। सामूहिक विवाह स्थल डीपीएस स्कूल प्रांगण में 25 जोड़ों के लिए 25 बेहद आकर्षक मंडप का निर्माण कार्य जारी है। यहां एक विशाल स्टेज होगा जहां बारातियों और शादी के शामिल होने वाले अतिथियों के मनोरंजन का भरपूर इंतजाम किया जाएगा। इससे पूर्व मंगलवार को डीपीएस स्कूल प्रांगण में मेंहदी उत्सव का आयोजन किया गया। इस आयोजन में पश्चिम बंगाल के कोलकाता शहर से यूनिक म्यूजिकल फेरे के लिए सुप्रसिद्ध राघवेंद्र कुमार गौतम उर्फ़ राघव पंडित और उनकी 40 सदस्यीय टीम पहुंच रही है जो 25 जोड़े का वैवाहिक कार्यक्रम विधि विधान से सम्पन्न कराएगी।

## जरूरतमंदों के सहायतार्थ कांग्रेस पार्टी द्वारा स्टॉल लगाकर लोगों को किया जा रहा सहयोग : अब्दुल मनान वारसी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** प्रखण्ड के भंडारों पंचायत में लोगों के लिये आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम पंचायत भवन में आयोजित हुई। इस कार्यक्रम में जरूरतमंदों की सहायतार्थ कांग्रेस पार्टी द्वारा एक स्टॉल लगाकर लोगों का सहयोग किया गया और उनका फॉर्म भरने से लेकर हर योजना से सम्बंधित जानकारी उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने कहा की आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित शिविर को लेकर लाभुकों में काफी उत्साह देखा जा रहा है।

भंडारों पंचायत में पंचायत के लोगों ने भारी संख्या में अपने नजदीकी शिविर में पहुंचकर सरकार की जनकल्याणकारी योजना का लाभ उठाया। साथ ही शिविर में




आमजनों की समस्याओं का ऑन द स्पॉट निष्पादन एवं सुयोग्य लाभुकों के बीच कम्बल, धोती-साड़ी का वितरण भी किया गया।

इस शिविर के माध्यम से आय, जन्म, मृत्यु जाति, आवासीय प्रमाण, दिव्यांगता प्रमाण पत्र, भूमि से संबंधित मामलों का निपटारा, आयुष्मान कार्ड, सोना सोबरन धोती साड़ी योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, पशुधन योजना, सर्वजन पेंशन योजना, कंबल वितरण के साथ साथ स्वास्थ्य कैप भी लगाया। झारखण्ड सरकार के द्वारा पूरे राज्य में विभिन्न पंचायत और वार्ड में शिविर लगाकर सरकार के योजनाओं का लाभ जरूरतमंद व्यक्तियों तक पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है, कांग्रेस पार्टी भी वैसे जरूरतमंद लोगों को जागरुक कर इस शिविर तक पहुंचाने का हर संभव प्रयास करेगी और उनको सरकारी लाभ दिलाने का प्रयास करेगी जो सरकार के मापदंड को पूरा करेगा। शिविर लगाने का मुख्य उद्देश्य रहा लोगो को जागरूक करना, वैसे लोगो को मदद करना जो फॉर्म को नही भर सकते है।

## संयुक्त संघर्ष मोर्चा सयाल द्वारा 14 दिसंबर की धरना प्रदर्शन अस्थगित

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सयाल के संयुक्त संघर्ष मोर्चा के द्वारा पुर्व में निर्धारित 14 दिसंबर की एक दिवसीय धरना प्रदर्शन को मुखियाओ के दो दिनी जिला में प्रशिक्षण पर जाने के कारण अस्थगित कर दिया गया है। वहीं मुखियाओ के लौटने पर जल्द ही धरना की नई तिथि की घोषणा कि जाएगी। उक्त जानकारी सयाल संघर्ष मोर्चा के जशिम अंसारी ने दी।

## मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत हुलासो देवी को मिला बकरी पालन योजना का लाभ

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरकार के 4 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राज्य के दूरदराज क्षेत्र में रह रहे लोगों को सरकार के कल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित करने के उद्देश्य से आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत ऑन द स्पॉट आम लोगों की



समस्याओं का समाधान करते हुए अन्य योजनाओं का लाभ भी दिया जा रहा है। इसी क्रम में रामगढ़ प्रखंड के दोहाकातु पंचायत में आयोजित शिविर के दौरान लाभुक हुलासो देवी को मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत 90त्न अनुदान पर चार बकरियाँ एवं एक बकरा उपलब्ध कराया गया। मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं जिला प्रशासन रामगढ़ का धन्यवाद करते हुए लाभुक हुलासो देवी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में अपने पास चार बकरियों का होना बहुत बड़ी बात है इसके पूर्व भी किसी तरह पैसे जोड़कर उन्होंने बकरियां ली थी लेकिन स्वास्थ्य कारणों से व जागरूकता के अभाव में वे लंबे समय तक जीवित नहीं रह सकी लेकिन अब जब राज्य सरकार द्वारा मुझे मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत चार बकरियां एवं एक बकरा उपलब्ध कराया गया है तो मुझे बताया गया है कि 1 वर्ष तक के लिए मुझे योजना के तहत बीमा का भी लाभ दिया जाएगा मेरे लिए यह बहुत ही खुशी की बात है मैं कोशिश करूंगी की सरकार द्वारा मुझे जो भी लाभ प्राप्त हुआ है मैं उसका सही तरीके से उपयोग कर अपने जीवन को और भी अच्छा बना सकूँ एवं अपने परिवार का भी विकास कर सकूं।

## रामगढ़ प्रखंड के पंचायत भवन दोहाकातु में विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ के आदेशानुसार रामगढ़ प्रखंड के पंचायत भवन दोहाकातु में विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। जिस शिविर में लोगों को सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे जानकारी दिया और योजनाओं को लाभ लेने हेतु



प्रेरित किया। इस शिविर में लाभुको के बीच में परिसंपति का वितरण किया गया। इस विधिक जागरूकता शिविर के बैनर तले कानूनी जागरूकता के तहत शिविर में आदिवासी महिलाओं को कानूनी जानकारी में उन्हें छुआछूत विरोधी कानून, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006,अनुसूचित जाति एवं अनुज़ जनजाति के अधिकारों से संबंधित कानून, समान पारिश्रमिक अधिनियम 1976 एवं न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948,घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम 2005,तेजाब हमले से पीड़ित के लिए मुआवजा योजना, किशोर न्याय और बालकों की देखरेख , दहेज प्रथा, इत्यादि कानून के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया।

## धूमधाम से सम्पन्न हुआ ओशो का जन्मदिवस



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** समर्थगुरु के आशीष से रामगढ़ शहर के बिजुलिया तालाब रोड के समीप स्थित स्वामी मनोज गुप्ता एवं स्वाति गुप्ता के निवास पर परम गुरु ओशो के अवतरण दिवस का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ आगत अतिथियों के प्रति सम्माननीय उद्बोधन,गुरुपीठ के समक्ष वरिष्ठजनों द्वारा दीप प्रज्वलन तथा उपस्थित समस्त ओशो प्रेमियों द्वारा पुष्पार्पण के साथ हुआ। आयोजक की भूमिका में रहे स्वामी मनोज गुप्ता ने आचार्य कमल बगड़िया सहित अन्य वरिष्ठ सदस्यों को माल्यार्पण से सम्मानित करते हुए अनन्य उदारता का परिचय दिया। अपने उद्बोधन में आचार्य कमल ने अपने अनुभवों के साथ जोरबा दी बुद्धा के आचरण के संकल्प का स्मरण दिलाया। इसके पश्चात शिव ध्यान के द्वारा सभी साधकों ने एक अनूठी, अविस्मरणीय एवं अलौकिक अंतर्यात्रा की आनन्दानुभूति प्राप्त की। सभी के मुखमंडल पर इस अंतर्यात्रा का ओज स्पष्ट दिखाई पड़ रहा था। अब समय था महाआरती का। सभी साधकों के हाथों में पावन दीप, भावपूर्ण महाआरती की स्वरलहरियां,आस्था से थिरकते कदम और समर्पण की मुद्राएं,सचमुच सभी भावविभोर थे। इसके पश्चात केक काटा गया तथा ओशोगीतों के मध्य उत्सव संपन्न हुआ। स्वागत सत्र व शिष्टाचार सत्र से लेकर आभार सत्र तक का संचालन ओशोधारा झारखंड के प्रेस मीडिया प्रभारी स्वामी राज़ रामगढी ने किया। जबकि समस्त ध्यान सत्रों का संचालन वाईई आचार्य अशोक कुमार गुप्ता ने किया।इस अवसर पर मुख्य रूप से आचार्य किशोर गुप्ता, सोनी गुप्ता, रंजना गुप्ता, वर्षा गुप्ता, संगीता गुप्ता, शिवांगी गुप्ता, वंदना गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# कुजू ट्रांसपोर्ट नगर गोली कांड मामले में पुलिस ने चार युवकों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुजू :** कुजू ट्रांसपोर्ट नगर में गत 1 दिसंबर की देर शाम एक कोयला व्यवसायी के कार्यालय के बाहर बाइक सवार अपराध कर्मियों द्वारा की गई गोलीबारी के मामले में कुजू पुलिस ने मंगलवार को चार लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत रामगढ़ भेज दिया। जेल भेजे गए अपराधियों में शंकर करमाली पिता सुखदेव करमाली व अभिरंजन ठाकुर पिता रामहित ठाकुर, दोनों ट्रांसपोर्ट नगर कुजू निवासी, दीपक कुमार सिंह पिता प्रभु नाथ सिंह कुंदरिया बांध कुजू निवासी, खुशबुद्दीन अंसारी पिता पिता मोहम्मद तस्लीम अंसारी मूलरूप से पलानी पतरातू निवासी जो वर्तमान में कुंदरिया बांध कुजू में रह रहा था,



शामिल है। जानकारी के अनुसार पुलिस ने एक रिवाल्वर के साथ, एक काला रंग का बिना नंबर प्लेट का स्प्लेंडर प्लस मोटर साईकिल और दो मोबाइल फोन बरामद किया है छापामारी टीम में पु.अ.नि. विनय कुमार ओपी प्रभारी कुज्जू , पु. अ. नि. सुमित कुमार पांडे एवं कुज्जू के सशस्त्र बल शामिल थे। वही सूत्र बताते हैं कि जेल भेजे गए उक्त चारों लोगों का ट्रांसपोर्ट नगर गोलीकांड से दूर-दूर तक कोई नाता नहीं है। कुजू पुलिस अपने ऊपर लगे दाग को धोने के लिए मामले में संलिप्तता दिखलाकर जेल भेजा है।

## 18 को अल्पसंख्यक अधिकार दिवस व कार्यकर्ता मिलन समारोह सह सम्मान समारोह कार्यक्रम : जोया परवीन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ ज़िला कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक विभाग की जिला अध्यक्ष जोया परवीन ने प्लीज विज्ञप्ति जारी कर बताया कि रामगढ़ ज़िला कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक विभाग द्वारा दिनांक 18/12/2023 दिन सोमवार को समय 11ः00 बजे से शुरू होगी उक्त कार्यक्रम रामगढ़ फॉरलाइन स्थित निर्मला होटल में (अल्पसंख्यक अधिकार दिवस एवं कार्यकर्ता मिलन समारोह सह सम्मान समारोह) कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रदेश एवं रामगढ़ ज़िला के वरिष्ठ नेतागण का रामगढ़ ज़िला कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक द्वारा सम्मानित किया जाएगा। साथ ही कांग्रेस पार्टी को रामगढ़ ज़िला में मज़बूत करने एवं आगामी लोकसभा चुनाव एवं विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी



को विजय बनाने के उद्देश्य से पार्टी संगठन की मज़बूती पर चर्चा की जाएगी। साथ ही रामगढ़ ज़िले के प्रखण्डों में प्रभारियों की नियुक्ति की जाएगी। इस कार्यक्रम में रामगढ़ ज़िला कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक के ज़िला पदाधिकारीगण एवं प्रखंड अध्यक्षगण, नगर अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता उपस्थिति होंगे।

# कटिया में हुआ सरकार आपके द्वार कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन पंचायत कटिया में हुआ। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक अंबा प्रसाद बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता जिला भू अर्जन पदाधिकारी विजेंद्र कुमार अंचल अधिकारी शिवशंकर पांडे मुखिया किशोर कुमार महतो पंसस अनिता देवी विधायक प्रतिनिधि कृष्ण सिंह प्रखंड अध्यक्ष कांग्रेस सुजीत पटेल उप मुखिया नंदकिशोर महतो द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में सभी विभागों के स्टाल लगे हुए थे जहां पर सभी के आवेदन प्राप्त किए गए एवं ऑन द स्पॉट समाधान करने का भी काम किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अमित कुमार,गणेश ठाकुर,मनीष कुमार, रवि कुमार, उरविंद्र कुमार, गिरिजेश कुमार, गोविंद महतो, अनिल सिंह, महावीर अग्रवाल, गोपाल महतो, कौलेश्वर महतो, राहुल कुमार सिंह,बालकिशन महतो,सुखन महतो,राजेश महतो आदि के साथ काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# जम्मू-कश्मीर में 370 हटाने के निर्णय सही : वारिस खान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को केंद्र सरकार द्वारा हटाने के फैसले के सुप्रीम कोर्ट के सुप्रीम फैसला द्वारा सही ठहराने के निर्णय का स्वागत भाजपा नेता मोहम्मद वारिस खान ने किया है। आगे उन्होंने कहा कि कश्मीरी मुद्दे को पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने जो नासूर बना दिया था। उसका स्थाई इलाज वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने कर दिया है वन नेशन वन कॉन्स्टिट्यूशन पूरे देश में लागू रहेगा। कश्मीर भारत देश का हिस्सा होते हुए भी वहां इस देश से अलग कानून चलता था जो कहीं ना कहीं हमारी अखंडता को कमजोर बनाता था। पर केंद्र की मौजूदा सरकार ने राष्ट्र की अखंडता को मजबूत बनाने का काम किया है आज पूरा देश में खुशियां मनाया जा रहा है। धरती का स्वर्ग कहे जाने वाले कश्मीर को आतंकवाद और अलगाववाद ने नर्क बना दिया था किंतु,अनुच्छेद 370 के हटने से जम्मू कश्मीर की खोई हुई प्रतिष्ठा पुनःस्थापित हुई है।

## सांसद ने हजारीबाग लोकसभा की योजनाओं को गति देने हेतु की रेल मंत्रालय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** सांसद सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा हजारीबाग लोकसभा के बहुमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। उनके प्रयासों से हजारीबाग व रामगढ़ में विभिन्न विकासशील परियोजनाएं धरातल पर उतरी हैं। उन्होंने नई दिल्ली में बीते दिनों रेल मंत्रालय, सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्रालय व एनएचएआई के वरिष्ठ अधिकारियों से विभिन्न परियोजनाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने रेल मंत्रालय के अधिकारियों के समक्ष - रांची-दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस का बरकाकाना जंक्शन में ठहराव न्यू गिरिडीह-रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस का बरही रेलवे स्टेशन में ठहराव हजारीबाग टाउन रेलवे स्टेशन में कोच अनुरक्षण डिपो का निर्माण क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर रोड ओवरब्रिज व रोड अंडरपास ब्रिज के निर्माण



समेत अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाया। अधिकारियों ने इन सभी मामलों पर आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। जयंत सिन्हा ने सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्रालय व एनएचएआई के अधिकारियों से हजारीबाग लोकसभा में क्रियान्वित योजनाओं को तेजी से पूरा करने व सड़क सुरक्षा समेत अन्य मामलो पर संवाद किया है। उन्होंने कहा कि हम रामगढ़ की चुट्टूपालू घाटी में आए दिन होने वाली घटनाओं पर नियंत्रण पाने हेतु आवश्यक कदम उठाएंगे।

## आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का होन्हे पंचायत मे हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दुलमी :** दुलमी प्रखंड के होन्हे पंचायत में सरकार की महत्वाकांक्षी कार्यक्रम आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का मंगलवार को आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य रूप से दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, दुलमी बीडीओ सुनील प्रजापति, प्रभारी प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी राजेन्द्र सिंह, जिला परिषद सदस्य प्रीति दीवान, उपप्रमुख धर्मधीर महतो, सांसद प्रतिनिधि इन्देव साव, सीओ मदन महली सहित अन्य अतिथियों द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष ने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन राज्य सरकार द्वारा आम जनता को उनके पंचायत में आकर पदाधिकारियों द्वारा उन्हें योजनाओं की जानकारी और लाभ पहुँचाने के लिए पंचायत स्तर पर आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का जनता लाभ उठाए और अपने से संबंधित योजना का लाभ ले। साथ ही किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर मौके पर मौजूद पदाधिकारी या प्रतिनिधि से मदद ले। अतिथियों द्वारा कार्यक्रम में विभिन्न विभाग के स्टॉल का निरीक्षण भी किया गया एवं लाभुकों के बीच फुलो झानो योजना के तहत चेक, राशन कार्ड, जॉब कार्ड, कंबल, धोती-साड़ी, प्रधानमंत्री आवास, अम्बेडकर आवास, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का भी स्वीकृति पत्र, सामान और चेक का वितरण किया गया। मौके पर सीडीपीओ पुनम कुमारी, मुखिया राजीव मेहता, प्रमेश्वर पटेल, रंजू देवी, बीणा देवी बीस सूत्री सदस्य दिलीप शर्मा, पंचायत सेवक बासुदेव महतो, ममता कुमारी, झमन लाल महतो, रोज़गार सेवक कलाम अंसारी, सुधीर महतो सुमन देवी शेख बहादुर व सैंकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में स्कूल प्रदर्शनी मेला का आयोजन

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में स्कूल प्रदर्शनी मेला का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों ने दिखाई प्रतिभा बनाए एक से एक मॉडल।स्कूल के बच्चों में नई सोच विकसित करने के उद्देश्य से स्कूल प्रदर्शनी मेला को लगाया गया जिससे बच्चों के आंतरिक प्रतिभा के बारे में सभी को पता चल सके की बच्चें पढ़ाई के साथ-साथ अनेक विषयो में भी रुचि रखते हैं। इस प्रदर्शनी में कक्षा 3 से 12 के विद्यार्थियों ने अपने-अपने मॉडल्स प्रदर्शित करते हुए अपनी प्रतिभा को साबित कर सभी को प्रभावित किया। विद्यार्थियों के कई मॉडल आकर्षण का केंद्र भी बने रहें। कार्यक्रम का शुभारंभ डिप्टी चेयरमैन मनमोहन सिंह लांबा के द्वारा फीता काट कर किया गया।छात्र और छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए एक नई सोच को प्रदर्शित कर सभी की प्रशंसा हासिल की।इस कार्यक्रम में बच्चों ने विज्ञान, सामाजिक विज्ञान,हिंदी, इंग्लिश, गणित, संस्कृत कंप्यूटर इत्यादि विषयों में एग्जीबिशन से लेकर आर्ट एंड क्राफ्ट का प्रदर्शन किया। साथ ही नए आइडियाज का प्रतिनिधित्व करने वाले आर्थिक मॉडल के जरिए अपने टैलेंट को दिखाया।इस मौके पर विद्यार्थियों के अभिभावकों को भी आमंत्रित किया गया था।उन्होंने सभी कक्षा के विद्यार्थियों के प्रारूपों की सराहना की। विजेता का चयन करने के वोटिंग की वयवस्था की गयी थी। विद्यालय के प्राचार्य हरजाप सिंह ने बच्चों की काफी प्रशंसा की और विद्यालय में आए सभी अभिभावकों धन्यवाद भी कहा जिन्होंने अपने मूल्यवान समय को स्कूल आने के लिए निकला। कार्यक्रम में प्रबंधक कमेटी अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, उपाध्यक्ष सरदार परमिंदर सिंह जस्सल और सरदार कुलजीत सिंह कालरा, उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा आदि थे ।



## स्वामी सत्यानंद जी महाराज का हुआ भव्य स्वागत, भक्तों ने लिया आशीर्वाद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** श्री श्री 108 श्री स्वामी सत्यानंद जी महाराज जी मंगलवार को दोपहर लगभग 1ः00 बजे पाकुड़ पहुंचे। इस दौरान स्वामी जी का स्वागत करने के लिए गुरु भाई सैंकड़ों की संख्या में गोकुलपुर में उनका इंतजार कर रहे थे। जैसे ही उनका गोकुलपुर में आगमन हुआ तो गुरु भाइयों ने महाराज के जयकारे लगाने लगे। उनके आगमन को लेकर शहर के मालपहाड़ी रोड स्थित ब्रह्म विद्यालय आश्रम को सुंदर ढंग से सजाया गया था, सड़क पर तोरण द्वार भी बनाया गया है। स्वामी जी का ब्रह्म विद्यालय एवं आश्रम में आदिवासी रीति रिवाज से भी स्वागत हुआ। स्वामी जी के आश्रम में पहुंचने के बाद गुरु भाइयों और बहनों ने उनसे मुलाकात कर आशीर्वाद ग्रहण किया।


**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**निविदा सूचना सं.: डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-116-2023,दिनांक 08.12.2023;** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजी), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं.: डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-116-2023, कार्य का नाम:** मंडल अभियंता (दक्षिण)/रांची के क्षेत्राधिकार के लिए बाकुडीह/बरहड़वा/पिनरगरिया/पाकुड़/राजग्राम/तालझरी खदान साइडिंग में 50 मिमी आकार के मशीन से तोड़े गए 60000 घन मी हार्ड स्टोन ट्रैक बैलास्ट की आपूर्ति एवं रेलवे वैगनों/होपरों में लोडिंग (गंतव्य स्थल पर इसे मापा जाएगा)। **निविदा मूल्य:** रु. 8,75,98,800; **ईएमडी मूल्य:** रु. 5,88,000; **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 02.01.2024 को अपराह्न 3.00 बजे। ऑनलाइन निविदा प्रणाली के लिए निविदादातागण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं। पिन कोड-834003. **(PR-903)**



**न्यायालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी,लातेहार**

**राजसात वाद संख्या–03/2021**

**नोटिस बनाम्**

**कन्हाई यादव पिता–प्रभू यादव**
**सा0–चुटिया, थाना–महुआडॉड़, जिला–लातेहार :–अपीलार्थी**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, लातेहार के न्यायालय में दायर राजसात अपील में बार–बार नोटिस देने के बावजूद भी आप लगातार अनुपस्थित रह रहे हैं।

अतः आपको अंतिम रूप से सूचित किया जाता है कि वाद की सुनावाई हेतु निर्धारित अगली तिथि 22.12.2023 को उपस्थित होकर स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से पक्ष रखना सुनिश्चित करें। अन्यथा अभिलेख में संलग्न दस्तावेज के आधार पर वाद में अंतिम निर्णय पारित कर दिया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से नोटिस निर्गत किया गया।

प्रभारी पदाधिकारी,
जिला विधि शाखा, लातेहार

PR 313262 District(23-24).D



**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गढ़वा**

**आवश्यक सूचना**
**(लापता दीपक प्रसाद गुप्ता, उम्र–13 वर्ष)**



गढ़वा थाना कांड सं0–584/2023, दिनांक–08.12.2023, धारा–363, भा0द0वि0 में लापता दीपक प्रसाद गुप्ता उम्र–13 वर्ष, पिता–सुरेश प्रसाद गुप्ता, ग्राम+पो0+थाना–चिनियॉ, जिला–गढ़वा, वर्तमान पता– ग्राम –सोनपुरवा, थाना +जिला–गढ़वा, राज्य– झारखण्ड, के रहने वाले है। उक्त लापता लड़का के पिता के द्वारा आवेदन में उल्लेख किया गया है कि मेरा पुत्र दीपक प्रसाद गुप्ता दिनांक–03.12.2023 को अपने माँ से बोलकर ब्रस करने घर से बाहर गया था।

परन्तु इनके पुत्र को अज्ञात लोगों द्वारा बहला–फुसलाकर कहीं ले जाया गया है जो तब से लापता है। उक्त लापता लड़का का खोजबीन किया जा रहा है परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता लड़का दीपक प्रसाद गुप्ता के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो, तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मो0नं0–9431706284 अथवा पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने का कष्ट करेंगे।

**हुलियाः**–रंग–गोरा, लम्बाई–4.6 फिट लगभग,आंख–काला, पहनावा–नारंगी रंग का टी सर्ट एवं काला जिंस तथा आसमानी रंग का चप्पल।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

**PR313260 (Police)23-24*D**



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, राँची (ग्रामीण)।**

**ई–प्रोक्योरमेंट सूचना**
**नेशनल कम्पेटेटीभ बिडिंग (अल्पकालीन)**
**PR No. 308195 Road(23-24)D**
**ई–टेन्डर रेफरेंन्स नं0–प0नि0वि0/राँची (ग्रामीण)– 1147/2023–24 (3rd Call) दिनांक :– 12.12.2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | गौशाला से कांके–पतरातु पथ (कुल लम्बाई 1.60 कि0मी0) का राईडिंग क्वालिटी में सुधार (Improvement of Riding Quality) कार्य। |
| 2. | अनुमानित प्राक्कलित राशि (रू0 लाख में) | रु0 81.52054 लाख (एक्कासी लाख बावन हजार चौवन) मात्र। |
| 3. | अग्रधन की राशि (रू0 लाख में) | रु0 1.64 लाख (एक लाख चौसठ हजार) मात्र। |
| 4. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 2 (दो) महीने |
| 5. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 14.12.2023 10 : 30 बजे पूर्वाह्न |
| 6. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/ समय | 27.12.2023 12 : 00 बजे दोपहर तक |
| 7. | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, राँची (ग्रामीण)। |
| 8. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 0651–2361018 |
| 9. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पपाईन संख्या | 0651–2403007 |

- प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, जिसे *Tender Online Upload* में देखा जा सकता है, एवं किसी भी प्रकार का बदलाव *http://jharkhandtenders.gov.in* पर देखा जा सकता है।
- पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार में निबंधित संवेदकों के लिए युकेन *(UCAN)*निबंधन आवश्यक है।
- नियम एवं शर्तों के लिए *http://jharkhandtenders.gov.in* पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग,
पथ प्रमंडल, राँची (ग्रामीण)।

PR 313269 (Road) 23-24 (D)



**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़।**
**(जिला खेल शाखा)**
दूरभाष : .............................. Email ID : dsoramgarh48@gmail.com

**उपायुक्त–सह–अध्यक्ष DMFT रामगढ़ के पत्रांक 1686/वि0 दिनांक 03.11.2023 के आलोक में GeM Portal से क्रय हेतु अति–अल्पकालीन निविदा।**
**निविदा सं0–01/2023–24**

रामगढ़ जिला अन्तर्गत गाँधी स्मारक+2 उच्च विद्यालय, रामगढ़ में संचालित बालक फुटबॉल डे–बोर्डिंग प्रशिक्षण केन्द्र, रामगढ़ में प्रशिक्षणरत खिलाड़ियों हेतु खेल सामग्री, मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता 2023–24 के प्रखण्ड स्तरीय विजेता टीम (पुरूष एवं महिला) के सभी 192 खिलाड़ियों के लिए ब्लेजर/ट्रेक सूट एवं सिद्धो–कान्हो स्टेडियम, रामगढ़ में खेल बैंक खोलने तथा ग्राम स्तर पर गठित सिद्धो–कान्हो युवा खेल क्लबों हेतु निम्नांकित उपकरणों की आवश्यकता है, जिसके लिए Gem portal से क्रय हेतु निम्नांकित शर्तों के अधीन अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है।

**निविदा के महत्वपूर्ण विवरणी :–**

| क्र0 सं0 | विवरणी | तिथि |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | खेल सामग्री/किट/उपकरण आपूर्ति करने हेतु। |
| 2 | निविदा प्रकाशन तिथि | 11/12/2023 |
| 3 | निविदा समर्पित करने का स्थान | GeM Portal (https://gem.gov.in) |
| 4 | निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि | 21/12/2023 अपराहन् 07.00 बजे तक |
| 5 | निविदादाता को मूल डिमांड ड्राफ्ट एवं GeM Portal पर Upload किये गये सभी दस्तावेजों (Index के साथ) की छायाप्रति तथा सैम्पल जमा करने की तिथि एवं समय | दिनांक 22/12/2023 को पूर्वा0 11.30 बजे तक जिला खेल कार्यालय, (अनुमण्डल परिसर, रामगढ़) |
| 5 | Earnest Money Depoosit (EMD) | 40000/– (चालीस हजार) |
| 6 | Tender Cost / Document fee | 1000/– (एक हजार रूपये ) डिमाण्ड ड्राफ्ट (DD) (Non Refundable) |
| 7 | निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान | दिनांक 22/12/2023 को अप0 3.00 बजे, समाहरणालय सभा कक्ष ब्लॉक "ए" (छत्तरमाण्डू, रामगढ़) |
| 8 | Contact Details | Email ID : dsoramgarh48@gmail.com |

ह0/–
जिला खेल पदाधिकारी, रामगढ़।

PR 313268 (District) 23-24 (D)

## टाटा डीएवी जामाडोबा में दो दिवसीय राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता संपन्न




**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टाटा डीएवी जामाडोबा में डीएवी राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता, नई दिल्ली के तत्त्वावधान में राज्य स्तर पर आयोजित होने वाली दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का समापन हुआ। इस समापन समारोह में मुख्य अतिथि नरेन्द्र गुप्ता चीफ़ टिस्को झरिया डिवीजन, विशिष्ट अतिथि राणा भीमप्रताप सिंह, सीनियर मैनेजर टीएमडी, हेमन्त प्रभाकर कनिष्ठ अभियन्ता टीएमडी कार्यक्रम में सम्मिलित हुये। डीएवी जामाडोबा के प्राचार्य अनुज कुमार मिश्रा ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया। प्रतिभागियों को जीवन में खेल के द्वारा आत्मिक, मानसिक, शारीरिक विकास का महत्व समझाते हुये प्राचार्य ने छात्रों को अनुशासित एवं स्वस्थ जीवन के लिए उत्प्रेरित किया। पुरस्कार वितरण समारोह विद्यालय के प्राचार्य, मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के हाथों संपन्न हुआ। 14 वर्ष से कम उम्र में विजेता डीएवी चैनपुर एवं उपविजेता डीएवी हेहल राँची रहा। अच्छा प्रदर्शन करके सर्वोत्तम खिलाड़ी का पुरस्कार कृष्णदेव यादव ने अपने नाम किया। 17 वर्ष से कम में विजेता दल डीएवी लोहरदग्गा एवं उपविजेता डीएवी आरा कुज्जू रहा। सर्वोत्तम खिलाड़ी का पुरस्कार रोनित ने अपने नाम किया।19वर्ष से कम उम्र में विजेता दल डीएवी सिन्दरी एवं उपविजेता डीएवी कपिल देव राँची रहा। सर्वोत्तम खिलाड़ी का पुरस्कार किसलय कुन्दन ने अपने नाम किया। अंत में प्राचार्य ने धनबाद कबड्डी संघ से आये रेफ़री, सभी खिलाडियों, टीम मैनेजर, टिस्को के अधिकारियों, टाटा सेन्ट्रल हॉस्पिटल, पत्रकारों एवं विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम के सफ़ल आयोजन मे टिस्को प्रबंधन, खेल शिक्षक हरिश्चन्द्र मिश्रा, अमरेशनन्दन सिंह एवं विद्यालय के सभी सदस्यों का योगदान सराहनीय रहा।

## डीएवी मॉडल स्कूल, सीएफआरआई में पहले चरण के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डीएवी मॉडल स्कूल, सीएफआरआई, धनबाद में पहले चरण कक्षा नर्सरी से कक्षा नवीं तक की नामांकन प्रक्रिया दिनांक 12/12/2023 से शुरू हो गई। पहले चरण के नामांकन हेतु कुल 100 आवेदन को चिन्हित किए गए, जिसमें सभी अभ्यर्थियों ने भाग लिया। स्कूल की प्राचार्या महुआ सिंह ने कहा कि प्रत्येक बच्चे को अच्छे से अच्छे स्कूल में पढ़ने का अधिकार है। हमारा विद्यालय भी शहर के शीर्ष विद्यालयों में से एक है। यहाँ योग्य शिक्षक।शिक्षिकाएं, स्मार्ट क्लासरूम, नृत्य एवं संगीत शाला, एम्यूजमेंट पार्क आदि की व्यवस्था है। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए हम सदैव तत्पर रहते हैं। इस साल से यहाँ नर्सरी में भी दाखिला लिया जा रहा है, जिसमें बच्चे की उम्र तीन से चार वर्ष होनी चाहिए। पहले चरण के नामांकन प्रक्रिया का परिणाम 16/12/2023 को सुबह 10 बजे निकाला जाएगा। दूसरे चरण नामांकन की प्रक्रिया 20 दिसंबर के बाद आरंभ होगी।

## मुखिया व पंसस के द्वारा किया गया कम्बल वितरण



**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखण्ड क्षेत्र के ग्राम पंचायत चोंगाखार के ग्राम गुरहा में मंगलवार को स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि रामलखन वर्मा एंव पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि रामप्रसाद वर्मा के द्वारा बढ़ते हुए ठंड को देखते हुए झारखंड सरकार द्वारा प्रदत्त कंबलों का वितरण गरीब तथा निसहाय वृद्ध जनो के बीच किया गया। मौके पर उपमुखिया प्रतिनिधि रामजी प्रसाद वर्मा, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि प्रवीण वर्मा, कंदन महतो, भुनेश्वर महतो, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि राजेंद्र विश्वकर्मा समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## श्री श्री 1008 हनुमंत सह शिव पार्वती परिवार महायज्ञ का होगा आयोजन, तैयारी मे जुटी समिती



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह प्रखंड के पंचायत पिण्डाटांड के ग्राम मघैया टोला में हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार राम भक्त हनुमान का महायज्ञ का होना निश्चित हुआ है जिसकी जानकारी नवयुवक सरस्वती क्लब मघैया टोला के अध्यक्ष गणेश वर्मा ने दिया है इस बाबत इन्होने बताया की बजरंगबली का प्रतिमा लगाया जाना है, सबों के  अथक परिश्रम के बाद राजस्थान से मुर्ती मंगाया गया है, जिसे स्थापित किया जायेगा जिसकी तैयारी की जा रही है,यज्ञ 1 मार्च 2023 से 9 मार्च तक चलेगा। मौके पर  निवर्तमान जिला परिषद् सदस्य प्रतिनिधि महेन्द्र वर्मा एवं मुखिया प्रतिनिधि विश्वनाथ वर्मा, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि डॉ जगदीश कुशवाहा, ग्राम वर्ड सदस्य छठु महतो, ओम् प्रकाश वर्मा, नरेश वर्मा, राजेश, राजु इत्यादि लोग उपस्थित थे ।

## दो दिवसीय राज्य स्तरीय डीएवी राष्ट्रीय खेल महोत्सव का हुआ समापन




**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डी.ए.वी कोयलानगर में दो दिवसीय डी.ए.वी राष्ट्रीय खेल उत्सव का समापन हुआ। इसके तहत बैडमिंटन, क्रिकेट, तैराकी, टेबल टेनिस, कबड्डी, खो-खो की सभी प्रतियोगिताएं संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में कुल 400 प्रतिभागियों ने भाग लिया।प्रतियोगिता में शामिल सभी प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया तथा प्रतियोगिता के दौरान खेल भावना का सर्वश्रेष्ठ परिचय दिया।

### सक्सेस स्टोरी : आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार

# ऑन द स्पॉट दर्जनों लोगों को मिला जॉब कार्ड व जन्म प्रमाण पत्र





प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** राज्य सरकार के 4 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में 24 नवंबर से शुरू हुए आपकी योजना - आपकी सरकार - आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान निरसा प्रखंड के निरसा उत्तर पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में निरसा पंचायत के कई लाभुकों को ऑन द स्पॉट जन्म प्रमाण पत्र निर्गत किया गया। लाभुकों ने बताया कि जब उन्हें पता चला कि उनके पंचायत में 12 दिसंबर को आपकी योजना - आपकी सरकार - आपके द्वारा के तहत शिविर का आयोजन किया जाएगा तब उन्होंने शिविर में आवेदन देने का मन बनाया। सुबह ही शिविर में पहुंचकर उन्होंने जन्म प्रमाण पत्र के लिए आवश्यक कागजात के साथ जमा किया। लगभग 1 घंटे में उनके बेटे का जन्म प्रमाण पत्र निर्गत हो गया। शिविर में उपस्थित जिला समाज कल्याण पदाधिकारी स्नेह कश्यप एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी इंद्रलाल ओहदार सहित अन्य लोगों ने उन्हें कल्याण मंच से प्रमाण पत्र सुपुर्द किया। वहीं बाघमारा प्रखंड के धवाचीता पंचायत में आयिजित शिविर में दर्जनों महिलाओं को ऑन द स्पॉट मनरेगा जॉब कार्ड निदेशक डीआरडीए मुमताज अली अहमद एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी सुषमा आनंद समेत मुखिया एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि द्वारा प्रदान किया गया।

## पुलिस लाइन के फुटपाथ दुकानदारों ने नगर निगम के खिलाफ किया प्रदर्शन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद में पुलिस लाइन के फुटपाथ दुकानदारों ने मंगलवार को नगर निगम कार्यालय पहुंचकर जमकर हंगामा किया। नगर आयुक्त ना मिलने दिए जाने के बाद फुटपाथ दुकानदारों ने नगर निगम के खिलाफ प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की। दुकानदारों का कहना है कि बीते कई वर्षों से वे लोग पुलिस लाइन के पास सड़क किनारे अस्थाई दुकान लगा कर अपना भरण पोषण करते हैं। वहीं पिछले दिनों आईआईटी-आईएसएम में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के आगमन के कारण धनबाद नगर निगम के द्वारा उन लोगों से चार दोनों के लिए दुकान हटा लेने को कहा गया था। निगम के कहने पर सभी दुकानदारों ने अपनी अपनी दुकान हटा ली। अब जबकि उपराष्ट्रपति का कार्यक्रम हो गया। वे लोग फिर से दुकान लगाना चाह रहे हैं, तो उन्हें रोका जा रहा है। उन लोगों का कहना है कि हमें फिर से दुकान लगाने दिया जाए। जिससे परिवार का भरण पोषण सही से कर सके। वहीं इस पूरे मामले में सहायक नगर आयुक्त संतोषणी मुर्मू ने बताया कि पुलिस लाइन में नगर आयुक्त ने ग्रीन पैच निर्माण करने का निर्णय लिया है। इसलिए वहां दुकान नहीं लगाने दिया गया। फुटपाथ दुकानदारों के लिए नगर निगम वैकल्पिक व्यवस्था करने का प्रयास कर रही है।

## आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन




प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** धनबाद नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त प्रसून कौशिक के नेतृत्व में मंगलवार को वार्ड नंबर 40 के संस्कृति विद्या मंदिर डिगवाडीह में ÷आपकी सरकार आपके द्वार÷ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में झरिया विधायक प्रतिनिधि केडी पांडेय, पूर्व पार्षद सुजीत कुमार सिंह, आफताब आलम, प्रेम प्रकाश, बंटी सिंह, फरीद मल्लिक, महेश शर्मा, शिव शंकर मिश्रा, दिलीप साव आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में क्षेत्र के लोगों ने समस्याओं से संबंधित बिजली विभाग में 8 आवेदन पड़े जिसमें एक का निष्पादन तुरंत किया गया। राशन कार्ड के 67, 54 लोगों कीआंख जांच, जलापूर्ति में एक, सड़क नाली में 13, गुरुजी क्रेडिट कार्ड में 4, सावित्री बाई फुले 45, दिव्यांग 5, प्रधानमंत्री मातृ बंदन 5, पेंशन 29, जाती 5, आय 11, आयुष्मान कार्ड 83, आधार में 34 आवेदन पड़े हैं।

इस दौरान दो बच्चों को साइकिल दिया गया। सहायक नगर आयुक्त ने सभी आवेदनों की जांच कर  अविलंब निष्पादन करने का लोगों को आश्वासन दिया गया है।

## महिला रेल कर्मचारियों के स्वास्थ्य जांच के लिए लगा हेल्थ चेकअप कैंप




प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा रेखा खंडेलवाल के नेतृत्व में चिकित्सा विभाग के सहयोग से मुख्यालय हाजीपुर में कार्यरत महिला रेल कर्मचारियों के लिए वैशाली रेल प्रेक्षागृह, हाजीपुर में दिनांक 12.12.2023 को हेल्थ चेकअप कैंप लगाया गया । हेल्थ चेकअप कैंप में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा 154 महिला रेल कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच की गई एवं उन्हें अपने  स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी गई । इस अवसर पर संगठन की सचिव नीना कुमार एवं कार्यकारी सदस्याएं उपस्थित थीं। विदित हो कि पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन जनहित कार्यों में हमेषा बढ-चढ़कर हिस्सा लेती रही है । यह संगठन न सिर्फ रेल कर्मचारियों अथवा उनके के परिवार के लिए बल्कि समाज के अन्य वर्गों के हितार्थ कल्याणकारी योजनाओं का संचालन भी करती है । संगठन द्वारा षिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मौलिक विन्दुओं पर विषेष रूप से ध्यान दिया जाता है ।

## सरकार आपके द्वार में महिला समूह के बीच एक करोड़ 80 लाख का ऋण दिया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बगोदर/गिरिडीह :** बगोदर प्रखंड के अंतर्गत बेको पूर्वी पंचायत पंचायत सचिवालय में मंगलवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम बी ग्रामीणों की भारी भीड़ देखी गई इस मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने प्राधिकारियों के स्वच्छ आवेदनों की झड़ी लगा दी कार्यक्रम में आवास सर्वजन पेंशन राशन कार्ड से संबंधित संख्या सर्वाधिक दिया गया इस दौरान लाभों के बीच परी संपत्तियों का वितरण भी किया गया प्रखंड प्रमुख आशा राज ने कहा कि झारखंड सरकार ग्रामीणों के लिए कई कल्याणकारी योजनाओं को लेकर सीधे आपके द्वार पर आई है ।इसका लाभ ग्रामीणों को लेना चाहिए । विभाग के द्वारा कई स्टॉल लगाया था जिसमें अबूआ आवास योजना विरसा सिंचाई कूप योजना इसकी अतिरिक्त जाति आय जन्म मृत्यु  प्रमाण पत्र से सबंधित आवेदन सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना किसान क्रेडिट कार्ड योजना मुख्यमंत्री पशुधन योजना श्रम विभाग अंतर्गत सार्वजनिक पोर्टल पर प्रवासी श्रमिकों का पंजीकरण राजस्व अभिलेखों में संशोधन आधार कार्ड में संशोधन बिजली बिल से संबंधित शिकायत का निष्पादन। कार्य में उपस्थित मुखिया प्रतिनिधि टेकलाल चौधरी ने कहा की सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है ताकि शोषण वर्जित और गरीब दबके  लोग को  प्रखंड का चक्कर नही काटना पड़े वही इस दौरान महिला समूह को एक करोड़ 80 लख रुपए का रेट प्रदान किया गया जबकि जरूरत बदलावों के बीच कंबल का वितरण किया गया वहीं बाल विवाह पर स्कूली बच्चियों सहित आये हुए ग्रामीणों  ने शपथ लिए । मौके पर प्रमुख प्रखण्ड विकास पदाधिकारी चंदन कुमार सिंह सीओ सुषमा  सोरेन मुखिया तारा देवी पंसस हेमिया देवी उप मुखिया अयुब अंसारी पंचायत सचिव अनुराधा कुमारी सहित विभाग से संबंधित अधिकारी कर्मचारी व लाभुक ग्रामीण मौजुद थे।

## ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष बने सत्यदेव वर्मा



**सरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मंगलवार को सरिया बागोडीह मोड़ स्थित राजशाही रिसोर्ट में सरिया प्रखंड ओबीसी मोर्चा की बैठक आयोजित किया गया। जिसमें बैठक के दौरान मोर्चा के कार्यकारणी प्रखंड  अध्यक्ष के रूप में सत्यदेव प्रसाद वर्मा का चयन किया गया। बैठक के दौरान ओ बी सी समाज को एकजुट करते हुए  समाज में फैले कुरीति को दूर करते हुए। सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़ कर सहयोग करने पर बल दिया गया। वही बैठक को कई वक्ताओं ने संबोधित करते हुए कहा कि सरकार के द्वारा पूरे भारतवर्ष में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण प्राप्त है। लेकिन झारखंड में ओबीसी वर्ग को मात्र 12त्न ही आरक्षण मिल पा रहा है। मोर्चा के माध्यम से पूर्व की भांति आबादी के अनुसार आरक्षण की मांग की लड़ाई को तेज किया जाएगा। वहीं संगठन बिना किसी भेदभाव के सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेगी।  वहीं संगठन की मजबूती को लेकर सरिया प्रखंड के 21 पंचायत में पंचायत कमेटी का गठन एवं नगर कमेटी का गठन जनवरी माह तक करने का लक्ष्य लक्ष्य रखा गया है।

## धनबाद जिला फुटबॉल लीग का आयोजन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद जिला फुटबॉल लीग मे सिजुआ स्टेडियम में खेले गए मैच में टाटा फीडर सेंटर 3-0 से धनबाद फुटबॉल अकादमी को पराजित कर दिया। टाटा फीडर सेंटर की ओर से पहला गोल सुभाष ने 48वें मिनट में किया। आकाश ने 58 वें मिनट में दूसरा व 61वें मिनट में तीसरा गोल किया। निर्णायक की भूमिका बजरंग चौहान, राम अयोध्या कुमार, संजय हेंब्रम, प्रदीप नियोगी ने निभाया।

## ईसीआरकेयू के नए केंद्रीय पदाधिकारी का जोरदार स्वागत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** मंगलवार को धनबाद ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन धनबाद लाइन ब्रांच के पुराना स्टेशन स्थित शाखा कार्यालय में धनबाद से चुने गए दो नये पदाधिकारी को जोरदार स्वागत किया गया। पिछले दिन 10 दिसंबर को पटना में पूर्व मध्य रेलवे के थर्ड टीजीएम में धनबाद लाइन शाखा के शाखा सचिव नेताजी सुभाष और धनबाद शाखा दो के शाखा सचिव सोमेन दत्ता दोनों को ही केंद्र में संगठन सचिव बनाया गया है। जिसके तहत आज लाइन शाखा कार्यालय में इन दोनों केंद्रीय पदाधिकारी का जोरदार स्वागत किया गया। सबसे पहले गुलदस्ता देखकर दोनों को स्वागत किया गया और फिर बाद में माला पहनकर और साल देकर कर दोनों को सम्मानित किया गया और यह उम्मीद की जा रही है कि इन दोनों के केंद्रीय अधिकारी बनने से धनबाद के रेल कर्मचारियों का हित में अब ज्यादा काम होगा। इस कार्यक्रम में प्रशांत बनर्जी, जेके साह, एनके खवास, बीके दुबे, एके तिवारी, उपेंद्र मंडल, चमारी राम, एनसी राय, शिवप्रसाद, अभय कुमार मेहता, आरके भारतीय, अजय कुमार सिंह, धीरेंद्र यादव, विमान मंडल, पी के सिन्हा, आर अंदर विश्कर्मा, बिश्वजीत मुख़र्जी, राजीव कुमार, रितलाल गोप, ऐस के महतो, सीएस प्रसाद, परमेश्वर कुमार, इजहार आलम, सुरेंद्र कुमार चौहान, आर के गोप, पीके राय एवं धनबाद डिपो के गैरेज एवं टीएलएससी के समस्त कर्मचारी पर्यवेक्षक एवं कुसुंडा डिपो के कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। उपरोक्त जानकारी देते हुए ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के मीडिया प्रभारी एनके खवास ने दोनों केंद्रीय नव निर्वाचित पदाधिकारी को बधाई दिए।

## 15वें जनजातीय युवा आदान प्रदान कार्यक्रम के तहत 20 युवाओं को भेजा गया बेंगलुरु



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** सोमवार को नेहरू युवा केन्द्र व सीआरपीएफ के द्वारा 15वें जनजातीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत गिरिडीह जिले से 20 युवकों एवं युवतियों का दल बेंगलुरु हेतु प्रस्थान किया। गिरिडीह स्थित केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल सातवीं वाहिनी के स्थानांतरण के उपरांत प्रतिभागियों  हेतु ब्रीफिंग सेशन का आयोजन रांची के धुर्वा स्थित केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 133वीं वाहिनी के सभागार में किया गया। ब्रीफिंग सेशन की अध्यक्षता कमांडेंट अमित कुमार द्वारा की गई एवं इस अवसर पर नेहरू युवा केंद्र गिरिडीह के जिला युवा अधिकारी रवि कुमार मिश्रा, लेखा एवं कार्यक्रम सहायक नय्यर परवेज तथा सीआरपीएफ के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। अमित कुमार ने सभी प्रतिभागियों से उपरोक्त कार्यक्रम का लाभ उठाते हुए समाज के मुख्य धारा में जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने प्रतिभागियों को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा आदिवासी युवाओं हेतु चलाए जा रहे  विभिन्न योजनाओं का भरपूर लाभ लेते हुए एक जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा दी।

## कांग्रेसी नेता शेख गुड्डू ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बाघमारा से चुनाव लड़ने की घोषणा की



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कतरास :** कांग्रेसी नेता शेख गुड्डू ने बाघमारा विधानसभा से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ने की घोषणा की। शेख गुड्डू ने कहा कि बाघमारा में बढ़ते गुंडाराज को समाप्त करने के लिए चुनाव मैदान में उतरूंगा। उन्होंने कहा मुझे विश्वास है कि बाघमारा की जनता मुझे भारी मतों से विजय बनाकर विधानसभा भेजेगी। एक सवाल के जवाब में कहा कि बाघमारा में बेरोजगारी चरम पर है। चुनाव जीतने के बाद 60 हजार लोगों को रोजगार से जोड़ना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने दावा किया कि उनका कांग्रेस के शीर्ष नेताओं से बात हुई है और उन्हें हर हाल में टिकट मिलेगा। कांग्रेस की लंबे अरसे से सेवा की है। जलेश्वर महतो से आग्रह करते हुए कहा कि उनको तीन बार चुनाव में मदद किए हैं। उनसे भी मदद की अपील की है। इसके पूर्व दर्जनों महिलाएं कांग्रेस पार्टी के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए शामिल हुई। मौके पर झरिया के वरीय कांग्रेस नेता गुड्डू सिंह, महिला नेत्री ज्योति प्रसाद, डब्ल्यू शेख, संटू खान, मुन्ना खान, गुलजार अंसारी, चंदा देवी, प्रीति देवी, जूही प्रवीण, कविता देवी, आरती देवी, रोशन खातून, शहनाज परवीन आदि उपस्थित थी।

## चलते चलते एक नजर

### गौरव रक्षा सम्मान समिति ने पीएम से अलबर्ट एक्का के गांव के दौरा का किया आग्रह



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** परमवीर अल्बर्ट एक्का गौरव रक्षा सम्मान समिति के सदस्यों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से आग्रह किया कि वो गुमला जिला में स्थित परमवीर चक्र विजेता अल्बर्ट एक्का के पैतृक गांव का दौरा करें। सदस्य मंगलवार को प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। समिति के संरक्षक व प्रसिद्ध न्यूरो सर्जन डॉ विजय राज ने कहा कि पीएम यदि ऐसा करते हैं तो इस जिले के सभी 159 पंचायत में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन करेंगे। रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ शंभू प्रसाद ने कहा कि अल्बर्ट एक्का आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत है। उन्हीं के साहस का परिणाम है कि सैंकड़ों की संख्या में आदिवासी युवा सेना में शामिल होने के लिए प्रेरित हुए। ज्योतिषाचार्य आचार्य श्रीकृष्ण ने कहा कि प्रधानमंत्री का आगमन अल्बर्ट एक्का के गांव में होने से गांव के संपूर्ण विकास के साथ देशभक्ति का भाव लोगों में बढ़ेगा। समिति के अध्यक्ष दिलीप बड़ाईक ने कहा कि समिति यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि अल्बर्ट एक्का की कहानी भविष्य की पीढ़ियों को प्रेरित करती रहे। इस कार्यक्रम में प्रमुख परामर्शदाता स्वामी दिव्यज्ञान, डॉ अटल पाण्डेय, प्रो अवधेश ठाकुर, रिम्स के सीनियर रेजीडेंट और आइएमए झारखंड के संयुक्त सचिव डॉ उज्जवलदीप, डॉ अनीतेश गुप्ता, चैम्बर ऑफ कॉमर्स से आइटी चेयरमैन मनोज मिश्रा, स्पोर्ट्स कमेटी चेयरमैन विकास झाझरिया, संतोष अग्रवाल समेत अन्य मौजूद थे।

### सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने जापानी ओयाशियो क्लास पनडुब्बी का किया दौरा

**नई दिल्ली :** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान अपनी आधिकारिक यात्रा पर जापान पहुंच गए हैं। योकोसुका बेस की अपनी यात्रा के दौरान सीडीएस को सेल्फ डिफेंस फ्लीट के कमांडर-इन-चीफ वाइस एडमिरल सैतो अकीरा ने जापान मैरीटाइम सेल्फ डिफेंस फोर्स (जेएमएसडीएफ) मिशन के बारे में जानकारी दी। उनके साथ योकोसुका जिले के कमांडेंट वाइस एडमिरल इतो भी थे और उन्होंने ओयाशियो क्लास पनडुब्बी का दौरा किया। सीडीएस जनरल अनिल चौहान जापान की आधिकारिक यात्रा के लिए 10 दिसंबर की रात को नई दिल्ली से रवाना हुए थे। उनकी इस यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के बीच उत्कृष्ट रक्षा संबंधों को और भी सशक्त बनाना है।

# प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी निर्णय पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला ऐतिहासिक व स्वागत योग्य : इंद्रेश कुमार

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट द्वारा अनुच्छेद 370 को हटाने को संवैधानिक रूप से वैध ठहराने पर आरएसएस नेता इंद्रेश कुमार ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला संवैधानिक, मानवीय और देश की एकता और अखंडता को बढ़ावा देने वाला फैसला है। इसलिए, हम इस फैसले का स्वागत करते हैं और न्यायाधीशों को धन्यवाद देते हैं। यह अनुच्छेद 370 एक अलगाववादी अनुच्छेद था और इसे हटाना देश की एकता और अखंडता के लिए आवश्यक था. उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय के आदेश से साबित हो गया है कि आर्टिकल 370 को हटाने का फ़ैसला पूरी तरह संवैधानिक था. इंद्रेश कुमार ने कहा, 5 अगस्त 2019 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आर्टिकल 370 को हटाने का दूरदर्शी फ़ैसला किया. तब से जम्मू कश्मीर में शांति और सामान्य स्थिति बहाल हुई है.

### ऐतिहासिक व देशहित में है सुप्रीम कोर्ट का फैसला : डॉ. शाहिद अख्तर





मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय संयोजक शाहिद अख्तर ने अदालत के फैसले पर खुशी जताते हुए कहा कि अनुच्छेद 370 को निरस्त करने पर आया सुप्रीम कोर्ट का फैसला ऐतिहासिक है. कोर्ट ने पाँच अगस्त 2019 को भारत की संसद से लिए गए फ़ैसले को संवैधानिक रूप से बरकरार रखा है. यह जम्मू, कश्मीर और लद्दाख में हमारी बहनों और भाइयों के लिए आशा, प्रगति और एकता की एक शानदार घोषणा है. 5 अगस्त 2019 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आर्टिकल 370 को हटाने का दूरदर्शी फ़ैसला किया. तब से जम्मू कश्मीर में शांति और सामान्य स्थिति बहाल हुई है. डॉ. शाहिद अख्तर ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला देशहित में है। साथ ही जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के समग्र विकास पर मुहर है। उन्होंने कहा कि भारत की संप्रभुता, एकता और अखण्डता को बनाए रखने के लिए जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने का ऐतिहासिक निर्णय प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में गृहमंत्री अमित शाह द्वारा लिया गया। इस निर्णय को उच्चतम न्यायालय ने भी सही ठहराया। इस निर्णय से आमजनों में प्रसन्नता है।

### सीबीआई कोर्ट ने 100 करोड़ घोटाले के आरोपित संजय तिवारी को जमानत देने से किया इंकार

**रांची :** मिड-डे-मील योजना में 100 करोड़ रुपये घोटाला करने के आरोपित संजय तिवारी को रांची सीबीआई कोर्ट से राहत नहीं मिली है। रांची सीबीआई कोर्ट ने मंगलवार को उसकी जमानत याचिका पर फैसला सुना दिया है। अदालत ने संजय तिवारी की याचिका को खारिज करते हुए उसे बेल देने से इनकार कर दिया है। मिड-डे-मील के करीब 100 करोड़ रुपये एसबीआई धुर्वा ब्रांच से भानू कंस्ट्रक्शन के 34 खातों में अवैध तरीके से स्थानांतरित कर दिये गये थे। इसे लेकर पहले धुर्वा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। बाद में मामले की जांच सीबीआई ने अपने हाथ ले ली।

## सामूहिक दुष्कर्म के तीन दोषियों को 20-20 साल की सजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची सिविल कोर्ट ने मंगलवार को 15 वर्षीय नाबालिग छात्रा को अगवा कर सामूहिक दुष्कर्म करने के तीनों दोषियों को 20-20 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

रांची पॉक्सो की विशेष अदालत ने सोहन कुमार, इरशाद अंसारी और कुदुस अंसारी को सात दिसंबर को दोषी करार दिया था। अदालत ने दोषियों को 20-20 हजार का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माने की राशि पीड़िता को दी जाएगी। दोषी सोहन कुमार नाबालिग छात्रा से एकतरफा प्यार करता था। जनवरी 2022 में पीड़िता जब अपनी दो सहालियों संग मॉर्निंग वॉक पर निकली थी, तभी एक कार में सवार तीनों दोषियों ने पीड़िता को जोर-जबरदस्ती से कार में बैठकर अपहरण कर लिया और सुनसान जगह पर ले जाकर सभी ने बारी-बारी से दुष्कर्म किया।

एक आरोपित का मोबाइल गिर जाने पर गाड़ी रोकी गई। तभी पीड़िता आरोपितों के चुंगल से बचकर भाग निकली और घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी, जिसके बाद चान्हो थाना में प्राथमिक की दर्ज कराई गई।

### सामुहिक विवाह के सफल आयोजन पर सम्मान समारोह आयोजित

# विकास कुमार माली ने रच दिया इतिहास : इरफान अंसारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** स्थानीय गरीब नवाज शू स्टोर के संचालक इरफान अंसारी द्वारा कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के बैनर तले आयोजित 101 कन्याओं की सामूहिक विवाह संपन्न होने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान सोसाइटी के सचिव को पुष्प माला शॉल आदि उपहार स्वरूप सम्मान देकर सम्मानित किया गया। मौके पर इरफान अंसारी ने कहा कि कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के सचिव विकास कुमार माली के द्वारा जो यह कदम उठाया गया काफी सराहनीय है। हम लोग नहीं समझ सके थे कि विकास कुमार माली जैसे नवयुवक इतना बड़ा आयोजन कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि उनकी मेहनत और लगन आज उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि शुरू से ही विकास कुमार माली काफी मेहनती थे। सोसाइटी के द्वारा किया जा रहा इस तरह का कार्यक्रम पूरे झारखंड में पहली बार हुआ है। अगर अगले बार इस तरह का कार्यक्रम का आयोजन कराया जायेगा तो गरीब नवाज शू स्टोर सहित मुस्लिम समुदाय के लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। इस दौरान उमर नूरानी ने कहा कि विकास कुमार माली पहले तो बिहार के विभिन्न जिलों में कार्यक्रम का आयोजन करते थे। लेकिन पहली बार झारखंड के इस गढ़वा के जमीन पर एक साथ 101 कन्याओं की सामूहिक विवाह करना गढ़वा वासियों के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि सोसाइटी को अगर सहयोग मिलेगा तो आने वाले कुछ महीनो के अंदर पुनः 11 कन्याओं का सामूहिक विवाह कराया जाएगा। इस अवसर पर कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के सह सचिव हसीबुल्लाह अंसारी, जिला प्रबंधक अयूब खान, आसिफ खान, विभूति पांडेय, अमानत खान, टिंकू तिवारी, रंजीत कुमार, मौलाना संजर अंसारी, आसिफ राजा, नबाब अली, हाफिज मो इरफान, हाफिज नूर आलम, अंसार अली आदि उपस्थित थे।



# चैनपुर-नेउरा रोड तत्काल बने वरना देंगे धरना : प्रथम महापौर

*** महात्मा गांधी मार्ग का हो चौड़ीकरण व ताड़ का पेड़ हटवाए प्रशासन**





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने पीडब्लूडी रोड डिविजन को एक पत्र लिखकर कहा कि शहर के कई अहम रोड जो पीडब्लूडी के अधीन है उसको न आपका विभाग बना रहा और न ही निगम को बनाने की अनुमति मिल रहा है। जिससे कई सारी असुविधाएं हो रही है। प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि मेरे कार्यकाल में ही मैं रेडमा चौक से डॉ राजेंद्र प्रसाद चौक, पुलिस स्टेडियम,बीसफुटा पुल होते रेडमा चौक तक जो शहर का वीआईपी एवं व्यस्ततम रोड है। बोर्ड द्वारा शहरी रिंग रोड घोषित करते हुए चौड़ीकरण का एस्टीमेट बनवाई थी। पैसा भी उपलब्ध था। दूसरा, चैनपुर थाना से लेकर निगम बॉर्डर तक रोड बनाने का प्रस्ताव तैयार कराई थी। जिसे पीडब्लूडी रोड डिविजन द्वारा दोनों मार्ग को यह कहते हुए रोक दिया गया कि यह मार्ग हमारा है। इसे मैं बनाऊंगा। एक वर्ष बीतने के बाद भी ना अब तक पीडब्लूडी डिविजन द्वारा इन रोडो को बनाया जा रहा है। ना ही निगम को बनाने की स्वीकृति दे रहा है। जो दुखद है। मैं एक बार फिर पीडब्लूडी रोड डिविजन एवं उपायुक्त पलामू से अनुरोध करूंगी कि दोनों मार्ग अहम है। एक शहर का लाइफ लाइन है। दूसरा उभरता शहर चैनपुर शाहपुर का लाइफ लाइन। इन दोनों मार्गो को यथाशीघ्र बनाया जाना चाहिए। प्रथम महापौर ने कहा कि चैनपुर थाना से लेकर नेउरा तक रोड इतना खराब हो चुका है कि जहां गाड़ी तो दूर मोटरसाइकिल से चलना भी मुश्किल हो रहा है। दूसरा रेडमा चौक से डॉ राजेंद्र प्रसाद चौक तक जो महात्मा गांधी मार्ग है, कम से कम इतनी दूरी का भी चौड़ीकरण करना अति आवश्यक है। अगर इन दोनों मार्ग पर प्रशासन ध्यान नहीं देगी तो किसी दिन बड़ी दुर्घटना को तैयार रहे प्रशासन। महापौर ने कहा कि महात्मा गांधी मार्ग में रोड के बीचो-बीच एक ताड़ का पेड़ है, जो हमेशा दुर्घटना को आमंत्रित कर रहा है। जिसकी जानकारी प्रशासन को भी है। प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि प्रशासन अगर इस पर जल्द निर्णय नहीं लेगा तो मैं जल्द चैनपुर शाहपुर के भाइयों के साथ रोड पर खुद धरने पर बैठूंगी।

### 285 लाख टन पहुंचा देश में उर्वरक उत्पादन : मांडविया

**नई दिल्ली :** केन्द्र सरकार ने कहा है कि देश में उर्वरक उत्पादन में वृद्धि हुई है और किसानों को रियायती दरों पर उर्वरक उपलब्ध कराए जा रहे हैं। रसायन और उर्वरक मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को राज्यसभा में पूछे गये एक सवाल के जवाब में बताया कि अभी नैनो यूरिया के नौ संयंत्र देशभर में काम कर रहे हैं। सरकार वर्ष 2025 तक 13 और संयंत्र शुरू करेगी। इन संयंत्रों के माध्यम से नैनो यूरिया के उत्पादन को और अधिक बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम दुनिया के पहले देश हैं, जिसने सबसे पहले नैनो यूरिया बनाया है। नैनो यूरिया की 500 एमएल की एक बोतल यूरिया के एक बैग को रिप्लेस कर रही है। इससे किसानों की मेहनत और लागत दोनों कम हुई है। मनसुख ने कहा कि उर्वरक क्षेत्र में हम मजबूत हुए हैं लेकिन अभी हमें लगभग 200 लाख टन यूरिया का आयात करना पड़ता है।

### झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र 15 दिसंबर से, गूंजेगा सांसद धीरज साहू का प्रकरण

## 14 को भाजपा विधायक दल की होगी बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र 15 दिसंबर से शुरू हो रहा है। सदन की कार्यवाही शांतिपूर्ण संचालित करने के लिए जहां एक तरफ तैयारी पूरी की जा रही है। दूसरी ओर विपक्ष की ओर से सत्ता पक्ष को घेरने की तैयारी की गई है। इस शीतकालीन सत्र में छह कार्यदिवस होंगे, जिसमें सरकार की ओर से कई बिल भी सदन के पटल पर लाने की तैयारी की गई है। विधानसभाध्यक्ष ने 14 दिसंबर को शीतकालीन सत्र को लेकर हाई लेवल बैठक बुलाई है, जिसमें सदन की कार्यवाही को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेताओं के साथ-साथ राज्य के आला अधिकारी मौजूद रहेंगे। यह पहला मौका होगा जब नेता प्रतिपक्ष भी पंचम विधानसभा के इस सत्र के बैठक में मौजूद रहेंगे। शीतकालीन सत्र के दौरान सरकार को घेरने की तैयारी में जुटी प्रमुख विपक्षी दल भाजपा ने अपने विधायक दल की बैठक 14 दिसंबर को शाम सात बजे बुलाई है। इस बैठक में पार्टी द्वारा रणनीति बनाई जायेगी।जानकारी के मुताबिक शीतकालीन सत्र में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा कांग्रेस सांसद धीरज साहू के घर आईटी रेड में मिले भारी भरकम राशि का मुद्दा भी सदन में उठाया जायेगा।

भाजपा लगातार इस मामले में सांसद धीरज साहू पर कार्रवाई करने की मांग कर रही है और इस बहाने कांग्रेस पर हमला बोलने में जुटी है। भाजपा प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय नेकहा कि आईटी की कार्रवाई के दौरान जिस तरह से कैश बरामद हुए हैं उससे साफ जाहिर होता है कि यह एक बड़ा मुद्दा है जिसे पार्टी प्रमुखता से रखने का प्रयास करेगी। इसके अलावा विपक्ष के द्वारा सरकार को भ्रष्टाचार, जनता से वादा खिलाफी सहित ऐसे कई मुद्दों पर घेरने की तैयारी की जा रही है। इन सब के बीच सत्ता पक्ष की ओर से भी विपक्ष के हमले का माकूल जवाब देने के लिए तैयार रहने को कहा गया है।14 दिसंबर देर शाम सत्तारुढ दल के विधायक दल की बैठक होगी। मुख्यमंत्री आवास पर होने वाली इस बैठक में विपक्ष की रणनीति को सफल करने के लिए पूरी तैयारी की जाएगी और सदन में आने वाले सवाल का जवाब देने के लिए मंत्रियों को विशेष रुप से टास्क दिया जायेगा।

## बेहतर झारखंड बनाने के लिए सबकी भागीदारी सुनिश्चित करेगी आजसू : देवशरण भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. देवशरण भगत ने कहा कि केंद्रीय महाधिवेशन आजसू पार्टी की सर्वोच्च बॉडी है, जहां नीतियां बनती है, भावी कार्यक्रम बनते हैं, संविधान में संशोधन किया जाता है और संगठन के केंद्रीय समिति और केंद्रीय पदाधिकारी को नया दायित्व दिया जाता है।

बेहतर झारखंड बनाने के लिए सबकी भागीदारी सुनिश्चित आजसू पार्टी करेगी। डॉ. देवशरण भगत हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 29, 30 सितंबर और एक अक्टूबर को रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित तीन दिवसीय पार्टी के केंद्रीय महाधिवेशन समापन हुआ था। इसमें गांव,पंचायत, प्रखंड, जिला एवं केंदीय पदाधिकारी के साथ-साथ राज्य के आम नागरिक, विशेषज्ञ, बुद्धिजीवी, देश-विदेश से अपने विचारों एवं अनुभवों को झारखंड के हित के लिए एक मंच में रखा। पार्टी ने केंद्रीय महाधिवेशन को सिर्फ पार्टी का महाधिवेशन नहीं, बल्कि आम जनमानस को एक वैचारिक मंच देने का काम किया था। उन्होंने कहा कि पहली बार गांव से लेकर देश विदेश तक के लोग महाधिवेशन में भाग लिए। यह ऐतिहासिक महाधिवेशन था। इसी क्रम में संगठन के केंद्रीय समिति के सदस्यों की घोषणा केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के अनुमोदन के बाद कि गई। केंद्रीय महाधिवेशन में लिए गए निर्णय के अनुसार केंद्रीय समिति में 50 प्रतिशत युवा, 30 प्रतिशत महिला के साथ सभी जाति, धर्म, क्षेत्र का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने का निर्णय लिया। इसी क्रम में आज राज्य के सभी 24 जिलों से कुल 498 केंद्रीय समिति के सदस्यों के नामों की घोषणा की गई। कल केंद्रीय पदाधिकारियों की घोषणा की जाएगी। पार्टी के केंद्रीय समिति में प्रदेश का चेहरा नेतृत्व के रूप में दिखाई देगा। राज्य में परिवर्तन की लड़ाई में युवाओं को आगे आना होगा।

### सुक्खू मंत्रिमंडल के पहले विस्तार में दो मंत्री शामिल, राज्यपाल ने दिलाई शपथ

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने एक साल बाद पहली बार अपनी सरकार के मंत्रिमंडल का विस्तार किया है। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने राजेश धर्माणी और यादवेंद्र गोमा को कैबिनेट मंत्री पद की शपथ दिलाई। दोनों नेता इंजीनियरिंग बैकग्राउंड के हैं। दोनों बीटेक और एमबीए की डिग्रीधारक हैं। मंगलवार अपरान्ह राजभवन में आयोजित सादे समारोह में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने बिलासपुर जिला के घुमारवीं से राजेश धर्माणी और कांगड़ा जिला के जयसिंहपुर से यादवेंद्र गोमा को कैबिनेट मंत्री पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। नए मंत्रियों में सबसे पहले राजेश धर्मानी और उसके बाद यादवेंद्र गोमा ने शपथ ली। सुक्खू कैबिनेट में अब नौ मंत्री हो गए हैं। मंत्री का एक पद अब भी खाली है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू व उनके कैबिनेट सहयोगियों समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# झारखंड के विकास को बाधित करना चाहती है केंद्र सरकार : मिथिलेश ठाकुर

*** भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री सहित 50 से अधिक लोग झामुमो में शामिल**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** भाजपा महिला मोर्चा के पूर्व जिला महामंत्री गिरजा देवी सहित पार्टी छोड़कर पेसका के 50 से अधिक लोग झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गए हैं। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर सभी ने झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण की। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को पार्टी का पट्टा पहना कर और मिठाई खिलाकर पार्टी में शामिल करते हुए उनका स्वागत किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा जिला सहित पूरे राज्य में काफी तेज गति से चौतरफा विकास हो रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंडियों की जनभावनाओं, उनकी समस्याओं एवं जरूरतों को अच्छी तरह से समझते हैं। राज्य की बेहतरी एवं जनता की हर जरूरत को ध्यान में रखकर आज पूरे राज्य में बेहतर विकास कार्य किया जा रहा है। इन्हीं कार्यो से प्रभावित होकर काफी संख्या में लोग दूसरे दलों को छोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में हो रहे बेहतर विकास कार्य एवं पूरे राज्य में झामुमो की ओर जनता की बढ़ रहे रुझान से भाजपा घबरा गई है। वह अपनी पूरी ताकत लगाकर राज्य के विकास को बाधित करने एवं हेमंत सरकार को अस्थिर करने का हर हथकंडा अपना रही है। परंतु जनता विपक्ष के इस मंसूबे को कभी कामयाब नहीं होने देगी। पार्टी में शामिल होने वाले भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री गिरजा देवी, मदन कुमार भुइयां आदि ने कहा कि वे लोग लंबे समय से भाजपा में रहे हैं। झारखंड में सर्वाधिक समय तक भाजपा की सरकार रही है। फिर भी आज तक जो विकास कार्य होना चाहिए था वह नहीं हो पाया। गढ़वा पूरी तरह से विकास के मामले में उपेक्षित रहा है। परंतु हेमंत सोरेन की सरकार बनने के बाद मंत्री मिथिलेश ठाकुर के नेतृत्व में गढ़वा में जो विकास कार्य किया जा रहा है यह बहुत ही सराहनीय है। उनके कार्यों से प्रभावित होकर सभी लोग झामुमो में शामिल हुए हैं। मंत्री श्री ठाकुर के नेतृत्व में आज संपूर्ण गढ़वा में चप्पा चप्पा पर विकास की नई इबादत लिखी दिख रही है। पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से उक्त सहित फूल कुमारी देवी, चंदन दुबे, योगेंद्र पासवान, सत्यदेव यादव, रवि शंकर चंद्रवंशी, प्रिंस चंद्रवंशी, दीपक कुमार साव, विनय यादव, राहुल साव, इनय साव, कन्हाई साव, तौसीफ अंसारी, आदिल चंद्रवंशी, निकेश कुमार साव, मणि कुमार, सराज अंसारी, गुरफान अंसारी आदि का नाम शामिल है। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, दिलीप गुप्ता सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।